आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 138 | उज्जैन, बुधवार 03 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 3 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पहलगाम के आतंकियों के मोबाइल कराची-लाहौर में डिलीवर हुए थे


**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नया खुलासा किया है। एनआईए के मुताबिक हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से दो मोबाइल रेडमी 9टी (ऑरेंज) और दूसरा रेडमी नोट 12 (ब्लैक) बरामद हुए थे। एनआईए के मुताबिक दोनों फोन की जानकारी निकाली गई। इसमें सामने आया कि मोबाइल चीन की कंपनी श्योमी की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचाए गए थे। कराची की कंपनी टेक सिरत प्रा.लि. ने इन्हें इम्पोर्ट कराकर कराची और लाहौर के पतों पर डिलीवर कराया था। एनआईए ने बताया कि आतंकियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में हमले की प्लानिंग पहले से कर रखी थी।

### बंगाल में टीएमसी तोड़ सकते हैं निकाले गए विधायक, बोले- हम असली तृणमूल

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस दो गुटों में बंट सकती है। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया कि 80 में से 50 से ज्यादा विधायक खुद को असली तृणमूल बताने की तैयारी कर रहे हैं। रिजू ने दावा किया है कि आज ये सभी विधायक विधानसभा स्पीकर के पास जाएंगे और तीन मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋतब्रत होंगे, न कि शोभनदेव। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए। बंगाल में टीएमसी के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं।

फिल्म काला हिरण को लेकर

### सलमान ने भेजा लीगल नोटिस




फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को रोकने की मांग, 20 जून को आना था टीजर

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'काला हिरण' को लेकर सलमान खान की ओर से लीगल नोटिस भेजा गया है। ऐसा दावा न्यूज18 ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि सलमान की ओर से लॉ फर्म डीएसके लीगल ने कास्टिंग डायरेक्टर अक्षय पांडे को एक लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में 'काला हिरण' नाम की प्रस्तावित फिल्म के प्रोडक्शन और प्रमोशन को तुरंत रोकने की मांग की गई है। 24 अप्रैल 2026 को भेजे गए इस नोटिस में कहा गया है कि यह फिल्म कथित तौर पर सलमान खान के काला हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। सलमान की लीगल टीम का दावा है कि इस फिल्म से उनकी इमेज को नुकसान पहुंच सकता है, चल रही लीगल प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और उनके पर्सनल राइट्स का उल्लंघन हो सकता है। सलमान की लीगल टीम का कहना है कि एक्टर ने अपने नाम, पहचान या उनसे जुड़े किसी भी कथित घटनाक्रम के इस्तेमाल की कोई अनुमति नहीं दी है। बता दें कि सलमान से जुड़े काला हिरण शिकार मामले पर आधारित फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया था। वहीं कहा गया था कि फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा। हालांकि, यह जानकारी सामने नहीं आई थी कि इसमें कौन लीड रोल में है। वहीं, इसके पोस्टर में जो एक्टर दिखा है, वह जाना-पहचाना नहीं है।

### सिलेंडर फटने से मकान गिरा 6 लोग मलबे से निकाले गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में मंगलवार 2 जून की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। भलस्वा डेरी के पास स्थित मुकुंदपुर-2 के ईशु विहार में एक मकान में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट होने के बाद पूरा घर ढह गया। हादसे के समय मकान में मौजूद कई लोगों के मलबे में दब जाने की आशंका जताई गई, जिसके बाद पुलिस, दमकल विभाग और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार, सुबह 9.37 बजे मुकुंदपुर-2 के ईशु विहार, गली नंबर-1 से धमाके और मकान गिरने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर 6 लोगों को बाहर निकाला गया।

### यूएसए में 30 भारतीय ट्रक चालक गिरफ्तार, जल्द हो सकता है डिपोर्टेशन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी कमर्शियल ट्रक ड्राइवर के रूप में काम कर रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि इनके खिलाफ संघीय आव्रजन कानूनों के तहत कार्रवाई की जा रही है और इन्हें जल्द ही डिपोर्ट किया जा सकता है। अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन के अनुसार, 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए ऑपरेशन चेकमेट के तहत कुल 52 लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें 36 लोग सेमी-ट्रक (ट्रेलर ट्रक) चलाते हुए पाए गए। सीबीपी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए 36 ट्रक चालकों में 30 भारतीय नागरिक हैं, जबकि शेष चालक मेक्सिको, अल सल्वाडोर और रूस के नागरिक हैं।

पचमढ़ी से भी ठंडा श्योपुर, पारा 9.6 डिग्री लुढ़का: रात का तापमान 15.4 डिग्री

# नीमच में आंधी से छत गिरने से मां और बेटे की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/नीमच

नौतपा में 24 घंटे के दौरान मध्य प्रदेश के आधे हिस्से में आंधी, बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। बारिश के चलते दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।



सबसे ज्यादा असर श्योपुर में देखने को मिला। यहां एक ही रात में तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी कम रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, सतना में करीब एक इंच, बैतूल में पौन इंच और श्योपुर में आधा इंच से अधिक बारिश हुई। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, गुना, दतिया, नर्मदापुरम, शिवपुरी, सीहोर, देवास, मंदसौर, धार, खंडवा और हरदा समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं का असर रहा। बारिश के कारण रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। भोपाल में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री, इंदौर में 22.1 डिग्री, उज्जैन में 21 डिग्री, ग्वालियर में 25.4 डिग्री और जबलपुर में 26.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आई इस नरमी से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

### पीड़ित परिवार को 9 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

सोमवार को तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश में एक पुराने मकान की पत्थर की छत गिरने से उसमें रहने वाले मां बेटे की दबने से दुःखद मौत हो गई। जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार एसडीएम जावद द्वारा गत रात्रि में तेज बारिश एवं तेज हवा के कारण सिंगोली में एक मकान की छत गिर जाने से उसमें दबने से मां बेटे की मृत्यु हो जाने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार के वारिस रवि पिता प्रभु लाल जैन निवासी सिंगोली को राजस्व पुस्तक परिपत्र



भाग 6/4 के तहत 9 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृति का प्रकरण तैयार किया गया है। एसडीएम श्रीमती प्रीति संघवी नाहर ने बताया कि सिंगोली में गत रात्रि में एक मकान की छत गिर जाने से मां सौसर बाई एवं बेटे निलेश की मलबे में दबने की घटना के कारण मृत्यु हो जाने पर प्रशासन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6/4 के तहत दो पीड़ितों की मृत्यु हो जाने पर 8 लाख रुपए एवं मकान क्षतिग्रस्त हो जानेपर वारिस रवि प्रभु लाल जैन को एक लाख इस तरह कुल 9 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की जा रही है। हालांकि इस हादसे में मां बेटे की दुःखद मौत से एक परिवार और उसका दीपक बुझ गया।

बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष के सामने बच्चों ने की गंभीर शिकायत

# अधीक्षक परस्ते को बदला, होमगार्ड जवान भी बदले

### नाराज आयोग अध्यक्ष पौधारोपण किए बगैर ही लौटीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के मालनवासा स्थित बाल संप्रेषण गृह में चल रही गंभीर अनियमितताओं और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार का बड़ा मामला उजागर हुआ है। उज्जैन प्रवास पर आईं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा के औचक निरीक्षण के दौरान संस्थान के बच्चों ने उनके सामने शिकायत की थी। इसके बाद संप्रेषण गृह के प्रभारी अधीक्षक प्रतापसिंह परस्ते एवं होमगार्ड के चार जवानों को हटा दिया गया है।




दो दिवसीय प्रवास पर आई अध्यक्ष दुसरे दिन मंगलवार को संप्रेषण गृह पहुंची थी । यहां उन्हें पौधारोपण भी करना था। उससे पूर्व वे बच्चों से रूबरू हुई थी। यहां बच्चों ने उनके सामने हालात बयां किए थे। व्यवस्थाओं और स्टाफ के रवैये से नाराज होकर अध्यक्ष बगैर पौधारोपण किए ही बैरंग लौट गईं। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी को तत्काल कमियां दूर करने और दोषियों पर कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए उसके बाद बाल संप्रेषण गृह के प्रभारी अधीक्षक पर तत्काल एक्शन लेते हुए उन्हें हटा दिया गया। बकौल त्रिपाठी आयोग अध्यक्ष के निर्देशानुसार तत्काल ही संप्रेषण गृह प्रभारी अधीक्षक परस्ते को तत्काल हटाते हुए उन्हें मूल पद बाल गृह भेज दिया गया है। उनके स्थान पर लोकेन्द्र सिंह सोलंकी को प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही होमगार्ड जवानों को हटाने के लिए जिला कंमाडेंट संतोष जाट को कहा गया था जिस पर चारों जवानों को हटा दिया गया है। आयोग अध्यक्ष ने खुद ही श्री जाट से चर्चा की थी। पूर्व में ही हमारे द्वारा होमगार्ड जवानों को हटाने एवं रोस्टर से जवान भेजे जाने के लिए लिखा गया था। इस बारे में होमगार्ड के जिला कंमाडेंट संतोष जाट का कहना था कि दो जवानों को तब्दील किया गया है।

- शिकायत में सामने आया था कि संप्रेषण गृह में बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। संस्थान के अधीक्षक प्रताप सिंह परस्ते की मौजूदगी में यह पूरा घटनाक्रम चल रहा है, जिससे प्रबंधन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।
- बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा की नाराजगी के बाद अब महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

## गुजरात में दो बसें टकराईं, 7 की मौत

### 10 से ज्यादा घायलों में कईयों की हालत गंभीर

एजेंसी ▸▸ सूरत

गुजरात में सूरत जिले के बारडोली के पास मंगलवार दोपहर को दो बसें टकरा गईं। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हो गए। टक्कर के बाद एक बस के पलटते ही उसमें आग लग गई थी। इसके चलते कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड, मेडिकल और रेस्क्यू टीमें पहुंच गई हैं।

दोनों बसें महाराष्ट्र पासिंग की हैं। हादसा सड़क पर पलटे एक टैंकर को बचाने की कोशिश के दौरान हुआ। टैंकर की टक्कर से बचाने की कोशिश में एक बस ड्राइवर का स्टीयरिंग पर कंट्रोल



नहीं रहा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई।

दोनों ही बसें स्पीड में थीं। इनमें एक बस में सड़क किनारे पलटते ही आग लग गई। सभी घायलों को बारडोली के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है।

## प्रदेश में न्याय व्यवस्था का डिजिटल शुरू होने की तैयारी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश न्यायिक और प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाने की तैयारी में है। प्रदेश में इलेक्ट्रानिक रिकॉर्ड्स रूल्स-2026 को लागू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। नियमों को अधिसूचित किए जाने के बाद मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन सकता है, जहां डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण, संरक्षण, प्रमाणीकरण और न्यायालय में प्रस्तुतिकरण की संपूर्ण व्यवस्था स्पष्ट कानूनी ढांचे के तहत संचालित होगी। इस पहल को न्याय व्यवस्था के डिजिटल युग में प्रवेश का महत्वपूर्ण अध्याय माना जा रहा है, क्योंकि अब अदालतों में केवल दस्तावेज और गवाह ही नहीं, बल्कि डेटा भी सच्चाई का महत्वपूर्ण साक्ष्य बनेगा।

तकनीकी क्रांति के इस दौर में अपराध, लेन-देन, संवाद और सामाजिक गतिविधियों का बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यमों पर स्थानांतरित हो चुका है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ई-मेल, सीसीटीवी कैमरे, ऑनलाइन बैंकिंग और विभिन्न डिजिटल उपकरण आज घटनाओं के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गवाह बन चुके हैं। ऐसे में न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत होने वाले साक्ष्यों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है।

## ट्विशा मौत केस में पति और सास को जेल भेजा

### सीबीआई ने नहीं मांगी रिमांड; गिरिबाला का आरोप- ट्विशा के वकील ने बेटे समर्थ से मारपीट की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

सीबीआई की विशेष अदालत ने ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह और सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सीबीआई ने दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड नहीं मांगी, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 16 जून तक भोपाल सेंट्रल जेल भेजने का आदेश दिया। दोनों को अन्य कैदियों से अलग रखा जाएगा।

इससे पहले भोपाल के ट्विशा शर्मा डेथ केस में रिमांड खत्म होने के बाद मंगलवार को गिरिबाला और समर्थ को सीबीआई ने सीजेएम कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट रूम के अंदर दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस हुई।

सुनवाई के दौरान गिरिबाला ने आरोप लगाया कि ट्विशा के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने जबलपुर कोर्ट में उनके बेटे समर्थ



के साथ मारपीट की। इस पर अनुराग श्रीवास्तव ने जवाब देते हुए कहा कि जबलपुर कोर्ट में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। अगर ऐसा हुआ है तो कोर्ट की फुटेज निकलवा कर जांच कर ली जाए।

अनुराग श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि समर्थ को बताना चाहिए कि वह जबलपुर कोर्ट में कहां छिपे थे। उन्होंने कहा कि कोर्ट भी इस सवाल का जवाब देगा।

मामले की जांच के दौरान आरोपी समर्थ और उसकी मां, पूर्व जज गिरिबाला सिंह ने अपने ऊपर लगे मारपीट और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपों को खारिज किया है। दोनों का कहना है कि ट्विशा के साथ उनके संबंध सामान्य थे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट के अहम फैसले

## छात्रों को अब सिली-सिलाई ड्रेस मिलेगी

### 46.80 लाख लोगों को जमीन की रजिस्ट्री कराकर देगी सरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश के लाखों परिवारों को उनकी आबादी वाली जमीन के रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज देने और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को तैयार सिलाई की हुई यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन और सैटेलाइट सर्वे के जरिए आबादी क्षेत्र में बसे लोगों की संपत्तियों का चिह्नांकन किया गया था। इसके बाद उन्हें स्वामित्व पत्र दिए गए थे। अब सरकार इन संपत्तियों की रजिस्ट्री कराकर पंजीकृत दस्तावेज भी उपलब्ध कराएगी।



प्रदेश के 55 जिलों में 48.80 लाख निजी संपत्तियां और करीब 19 लाख सरकारी संपत्तियां चिह्नित की गई हैं। रजिस्ट्री की प्रक्रिया में लगने वाला पंचायत उपकर और पंजीयन शुल्क सरकार स्वयं वहन करेगी। इस पर करीब 3800 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

#### अब तक खातों में भेजे जाते थे रुपए

- कैबिनेट ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों को तैयार यूनिफॉर्म देने का फैसला किया है। अभी तक विद्यार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 600 रुपए भेजे जाते थे, लेकिन शिकायतों के बाद व्यवस्था में बदलाव किया गया है।
- नई व्यवस्था के तहत टेंडर के जरिए कपड़ा खरीदा जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यूनिफॉर्म सिलवाकर उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार इससे पहले साइकिल वितरण व्यवस्था में भी बदलाव कर चुकी है।

#### गेहूं खरीदी और यूसीसी पर भी चर्चा

बैठक में गेहूं खरीदी की समीक्षा करते हुए बताया गया कि इस वर्ष देश में सबसे अधिक गेहूं खरीदी मध्य प्रदेश में हुई है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर भी चर्चा हुई। सरकार ने बताया कि सुझाव लेने की प्रक्रिया 30 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी।

विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

# अब 180 दिन पूरे होने से पहले रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे, ऑनलाइन अपील का भी ऑप्शन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी।

नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

पहले भारत में 180 दिन पूरे होने के बाद विदेशी नागरिकों को 14 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराना होता था। सरकार ने यह भी कहा है कि तय समय निकलने के बाद रजिस्ट्रेशन सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही किया जाएगा। पहली बार ऑनलाइन अपील की व्यवस्था जोड़ी गई है। किसी आदेश से प्रभावित व्यक्ति अब ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आयुक्त के पास ऑनलाइन अपील कर सकेगा।



आदेश मिलने के 30 दिन के भीतर अपील करनी होगी। आयुक्त को संबंधित पक्ष की सुनवाई के बाद फैसला देना होगा। 60 दिन के भीतर मामले का निपटारा करने की कोशिश करना होगा।

#### बच्चों की नागरिकता से जुड़े नियम भी बदले


अगर माता-पिता में से कोई एक भारतीय नागरिक है और बच्चे की भारतीय नागरिकता बनाए रखना चाहता है, तो बच्चे पर विदेशी नागरिकों के रजिस्ट्रेशन वाले नियम लागू नहीं होंगे।
वहीं, भारत में रह रहा कोई बच्चा किसी दूसरे देश की नागरिकता हासिल करता है, तो उसके माता-पिता को 30 दिन के भीतर इसकी जानकारी रजिस्ट्रेशन अधिकारी को देनी होगी। इसके अलावा कुछ मामलों में सूचना देने की समय-सीमा 24 घंटे तय की गई है।

#### 2025 में पास हुआ था कानून

संसद ने मार्च 2025 में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025 पास किया था। इस कानून ने पासपोर्ट एक्ट 1920, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट 1939, फॉरेनर्स एक्ट 1946 और इमिग्रेशन एक्ट 2000 समेत कई पुराने कानूनों के प्रावधानों को एक ढांचे में समेटा गया। कानून के तहत यदि कोई गैर कानूनी तरीके से किसी विदेशी को देश में लाता, ठहराता या बसाता है, तो उसे 3 साल जेल या 2 से 5 लाख रुपए का जुमार्ना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। भारत में आने के लिए किसी भी विदेशी के पास 'वैध पासपोर्ट और वीजा' होना अनिवार्य होगा।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## मानों बारिश से डरकर बिजली फरार हो गई

मानसून के पहले सभी अपनी-अपनी तैयारी करते हैं। आम भारतीय की यह स्थिति आज से नहीं सदियों से हैं। ग्रामीण अपने कच्चे मकानों के कवेलू, तुवर की झाड़ियों को छतों पर व्यवस्थित करते रहे हैं। अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिकांश मकान पक्के हो गए हैं। सभी की तैयारियों में हमारे बिजली विभाग की तैयारी प्रि मानसून के सामने देखकर ऐसा लगा जैसे बारिश से डरकर बिजली ऐसे फरार हुई हो जैसे वर्दी देखकर चोर फरार होता है और उसके बाद ईनाम रखे जाने पर ही पकड में आता है अन्यथा बगैर इनाम के तो वो मिस्टर इंडिया बन जाता है।





ऐसे ही बिजली गायब हो गई। पूरे 4-5 माह तक संधारण के नाम पर कभी तार ढीले किए गए और कभी कस दिए गए। संधारण की कटौती भरी गर्मी में की गई। शहरों में तो ठीक ग्रामीण क्षेत्रों में तार जमीन पर झूलते रहे। कभी डीपी में फाल्ट तो कभी लाईन में बताया गया। आधी-आधी रात को भी कई-कई कारणों के साथ बिजली बंद की गई। जमकर संधारण किया गया। अब उस संधारण की परीक्षा का दौर शुरू हुआ तो पहली बारिश एवं आंधी में ही सब कुछ स्वाहा होता नजर आया। प्री-मानसून की पहली तेज हवा एवं बारिश में ही बिजली ऐसी फरार हुई की घंटों ढंढने के बाद भी लापता रही। इस बीच शहर की सड़कों से गंदगी साफ हो गई। धराशायी वृक्ष एवं टहनियां हटा ली गई लेकिन बिजली का पता न तो मुखबिर बता पा रहे थे ना मोबाइल लोकेशन ही मिल पा रही थी। अंततः पता भी लगा तो दो-चार बार तो झलक दिखला जा जैसी स्थिति रही। खुसूर-फुसूर है कि दुरूस्तीकरण के पूर्ण उपचार के बाद भी अगर ऐसी स्थिति है तो फिर तो आमूलचूल परिवर्तन के हालात हैं। ऐसे में महाआयोजन की तैयारी का अंदाजा भी लगता है। यही स्थिति बनी रही तो मानसून शहर के निवासियों को कैसे हालातों में निकालना होगा यह विचारणीय है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो फिर मुद्दा विचार से परे ही कहा जा सकता है।

## न्यूज कॉलम

### सोयाबीन के बीज की किल्लत, किसान परेशान



**उज्जैन।** गत वर्ष सोयाबीन के चमकते भाव को लेकर किसानों में खुशी थी। मगर अब अगली फसल के लिए सोयाबीन के बीज की किल्लत को लेकर किसान खासे परेशान हैं। बाजार में अप्रमाणिक बीज धड़ल्ले से बिक रहा है। प्रमाणिक बीज के भाव 11000 रुपये क्विंटल तक पहुंच गए हैं। इस दौरान जिले के बीज निगम पर भी ताले लग गए हैं। अब तक किसानों के लिए बीज निगम का प्रमाणिक बीज बहुत बड़ा सहारा बन जाया करता था। अब किसान सरकारी बीज संस्था तथा बीज कंपनियों के भरोसे ही सोयाबीन की बोवनी कर पाएगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जिले में बीज की किल्लत नहीं है।

### 700 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट पर उठाए सवाल

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित 700 करोड़ रुपए के सीवरेज और जलापूर्ति प्रोजेक्ट को लेकर नगर निगम में विवाद बढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने महापौर मुकेश टटवाल पर आरोप लगाया कि एमआईसी को पूरी जानकारी दिए बिना प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया। राय के अनुसार एमआईसी सदस्यों को केवल प्रेजेंटेशन दिखाया गया और विस्तृत ब्योरा साझा नहीं किया गया। राय ने कहा कि जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा और एमआईसी सदस्य रजत मेहता ने भी योजना की जानकारी न होने की बात कही है। उन्होंने मांग की कि प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन निगम परिषद के सामने रखा जाए और निर्णय प्रक्रिया स्पष्ट की जाए। राय ने परियोजना को लैंड पूलिंग एक्ट के बदले हुए स्वरूप जैसा बताते हुए किसानों में नाराजगी का दावा किया। उनके मुताबिक 271 किमी सीवरेज और पेयजल लाइन नगर निगम लगाएगा, जबकि सड़क निर्माण उज्जैन विकास प्राधिकरण करेगा। इससे जवाबदेही तय करने में दिक्कत हो सकती है।

### अवैध रूप से रह रहे चार चीनी नागरिकों की जानकारी छुपाने के मामले में

# रतलाम के होटल संचालक एवं मैनेजर पर प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रतलाम के स्टेशन रोड थाना पुलिस ने अजंता पैलेस होटल के संचालक डॉ. सुभाष अग्रवाल निवासी पैलेस रोड, रतलाम तथा होटल मैनेजर शिवसिंह राठौर निवासी अजंता होटल परिसर, रतलाम द्वारा विदेशी नागरिकों की जानकारी निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रस्तुत नहीं करना पाया गया। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध आप्रवास एवं विदेशी विषयक अधिनियम, 2025 की धारा 20(1) सहपठित धारा 23(बी) के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

जांच में होटल के रजिस्टर से सामने आया कि चीन के चार नागरिक MR. Xu Hu, Mr. Zhi Guangjian,Mr. Yang Zhongfu,Mr. Liu Yan होटल में करीब एक माह तक रुके रहे, लेकिन नियमानुसार उनकी जानकारी न तो ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की गई और न ही स्थानीय पुलिस एवं एसपी कार्यालय को दी गई।

पुलिस के अनुसार, चारों विदेशी नागरिक 17 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 के बीच के होटल अजंता पैलेस में ठहरे थे। संबंधित विदेशी नागरिक बिजनेस वीजा पर भारत आए थे और मशीनरी से जुड़े कार्य के सिलसिले में रतलाम में रुके हुए थे। बाद में उनके वीजा रिकॉर्ड के आधार पर संबंधित विभाग द्वारा पुलिस मुख्यालय को जानकारी भेजी गई, जिसके बाद रतलाम पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।



- अप्रवासी एवं विदेशी विषयक अधिनियम-2025 तथा संबंधित नियमों के तहत किसी भी होटल, लॉज, धर्मशाला या निजी परिसर में विदेशी नागरिक के ठहरने की जानकारी 24 घंटे के भीतर ऑनलाइन सी-फॉर्म के माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना देनी होती है। यह व्यवस्था राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी नागरिकों की गतिविधियों की निगरानी और सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय को ध्यान में रखकर लागू की गई है।
- थाना प्रभारी स्टेशन रोड जितेंद्र पाल सिंह जादौन के अनुसार चारों चीनी नागरिक एक कंपनी के इंजीनियर थे और उसी के काम से एक उद्योग में आए थे, लेकिन होटल ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करते हुए इस संबंध में पुलिस को ऑन लाइन जानकारी समय पर नहीं देकर अपराध कारित किया है। इसी आधार पर होटल संचालक एवं मैनेजर पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### श्री महाकाल महालोक से मिली शहर के विकास को गति

# सिंहस्थ तक मिलेगी विश्व स्तरीय पहचान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर बसी हजारों वर्षों पुरानी भगवान महाकाल की नगरी उज्जयिनी (उज्जैन) आज फिर इतिहास रच रही है। कभी सम्राट विक्रमादित्य की राजधानी और भारतीय कालगणना का केंद्र रही यह नगरी अब आधुनिक भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक-आर्थिक परिवर्तन की साक्षी बन रही है। श्री महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन में केवल श्रद्धालुओं की संख्या नहीं बढ़ी, बल्कि विकास की एक ऐसी धारा प्रवाहित हुई है जिसने पूरे शहर का भूगोल, अर्थव्यवस्था और भविष्य बदल दिया है।

11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद उज्जैन का स्वरूप तेजी से बदला है। महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित परिसर ने न केवल देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित किया, बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था को भी नई गति दी। असर, मंदिर प्रबंध समिति की आय तीन गुना तक बढ़ने और होटल, ट्रांसपोर्ट, फूड एवं सेवा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश बढ़ा।

देखते ही देखते यहां अचल संपत्तियों के दाम भी आसमान छू गए। निजी निवेश बढ़ते देख मध्यप्रदेश सरकार ने भी यहां अधोसंरचना विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के नाम पर शहर में अभी लगभग 18 हजार करोड़ रुपये से विभिन्न साइट पर सड़क, पुल, फ्लाईओवर, अंडरपास, घाट, रोप-वे, यूनिटी माल, आईटी पार्क, गवर्नमेंट मेडिकल कालेज सहित कई अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उज्जैन-इंदौर मार्ग को सिक्स लेन में परिवर्तित कर दिया गया है और शहर के प्रमुख पहुंच मार्गों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से सीधे जोड़ दिया गया है।



### जल्द ही एयरपोर्ट बनाने को होगा भूमिपूजन

- उज्जैन एयरपोर्ट की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। टर्मिनल निर्माण के लिए ठेकेदार चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई जारी है। शीघ्र ही इसका भूमि पूजन होना है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद उज्जैन सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित होगा। उज्जैन अब केवल धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि औद्योगिक और तकनीकी केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।
- विक्रम उद्योगपुरी और मेडिकल डिवाइस पार्क में नई औद्योगिक इकाइयों का संचालन शुरू हो चुका है। बड़े उद्योगों की मौजूदगी के साथ यहां एक मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर आधारित हवाई सेवाएं, प्रस्तावित आईटी पार्क और आधुनिक परिवहन नेटवर्क रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। हाल ही में गठित उज्जैन-इंदौर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने इस बदलाव को नई दिशा दी है।
- यह संकेत है कि भविष्य के महानगर की परिकल्पना में उज्जैन केवल सहभागी नहीं, बल्कि केंद्रीय भूमिका में होगा। लंबे समय तक इंदौर के प्रभाव क्षेत्र के रूप में देखे जाने वाला उज्जैन अब स्वयं विकास का केंद्र बनकर उभर रहा है। राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व ने उज्जैन को नई प्राथमिकता दी है। आध्यात्मिक दृष्टि से महाकाल महालोक ने इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। महाकाल के आंगन में आज जो नई दुनिया आकार ले रही है, वह केवल उज्जैन का नहीं, बल्कि नए भारत के उभरते स्वरूप का प्रतीक है। आने वाले वर्षों में यह नगरी आस्था की राजधानी के साथ-साथ विकास, निवेश और नवाचार की भी नई पहचान बनने जा रही है।

### महाकालेश्वर मंदिर में तीसरे फेसिलिटी सेंटर का हो रहा निर्माण

महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां बड़ा गणेश मंदिर के सामने तीसरे फेसिलिटी सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में पहुंच के लिए 27 मीटर लंबी एक विशाल टनल बनाई गई है जो महाराजवाड़ा विक्रमादित्य होटल की तरफ से श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंच के लिए एक नया मार्ग होगी।

# ‘बोमा’ तकनीक से पकड़ी जाएंगी 100 नीलगाय



### गांधी सागर में होगा पुनर्वास, ग्रामीण और विभाग करेंगे सहयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली नीलगायों की बढ़ती समस्या के समाधान के लिए वन विभाग बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान की तैयारी कर रहा है। जिले में पहली बार बोमा तकनीक का उपयोग कर करीब 100 नीलगायों को पकड़ा जाएगा और उन्हें सुरक्षित रूप से गांधी सागर अभयारण्य में पुनर्वासित किया जाएगा।

वन विभाग के डीएफओ अनुराग तिवारी ने बताया कि पिछले एक महीने से नीलगायों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इस दौरान 13 से 14 संभावित स्थानों का सर्वे किया गया। झुंड के आकार और नीलगायों की आवाजाही के आधार पर अभियान के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन किया गया है। बोमा तकनीक के तहत फनल (कीप) आकार का एक बड़ा एनक्लोजर तैयार किया जा रहा है। यह संरचना करीब डेढ़ हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जाएगी। इसके लिए तिरपाल और मजबूत घेराबंदी का उपयोग किया जाएगा, ताकि नीलगायों को सुरक्षित रूप से एक स्थान पर एकत्र किया जा सके। वन विभाग के अनुसार, बाड़ा तैयार होने के बाद शुरूआती दो से तीन दिनों तक वहां कोई गतिविधि नहीं की जाएगी। इस दौरान नीलगायों को स्वाभाविक रूप से वहां आने और वातावरण के अनुकूल होने के लिए चारा और पानी उपलब्ध कराया जाएगा। एसडीओ विक्रम सिंह सोलंकी ने बताया कि अभियान में हेलीकॉप्टर या ट्रैंक्विलाइजर जैसी महंगी तकनीकों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

## महाकाल मंदिर में चल रहे विकास कार्यों को श्रावण माह के पहले पूर्ण किया जाए-कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्य प्रगतिरत है। रविवार शाम को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निमार्णाधीन कार्यों का मौके पर पहुंचकर जायजा लेते हुए कार्य प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेज गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि एक माह बाद ही श्रावण महीना प्रारंभ होगा। श्रावण माह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं को को सहज और सुविधा पूर्वक दर्शन कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य प्रगतिरत है। रविवार शाम को कलेक्टर सिंह ने महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान बड़ा गणेश मंदिर के समीप निमार्णाधीन फैसेलिटी सेंटर-3 के कार्य का निरीक्षण किया गया। मौके पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि फैसेलिटी सेंटर में श्रद्धालुओं को टायलेट, जूता स्टैंड की सुविधा के साथ यहीं से मंदिर में प्रवेश के लिए इंट्री दी जाएगी। कलेक्टर सिंह ने फैसेलिटी सेंटर का कार्य तेज गति से करते हुए श्रावण महीने के पहले तैयार करने के साथ ही वेटिंग हॉल में वेंटिलेशन, पंखें व आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

### जुटे किसान एवं पहुंचे तहसील कार्यालय

## जमीन अधिग्रहण व मुआवजे की समस्या को सिलसिलेवार रखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जमीन अधिग्रहण एवं मुआवजा में आने वाली समस्या को लेकर उज्जैन के किसान एक जुट हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को आने वाली समस्याओं को एकजाई करते हुए सिलसिलेवार तहसील प्रशासन को इससे अवगत करवाया है। किसान संघ के बैनर तले इसे लेकर एक ज्ञापन एसडीएम लक्ष्मीनारायण गर्ग को सौंपा गया है।

संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के अनुसार जिला कार्यालय पर समस्या को लेकर किसाना एकजुट हुए और उसके उपरांत तहसील कार्यालय पहुंचे थे। यहां



किसान हितों में नारेबाजी करने के उपरांत ज्ञापन सौंपते हुए आने वाली समस्याओं का वाचन कर उन्हें शीघ्र ही दूर करवाने की मांग रखी गई हैं। ज्ञापन देते समय कोषाध्यक्ष राजेश सोलंकी तहसील अध्यक्ष मानसिंह चौधरी तहसील उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी,जालम सिंह मीडिया प्रभारी जिला उज्जैन आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन सह मंत्री जयपाल सिंह चावड़ा ने किया।

### ये रखी मांग

1. दताना नरवल एयरपोर्ट में जो किसानों की उपजाऊ जमीन अधिग्रहण की जा रही है उसमें बाजार मूल्य से चार गुना एवं सभी किसानों को समान रूप से मुआवजा दिया जाये।
2. एयरपोर्ट के विस्तार के लिये अधिग्रहण की जा रही जमीनों का मुआवजा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के नए संशोधन अनुसार जमीनों के खरीदी बिक्री के छांट बिक्री पत्र के हिसाब से गुणांक फैक्टर 2 लगा कर दिया जाए।
3. अधिग्रहण के बाद किसानों की जो जमीन शेष बच रही है उस जमीन पर किसान को आने जाने के लिये कम से कम 45 फीट के रास्ते की व्यवस्था की जाए एवं उस जमीन के पानी निकासी की भी सुचारू रूप से निकासी की जाए।
4. किसानों की जमीन जो एयरपोर्ट के पास बच रही है उसे आवासी की जाए और भूमि परिवर्तन (डायवर्सन) की परमिशन भी दी जाए।
5. जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हो रही है और उनकी थोड़ी जमीन बच रही है तो उसे पूरी अधिग्रहण की जाए।
6. किसानों को मुआवजा राशि के पेमेंट निकालने में किसी प्रकार की काटछाट नही की जाए एवं एक साथ पेमेंट निकालने की अनुमति दी जाए।
7. उज्जैन नागदा ग्रीनफील्ड रोड में किसानों को बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए।

# सड़क चौड़ीकरण की खुदाई में फूटी मुख्य पेयजल पाइपलाइन

## ठेकेदार की लापरवाही से प्रतिदिन हो रहा पानी का अपव्यय, शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पेयजल पाइपलाइनें लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। मंगलवार को बड़नगर रोड स्थित हनुमानगढ़ी के समीप पंचायती अखाड़े के पास अंबोदिया डैम से आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होते ही तेज दबाव के साथ पानी फव्वारे चलने लग गए और कुछ ही देर में सड़क पर पानी फैल गया।

पाइपलाइन फूटने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए तथा इसकी सूचना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को दी गई। सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा मरम्मत कार्य शुरू किया। शाम लगभग 6:30 से 7 बजे के बीच पाइपलाइन को दुरुस्त कर लिया गया।



**खुदाई के दौरान हुई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त-** स्थानीय लोगों के अनुसार बड़नगर रोड पर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान की गई खुदाई में ठेकेदार की लापरवाही के चलते मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। यह पाइपलाइन अंबोदिया डैम से शहर में पेयजल आपूर्ति करने वाली प्रमुख लाइन बताई जा रही है।

- **पेयजल आपूर्ति पर पड़ रहा असर-** पाइपलाइन के बार-बार क्षतिग्रस्त होने से शहर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। लोगों के घरों तक पर्याप्त दबाव के साथ पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कई क्षेत्रों में नलों में पानी कम दबाव से आ रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।
- **गर्मी में बढ़ी जल संकट की समस्या-** गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ी हुई है। ऐसे समय में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और पानी के लगातार अपव्यय से कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बन रही है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है और बार-बार पाइपलाइन फूटने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रोजाना हो रहा पानी का अपव्यय

पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाओं के कारण बड़ी मात्रा में पेयजल सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। शहर में जल संरक्षण और जल संकट की चचाओं के बीच लगातार हो रहा यह अपव्यय प्रशासनिक निगरानी और कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। नागरिकों ने जिम्मेदार एजेंसियों से सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### शिकायतों के बावजूद नहीं रुक रही मनमानी

शहर में विभिन्न स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान नालियों और सड़कों की खुदाई की जा रही है। इस दौरान कई बार पेयजल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। नागरिकों द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों तक भी पहुंचाई गई है, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदारों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं दिखाई दे रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने किया समिट का शुभारंभ

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को इंदौर के मेरियट होटल में समिट का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग एवं डिजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महत्वपूर्ण समिट का शुभारंभ प्रदेश के उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा, आर.आर. कन्हेरे सहित प्रदेश के विभिन्न शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरु, कुलसचिव, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता, तकनीकी विशेषज्ञ तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समिट का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा के बदलते स्वरूप, डिजिटल नवाचारों के माध्यम से शिक्षण एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आधुनिक बनाना था।

### सौर ऊर्जा क्रांति, सोलर चाचा व्हाट्सएप चैटबॉट हुआ लॉन्च

**इंदौर।** प्रदेशवासियों को बिजली बिल की चिंता से राहत दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत नागरिकों को अपने घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आकर्षक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। योजना के तहत मार्च 2027 से पहले रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ मिलेगा। प्रदेश में अब तक 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना में नामांकन करा चुके हैं और सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली खर्च में कमी का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। योजना के तहत 3 किलोवाट क्षमता तक के रूफटॉप सोलर प्लांट पर उपभोक्ताओं को अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है।

### शासकीय चरनोई भूमि से 35 दुकानों का अतिक्रमण हटाया

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार सोमवार को तहसील मल्हारगंज के ग्राम बांक में शासकीय चरनोई भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सर्वे क्रमांक 182 एवं 187/1 की लगभग 1.500 हेक्टेयर भूमि पर की गई। कार्रवाई के दौरान टीन शेड से निर्मित गैरेज, ऑटो पार्ट्स तथा वाहन सर्विसिंग से संबंधित लगभग 35 दुकानों को हटाया गया। संबंधित भूमि को कलेक्टर इंदौर द्वारा धार रोड थाना, जनपद पंचायत इंदौर तथा फायर स्टेशन के लिए आवंटित किया गया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम की रिमूवल टीम की संयुक्त उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान जनपद पंचायत इंदौर तथा ग्राम पंचायत बांक का अमला भी मौजूद रहा।

### जल संचय : देश में द्वितीय स्थान पर रहा नगर निगम खंडवा

**इंदौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत संचालित जल संचय जनभागीदारी अभियान में खण्डवा नगर निगम ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए कंटूर ट्रेंच निर्माण के क्षेत्र में देशभर के नगरीय निकायों की श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नगर निगम खंडवा की आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने बताया कि कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में वर्षा जल संचयन, भूजल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से संचालित इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु 29 सदस्यीय विशेष दल का गठन किया गया। दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों ने खण्डवा नगर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक सर्वेक्षण कर लगभग 130 स्थलों का चिन्हांकन किया, जहाँ कंटूर ट्रेंच निर्माण के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण की अपार संभावनाएं थीं। इन चिन्हित स्थानों पर 20,490 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया, जिससे खण्डवा नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

### लैपटॉप क्रय हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को मिलेंगे 25 हजार

**इंदौर।** हायर सेकण्डरी स्कूल, 15वीं वाहिनी, इंदौर के लिए यह गौरव का विषय है कि विद्यालय के 21 विद्यार्थियों का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत किया गया है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं डिजिटल अध्ययन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लैपटॉप क्रय करने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ना तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति को गति प्रदान करना है।

### अच्छा काम किया तो मिलेगा डेढ करोड़ रुपये का इनाम

**इंदौर।** शहर के गिरते भू-जल स्तर को सुधारने और वर्षाजल सहेजने के प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम अब जल संवर्धन वार्ड रैंकिंग शुरू करने जा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता की घोषणा की है।महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए बताया कि जल संवर्धन को लेकर वार्ड में अच्छा काम करने पर 25 लाख से डेढ करोड़ रुपये तक के इनाम दिए जाएंगे। शहर के 85 वार्डों में से दस वार्डों का चयन किया जाएगा। अभियान एक माह चलेगा। पुरस्कार के रूप में मिलने वाली राशि का उपयोग वार्ड के विकास में ही लगाया जाएगा।

---

### जल संरक्षण में मध्यप्रदेश के अग्रणी होने का श्रेय प्रधानमंत्री के दर्शन और मार्गदर्शन को है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# भविष्य की जरूरतों के अनुसार दी गई अंतर्राज्यीय परियोजनाओं को मंजूरी

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदानीरा समागम में जल संवर्धन की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन और मार्गदर्शन के कारण मध्यप्रदेश जल संरक्षण और जल संचयन के कार्यों में देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल संरक्षण में किये जा रहे अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने राज्यों को अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाओं के बलबूते भविष्य की आवश्कताओं का अनुमान लगाते हुए आवश्यक जल के प्रबंध के लिए भी सजग बनाया है।

मध्यप्रदेश, केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं के लिए दी गई मंजूरी से वृहद स्तर पर लाभान्वित होगा। मध्यप्रदेश इस वर्ष गुड़ी पड़वा से ही प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से लगभग साढ़े तीन लाख कुओं बावड़ियों, पोखरों, जलाशयों और अन्य जलसंरचनाओं को उपयोगी बनाने के महत्वपूर्ण कार्य में लगा है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की शाम भारत भवन के बहिरंग में 27 मई से 2 जून तक आयोजित सदानीरा जल गंगा संवर्धन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। मेपकास्ट (मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद) के सहयोग से लघु चित्रों में जल, भूगर्भीय जल स्त्रोत, मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान और जलचर-जलीय जीवन के प्राण तत्व नामक प्रदर्शनियों के साथ ही 'वीर भारत न्यास' और 'मेपकास्ट' द्वारा प्रकाशित अंतर्जलि यात्रा, जिलों के भूजल एटलस और अन्य प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में फिजी, साइप्रस, मैक्सिको सहित अन्य देशों के उच्चायुक्त और राजदूत भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अनेक नदियों का उद्गम स्थल है। प्रदेश की नदियां प्रवाहित होते हुए गंगा-यमुना जैसी नदियों में जाकर मिलती हैं। यह प्रदेश का सौभाग्य है कि हमारे विंध्याचल और सतपुड़ा के पर्वत मध्यप्रदेश को परमात्मा की अनुपम कृति हैं। वनांचलों से जल धाराएं आती हैं जो नदियों को समृद्ध बनाती हैं। नर्मदा मैया के साथ ही ताप्ती, बेतवा, चंबल जैसी नदियां अपार जल राशि से समृद्ध हैं। चंबल नदी का जल प्रदेश की गणना देश की स्वच्छ नदियों में करवाता है, इसके कारण घड़ियाल भी इसी नदी में सर्वाधिक पाए जाते हैं।




### जल की निकासी का किया गया श्रेष्ठ प्रबंध

राजा भोज के काल की तकनीक की चर्चा करें तो भोपाल की बड़ी झील श्रेष्ठ जल संरक्षण प्रणाली का उदाहरण है, जिसमें आबादी को हानि पहुंचाए बिना जल सहेजने, उसके उपयोग और अतिरिक्त जल की निकासी का श्रेष्ठ प्रबंध किया गया। प्रदेश में जनता की भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन चल रहा है। प्रदेश में कृषि उत्पादन में वृद्धि का आधार भी यही जल और उसका उचित प्रबंधन है। भूगर्भ के जल भण्डारण का कृषि क्षेत्र में संतुलन के साथ उपयोग किस तरह किया जाए यह विज्ञान के सहयोग से संभव है। मेपकास्ट द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे अनुसंधान महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास और सहयोगी संस्थाओं को इस सार्थक आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय भू-जल बोर्ड के प्रतिनिधि श्री अशोक विश्वास, मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी भी उपस्थित थे। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्री श्रीराम तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

---

# गंदे पानी से परेशान रहवासी, वार्ड-4 में बढ़ा आक्रोश

## रहवासियों ने बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 के वार्ड क्रमांक-4 में गंदे पानी और अनियमित जल आपूर्ति को लेकर रहवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि कई दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है और पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो रही, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र की एक महिला रहवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा एक माह में समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया है, लेकिन यदि दो माह बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो वह आत्मदाह जैसा कदम उठाने को मजबूर होगी। एयरपोर्ट क्षेत्र में कार्यरत लखन मीणा ने बताया कि शिकायतों के बावजूद केवल एक दिन टैंकर भेजा जाता है और वह भी कुछ ही मिनटों में पानी बंद कर देता है।



उनका कहना है कि लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं राजाराम चौहान ने कहा कि उन्होंने नल के पानी पर भरोसा करना ही छोड़ दिया है और अब निजी टैंकर बुलाकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।



### पानी गंदा और उपयोग योग्य नहीं होता

दूध व्यवसायी नारायण लाल अहीर ने बताया कि सुबह करीब 7:10 बजे पानी की सप्लाई शुरू होती है और 7:18 बजे बंद हो जाती है। इतने कम समय में भी जो पानी आता है, वह गंदा और उपयोग योग्य नहीं होता। क्षेत्रीय रहवासी राधेश्याम पाटीदार ने कहा कि नल आने के समय विद्युत प्रलय बंद कर देना चाहिए जिससे सभी को समान रूप से पानी मिल सके हां पानी की समस्या जरूर है की शुरूआत में पानी गंदा आ रहा और मात्र 10 मिनट ही आ रहा है रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वार्ड क्रमांक-4 में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है।

**क्या बोलीं पार्षद बरखा मालू-** क्षेत्रीय पार्षद बरखा मालू ने कहा कि अमृत योजना-2 के तहत क्षेत्र में जल लाइन संबंधी कार्य किए गए हैं और कुछ स्थानों पर केवल कनेक्शन का कार्य शेष है। उन्होंने कहा कि जितनी बड़ी समस्या बताई जा रही है, स्थिति उतनी गंभीर नहीं है। जो भी तकनीकी समस्याएं हैं, उनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

### प्रदेश में चल रही है समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी.) लागू करने की प्रक्रिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। वर्तमान समय में विभिन्न धर्मों में विवाहित बहनों के लिए प्रचलित अलग-अलग रीति-रिवाज और नियमों की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश को आज समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। वर्तमान में देश के तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात और असम ने समान नागरिक संहिता को लागू किया है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) को लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी सोमवार को मंत्रालय में मीडिया को जारी वक्तव्य में दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में यूसीसी के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। अलग-अलग क्षेत्र के विद्वानों को इस समिति में स्थान दिया गया है। यह समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग धर्म-समुदाय के लोगों से सुझाव प्राप्त करेगी।

---

### सुविधा मिलने में हो रही देरी

# महाकाल मंदिर का तीसरा फेसिलिटी सेंटर एक साल लेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बड़ा गणेश मंदिर के समीप निमार्णाधीन तीसरा जनसुविधा केंद्र (फेसिलिटी सेंटर) तय समय-सीमा समाप्त होने के एक वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है। जिस परियोजना का लाभ श्रद्धालुओं को जून-2025 से मिलने लगना था, वह जून-2026 में भी अधूरी पड़ी है।

बता दें कि महाकाल मंदिर में लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के बीच यह सुविधा केंद्र सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल था। रुद्रसागर और हरसिद्धि क्षेत्र से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को यहां वातानुकूलित प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट, लड्डू प्रसाद काउंटर, टिकट काउंटर, जूता स्टैंड और आधुनिक सुविधाघर जैसी व्यवस्थाएं मिलनी थीं। दावा था कि इससे मुख्य मंदिर क्षेत्र पर भीड़ का दबाव कम होगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित बनेगी। लेकिन निर्धारित समय गुजर जाने के बावजूद श्रद्धालु अब भी इन सुविधाओं से वंचित हैं।



---

### लोकसेवा गारंटी अधिनियम में प्राप्त प्रकरणों की एसडीएम स्वयं मॉनिटरिंग करें

# पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान नगर पालिक निगम को निर्देश दिए गए कि पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। समय-समय पर इसकी जांच की जाएं। पानी की टंकियों की सफाई भी समय-समय पर करवाई जाए। शहरी क्षेत्रों में पंप के द्वारा जब पानी की टंकियां भरी जाती हैं, उस समय विद्युत प्रदाय निर्बाध रूप से किया जाए। सीएम हेल्प लाईन में पेयजल से संबंधित शिकायत आने पर तुरंत संज्ञान में लेकर संतुष्टिपूर्वक समस्या का निराकरण करें। सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि शहरी क्षेत्र में कहीं भी यदि दूषित पेयजल से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है, तो तुरंत उस पर कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा समस्त विकासखण्डों में पेयजल के स्टॉक की समीक्षा की गई। लोकनिर्माण विभाग, पीएमजेएसवाय और एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सड़क निर्माण के दौरान वहां पर स्थित पानी की पाईप लाइन का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण के दौरान पाइप लाईन क्षतिग्रस्त ना हो यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जनगणना 2026-27 के अंतर्गत जिले में अब तक हुई प्रक्रिया के सफलता पूर्वक और समय सीमा में पूर्ण होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को बधाई दी और अगले चरण में भी इसी प्रकार कार्य संपादित करवाने के निर्देश दिए। जनगणना में नागदा ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा कार्य होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने सराहना की। सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर निगम के अधिकारी व जनगणना के जिला मास्टर ट्रेनर को कलेक्टर श्री सिंह ने बधाई दी।

तराना और खाचरौद में उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन का चिन्हांकन किए जाने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी निर्माण और इस प्रकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### तराना-खाचरौद में उद्योगों के लिए तलाशेंगे जमीन

कलेक्टर ने तराना और खाचरौद में उद्योगों के लिए जमीन तलाशने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी निर्माण और अन्य योजनाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन के प्रकरणों का निराकरण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम व जनपद सीईओ को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में प्राप्त प्रकरणों की स्वयं मॉनिटरिंग करने को कहा। बोले कि कोई भी प्रकरण निर्धारित तिथि से अधिक लंबित पाया जाए तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। लंबे समय बाद यह ऐसी टीएल मीटिंग रहीं, जिसमें किसी भी अधिकारी- कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं की गई।

---

### दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से सीधी और मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी

# सिंहस्थ से पहले झालावाड़ तक बनेगा मेगा फोरलेन

## फोरलेन बनाने के लिए 2721 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले दो बड़े पैकेजों के टेंडर जारी किए गए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकुंभ सिंहस्थ-2028 से पहले मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सड़क कनेक्टिविटी की तस्वीर बदलने जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने उज्जैन से राजस्थान के झालावाड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग-552जी को फोरलेन बनाने के लिए 2721 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले दो बड़े पैकेजों के टेंडर जारी कर दिए हैं। करीब 160 किलोमीटर लंबे इस मेगा कॉरिडोर में छह फ्लाइओवर, 115 व्हीकल अंडरपास और कई बड़े पुल बनाए जाएंगे। परियोजना पूरी होने पर उज्जैन, आगर, सुसनेर और झालावाड़ के बीच सफर तेज और सुरक्षित होगा।



### दो वर्ष का समय दिया जाएगा

वहीं दूसरे पैकेज में आकली-काड़िया से राजस्थान के झालावाड़ स्थित एनएच-52 जंक्शन तक 72.763 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 1259.53 करोड़ रुपये है। दोनों पैकेजों में निर्माण एजेंसी को कार्य पूर्ण करने के लिए 730 दिन यानी दो वर्ष का समय दिया जाएगा। इसके बाद पांच वर्ष तक संबंधित एजेंसी मार्ग का रखरखाव भी करेगी। करीब 160 किलोमीटर लंबा यह मार्ग मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी माना जाता है। परियोजना के तहत मध्यप्रदेश सीमा में लगभग 133 किलोमीटर और राजस्थान सीमा में 27 किलोमीटर सड़क का उन्नयन होगा। उज्जैन नगर सीमा से घोंसला तक पहले से बने 27 किलोमीटर फोरलेन हिस्से को भी नए प्लान के अनुरूप दुरुस्त किया जाएगा।

### आरडी गार्डी के सामने भी फ्लाइओवर बनेगा

एनएचएआई की पूर्व डीपीआर के अनुसार पूरे कॉरिडोर पर छह फ्लाइओवर, बड़े पुल और 115 व्हीकल अंडरपास बनाए जाने का प्रस्ताव है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने भी फ्लाइओवर प्रस्तावित है। भारी वाहनों के लिए बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षित कट पाइंट और अंडरपास बनाए जाने से दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। वर्तमान में यह मार्ग कई स्थानों पर संकरा और दुर्घटना संभावित माना जाता है। लगातार हादसों के कारण इसे क्षेत्र की हत्यारी सड़क तक कहा जाता रहा है।

---

# निराला अंदाज, फर्स्ट से लास्ट तक आमजन को सुनने में माहिर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मंगलवार को जनसुनवाई के बाद जब कलेक्टर शिवम वर्मा एक बैठक में शामिल होने के लिए कलेक्टर कार्यालय से निकलकर अपने वाहन की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर कुछ ऐसे आवेदकों पर पड़ी जो किसी कारणवश देरी से पहुंचे थे और जनसुनवाई में अपनी बात नहीं रख पाए थे।

कलेक्टर वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें वहीं रोक लिया। उन्होंने आवेदकों को शीतल छांव के लिए बनाई गई विशेष बैठने की व्यवस्था में बैठाया और इत्मिनान से उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने स्वयं उनके आवेदन प्राप्त किए तथा पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ उनकी शिकायतों और समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा का यह मानवीय और जन-केंद्रित व्यवहार उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणादायक रहा। इस अवसर पर आवेदकों ने भी कलेक्टर की सहजता, संवेदनशीलता और आमजन के प्रति समर्पित कार्यशैली की सराहना की। यह घटना प्रशासन की जनसेवा और नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनी।



## न्यूज कालम



### निमार्णाधीन सड़क के घटिया निर्माण विरोध,विधायक ने लिखा पत्र

**बड़वाह।** खरगोन जिले को देवास जिले से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सिरलाय-काटकूट तक निमार्णाधीन सड़क के घटिया निर्माण का ग्रामवासियों ने विरोध किया है और आबादी वाले ग्रामों में वर्षा तथा अपशिष्ट जल निकासी हेतु नाली निर्माण तथा दुर्घटनाएं रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। ग्राम लखनपुरा,जगतपुरा, रांजना,खेड़ीहाट, काटकूट,ओखला एवं लोंदी बी के ग्रामवासियों ने विधायक सचिन बिरला से सड़क निर्माण की गुणवत्ता में सुधार,वर्षा जल एवं अपशिष्ट जल निकासी के लिए नाली निर्माण एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु उपयुक्त स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।इस तारतम्य में विधायक ने मप्र सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधक को पत्र लिख कर सड़क की गुणवत्ता में सुधार,इन ग्रामों में नाली निर्माण और दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि निमार्णाधीन सिरलाय-काटकूट सड़क पर आबादी वाले ग्रामों में नाली निर्माण नहीं किए जाने से अपशिष्ट जल करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क को अभी से खराब कर रहा है।जल निकासी हेतु नाली निर्माण नहीं होने से बारिश के मौसम में सड़क पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। इसके अलावा इन ग्रामों में सड़क पर अपशिष्ट जल बहने के कारण आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। इसलिए सभी संबंधित ग्रामों में जल निकासी के लिए सुव्यवस्थित नाली निर्माण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन पर जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। प्रभारी खनिज अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री तपीस पांडे द्वारा जानकारी दी गई कि मुखबिरों से प्राप्त सूचना पर 1 जून 2026 को शाम लगभग 5 बजे नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, नगर सैनिक एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम साजनपुर स्थित नदी क्षेत्र में संयुक्त जांच की गई। जांच के दौरान नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए कई डंपर पाए गए। संयुक्त प्रशासनिक दल को देखकर अधिकांश वाहन चालक अपने डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गए। टीम द्वारा वाहनों की वीडियोग्राफी कर उनके नंबरों का सत्यापन किया गया तथा संबंधित वाहनों की पहचान की गई। कार्रवाई के दौरान जिन वाहनों को अवैध रेत परिवहन में संलिप्त पाया गया, उनमें गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान पंजीयन के कई डंपर शामिल हैं। कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी पाए गए। खनिज विभाग द्वारा इन सभी वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की अनुशंसा संबंधित परिवहन विभाग को की गई।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा धाबा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ग्राम धाबा, तहसील खकनार में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक कैलाश सर और अकरम खान, जनरल फिजिशियन, ने मरीजों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक परामर्श दिया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। प्रत्येक मरीज का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर का सफल आयोजन ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन और सरपंच-सचिव के सहयोग से किया गया।

### महिला स्व-सहायता समूह महासंघ, खरगोन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**खरगोन।** महिला स्व-सहायता समूह महासंघ ने प्रधानमंत्री पूरक पोषण योजना एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय को ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मांग की कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की न्यूनतम 70 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जिससे बच्चों को पोषण का लाभ मिले और स्व-सहायता समूहों को आर्थिक नुकसान न हो।महासंघ ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 100 प्रतिशत बच्चों के लिए रेडी-टू-ईट सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाते हैं, जबकि वास्तविक उपस्थिति और भुगतान काफी कम रहता है, जिससे समूहों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों पर अतिकुपोषित बच्चों के लिए दिए जाने वाले च्थर्ड मीलज्ज का वर्षों से लंबित भुगतान भी शीघ्र कराने की मांग की गई। महासंघ का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर भोजन उपलब्ध कराने वाले कई समूह आर्थिक संकट के कारण बंद हो चुके हैं तथा अनेक समूह बंद होने की स्थिति में हैं।

### आईटीआई में प्रवेश प्रकिया प्रारंभ

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि आईटीआई प्रवेश सत्र में प्रवेश हेतु प्रत्येक जिले की शासकीय आईटीआई में विशेष हेल्पडेस्क की स्थापना की गई हैं। जिसके माध्यम से आईटीआई की प्रवेश प्रक्रिया व्यवसाय, आवेदन, चयन सबंधित समस्त प्रवेश प्रकिया की जानकारी युवाओं को प्रदान की जा रही। प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत च्वाईस फिलिंग 1 से 30 जून से प्रारंभ हो गई।

# ग्राम बेड़िया से लौंधी तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर

## विधायक ने लिखा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बेड़िया

क्षेत्रवासियों ने बेड़िया से ग्राम लौंधी तक 17 किमी लंबी सड़क का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष योजना के तहत करने कि मांग की है। क्षेत्रवासियों के अनुसार भारी वाहनों के निरंतर बढ़ते आवागमन के कारण बेड़िया से लौंधी तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर हो गई है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि आवागमन की दृष्टि से बेड़िया-लौंधी-पीपलगांव-कसरावद मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रमुख जिला मार्ग है। इस सड़क का बेड़िया से लौंधी तक 17 किमी हिस्सा लंबे समय से बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर है। इस कारण आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है और दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं। इसलिए बेड़िया से लौंधी तक सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से का गुणवत्तापूर्ण उन्नयन और पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि इस सड़क का लौंधी से कसरावद तक के हिस्से का उन्नयन और पुनर्निर्माण किया जा चुका है। वर्ष 1999-2000 में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बेड़िया से लौंधी तक सड़क के आधार का सुदृढ़ीकरण किए बगैर चौड़ीकरण किया गया था। वर्तमान में बेड़िया- लौंधी-पीपलगोन- कसरावद सड़क पर यातायात का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है।उल्लेखनीय है कि कसरावद राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है। वहीं दूसरी ओर बेड़िया राज्यमार्ग पर स्थित है। बेड़िया में एशिया की सबसे बड़ी मिर्च मंडी होने के कारण देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति में महाराष्ट्र की ओर जाने वाला भारी यातायात भी सनावद से बेड़िया होकर इसी सड़क से गुजरता है।

बेड़िया के समीप स्थित सेल्दा नेशनल थर्मल पावर स्टेशन सेल्दा प्लांट से प्रतिदिन 60 से 80 टन के सैकड़ों बलकर भी इसी सड़क से होकर गुजरते हैं।साथ ही नर्मदा तटों से 40 से 50 टन की क्षमता वाले डंपर इसी सड़क से रेत परिवहन करते हैं।पत्र में कहा गया है कि इस सड़क पर डामर और बेस की मोटाई मात्र 35 से 40 सेमी है।जो कि भारी यातायात के लिए उपयुक्त नहीं है।पत्र के अनुसार ग्राम लौंधी से बेड़िया तक का अधिकतम क्षेत्र काली मिट्टी का है और सड़क का स्तर भी खेतों के समानांतर है। इस कारण भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़क का आधार भी धंस रहा है।पत्र में कहा गया है कि इस सड़क पर स्थित जीरभार, कानापुर,कातोरा एवं बड़गांव में जल निकासी हेतु नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़क निरंतर खराब होती जा रही है। इसलिए भारी वाहनों के निरंतर बढ़ते आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए बेड़िया से लौंधी तक 17 किमी लंबी हिस्से का उन्नयन और पुनर्निर्माण केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष योजना के अंतर्गत किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## कलेक्टर ने जलावर्धन योजना अंतर्गत बसाड़ स्थित एनीकट और इंटेक वेल का किया निरीक्षण

### जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग और सुचारू जलप्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को जलावर्धन योजना के तहत निर्मित बसाड़ स्थित एनीकट और इंटेक वेल का निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति, तकनीकी व्यवस्थाओं और जलप्रदाय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान स्काडा सिस्टम, लेवल सेंसर, रॉ वॉटर पंप, एनीकट के गेट, गेबियन वॉल और रॉ वॉटर राइजिंग मेन पाइपलाइन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों से जलप्रदाय व्यवस्था के संचालन, निगरानी तंत्र और रखरखाव संबंधी जानकारी भी ली गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पारसडोह डैम से छोड़े जाने वाले पानी की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और एनीकट एवं इंटेक वेल के जल स्तर पर प्रतिदिन नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी से शहर में निर्बाध और सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही सभी तकनीकी प्रणालियों को सतत क्रियाशील बनाए रखने और किसी भी संभावित समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक यंत्री प्रेम कुमार साहू, मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड से डीपीएम राहुल पवार, उपयंत्री सुरेश डोडियार और संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जन सुनवाई में आमजन की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में श्री रेशू मावडा ग्राम बड़ी फोटा तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर ने दिव्यांग पेंशन पुनः प्रारंभ कराने के संबंध में आवेदन देकर बताया कि मैं पैर से दिव्यांग हूं,मेरे पास दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी है। मुझे पूर्व में प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन मिलती थी, लेकिन पिछले 4-5 वर्षों से पेंशन मिलना बंद हो गई है। इस संबंध में उसने कई बार ग्राम सचिव से संपर्क किया, लेकिन आज दिनांक तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। मैं बेरोजगार हूं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हुं। आय का कोई स्थायी स्त्रोत नहीं होने से मुझे जीवन-यापन करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे पात्रता अनुसार दिव्यांग पेंशन का लाभ पुनः दिलावाया जाए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सामाजिक न्याय विभाग को प्रकरण की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार एक अन्य आवेदक श्री नरसिंह भूरिया निवासी ग्राम पनवानी पटेल फलिया ने वर्ष 2006-07 में गिरवी रखे गए चांदी के आभूषण वापस दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्?होंने बताया कि मेरे द्वारा साहुकार से ३५ हजार रुपये उधार लिए गये थे, जिसके बदले लगभग 5 किलोग्राम चांदी के आभूषण गिरवी रखे गए थे। मैं कई बार अपनी चांदी छुड़ाने के लिए साहुकार के पास गया, लेकिन उसने न तो आभूषण वापस दिए और न ही ब्याज सहित देय राशि की स्पष्ट जानकारी दी। उन्होंने आवेदन देकर कहा कि मेरे गिरवी रखे गए चांदी के आभूषण वापस दिलवाये जाए। उक्त आवेदन को कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में भूमि विवाद, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता, हैंडपंप खनन एवं पुलिया निर्माण जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, एडीएम श्री सोहन कनाश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समिति गठित

**बड़वानी।** शासन की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकाीन फसल मूंग का पंजीयन जिले में 15 जून तक किया जायेगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, पर्यवेक्षण नीति एवं ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें लीड बैंक मैनेजर, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग एण्ड लाजिस्टिक कार्पोरेशन, अधीक्षक भू-अभिलेख, सचिव कृषि उपज मण्डरी, नेफेड/एनसीसीएफ के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। जबकि उप संचालक कृषि को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। वही जिले के चारों अनुभाग बड़वानी, सेंधवा, राजपुर एवं पानसेमल में भी अनुभाग स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें संबंधित अनुभाग के एसडीएम अध्यक्ष, अनुभाविभागीय कृषि अधिकरी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी मार्कफेड, सचिव कृषि उपज मण्डी को सदस्य तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को सदस्य सचिव के रूप में मनोनित किया गया है।

## गृह निर्माण कॉलोनी के रहवासी बदहाल सड़कों और पेयजल की किल्लत से परेशान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



वार्ड क्रमांक -14 स्थित गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी के निवासी कॉलोनी की सड़कों की दुर्दशा और पेयजल की किल्लत के कारण लंबे समय से परेशान हैं। इस तारतम्य में कॉलोनीवासियों ने सोमवार को विधायक सचिन बिरला एवं नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलोनी में दो वर्ष पूर्व ड्रेनेज लाइन निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनी की मुख्य सड़क को खोदा गया था। ड्रेनेज का कार्य पूर्ण होने के बाद खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। इस कारण कॉलोनी की सड़कों पर रहवासियों को आवागमन दूभर हो गया है।क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं।ज्ञापन में कहा गया है कि मानसून आने वाला है।ऐसी स्थिति में कॉलोनी की सड़क की मरम्मत नहीं होने से जलभराव के कारण आवागमन एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ जाएगी। ज्ञापन में पेयजल संकट के समाधान की भी मांग की गई है। रहवासियों ने बताया कि वर्तमान में एक दिन छोड़कर मात्र 20 मिनट ही पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे परिवारों की पानी की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है।रहवासियों ने पेयजल आपूर्ति का समय बढ़ाकर कम से कम 45 मिनट करने की मांग की है।

विधायक ने नगरपालिका इंजिनियर को गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी की सड़कों के निर्माण और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल, समाजसेवी संजय येवतीकर, अखिलेश दुबे, दिनेश बिरला, दिलीप दशोरे,दिलीप शाह,कल्याण चौरे,अशोक कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 54 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 54 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को आसानी हो।

जनसुनवाई में अंजड़ नगर निवासी श्रीमति अंगूरीबाई ने आवेदन देकर बताया कि वर्ष 2023 में उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। वे और उनकी पुत्री मजदूरी करके अपना जीवनयापन कर रही है। उन्हे शासन की योजनानतर्गत आवास का लाभ अगर मिल जाये तो उनका जीवनयापन सही ढंग से हो पायेगा। अतः उन्हे आवास योजना के तहत आवास का लाभ दिया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आवेदन में सीएमओ अंजड़ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में ग्राम तलूनखुर्द निवासी श्रीमति संगीताबाई पति गजानंद ने आवेदन देकर बताया कि उनकी कृषि भूमि पर जाने के रास्ते में पाला डालकर रास्ता बंद कर दिया गया है। जिसके कारण वे विगत एक वर्ष से कृषि भूमि पर कृषि कार्य नही कर पा रही है, अतः रास्ता खुलवाया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आवेदन में तहसीलदार बड़वानी को मौका मुआयना कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में ग्राम सिवनी निवासी श्री भायला पिता वगड़िया ने आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम में पंचायत द्वारा हेण्डपंप खुदवाया गया है। पानी गहरा होने के कारण हेण्डपंप में पानी नही आ रहा है, जिससे ग्राम में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। अतः ग्राम में पेयजल की समस्या का निरा करण करते हुए उचित व्यवस्था करवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आवेदन में पीएचई विभाग को शीघ्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

## उड़ान यात्रा का सफल समापन, युवाओं को मिला नेतृत्व एवं करियर विकास का प्रशिक्षण

**बड़वानी।** पहल जन सहयोग विकास संस्थान* द्वारा दीप फाउंडेशन के सहयोग से संचालित छह माह की "उड़ान यात्रा" का सफल समापन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 30 स्वयंसेवी युवाओं ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षण सुश्री अपर्णा माथुर (दीप फाउंडेशन) एवं कार्यक्रम के संचालन सुश्री हर्षा परमार (पहल जन सहयोग विकास संस्थान) द्वारा किया गया। यह यात्रा नवंबर 2025 में प्रारंभ हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में 21वीं सदी के अनुरूप आवश्यक कौशलों का विकास करना था। इस दौरान कुल पांच प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिनमें तीन ऑफलाइन (फिजिकल) एवं दो ऑनलाइन प्रशिक्षण शामिल थे।प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, निर्णय लेने की योग्यता, स्वयं की क्षमताओं की पहचान, करियर योजना निर्माण, वित्तीय योजना (फाइनेंशियल प्लानिंग) तथा व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया गया। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्री धीरज बब्बर, उपस्थित थे।

## हम सुधरेंगे युग सुधरेगा,हम बदलेंगे युग बदलेगा- डॉ.सोलंकी

**बड़वानी ।** मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी एवं विश्व गायत्री परिवार बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नशामुक्ति रैली निकाल कर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ एवं सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ .सुमेरसिंह सोलंकी राज्य सभा सांसद के द्वारा गायत्री परिवार का झण्डा रोहण कर किया गया। इस अवसर पर डॉ.सोलंकी ने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों विद्यार्थियों एवं गायत्री परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज से नशे को दूर करने की सख्त आवश्यकता है। नशे की लत ने समाज को खोखला कर दिया है । नशे ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है । इसलिए हम सबको मिलकर नशा रूपी इस राक्षस को भारत की भूमि से दूर भगाना है । अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने कहा कि नशे से जुड़े प्रत्येक व्यवसाय को बंद कर-के नशे के आदि व्यक्तियों को सुधार कर उन्हें, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। यदि हमारे प्रयासों से हम समाज के व्यक्तियों को नशे की बुरी आदतों से दूर करेंगे, तो निश्चित ही हमारा देश निकट भविष्य में नशा मुक्त भारत कहलाएगा ।

## कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के माध्यम से निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने रविवार को नियमित निरीक्षण के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से निमार्णाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को कराने वाले विभागीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग कर अति शीघ्र कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान हरे वृक्षों को बचाकर निर्माण कार्य किए जाएं। जहां भी बड़े परिसर है वहां हरियाली के लिए पौधारोपण करें जिससे परिसर की सुंदरता भी रहे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने रविवार को नियमित निरीक्षण के दौरान देवास रोड़ सांईस कॉलेज के समीप निमार्णाधीन गीता भवन ऑडिटोरियम, विक्रमकीर्ति मंदिर संग्रहालय का उन्नयन कार्य, तारामंडल के समीप रेप टाईल पार्क निर्माण कार्य और कोठी पैलेस पर निमार्णाधीन वीर भारत संग्रहालय के कार्य का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने गीता भवन ऑडिटोरियम निर्माण कार्य प्रगति की जानकारी लेने के बाद संबंधित विभाग को तेज गति से निर्माण पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके बाद विक्रम कीर्ति मंदिर संग्रहालय उन्नयन कार्य का अवलोकन किया। यहां पर जानकारी में बताया गया कि वर्तमान में सिविल कार्य पूर्ण हुआ है। इंटीरियर और प्रीहिस्टोरिक गैलरी का कार्य प्रगतिरत है। यह भी जानकारी दी गई कि निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए कार्य की गति बढ़ाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात तारामंडल के समीप निर्माण अधीन रेप्टाइल पार्क का निरीक्षण किया। यहां पर जानकारी दी गई कि विजिटिंग पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया है वहीं हॉर्टिकल्चर पोस्टमार्टम और रेस्क्यू सेंटर का निर्माण स्ट्रक्चर स्तर पर है।

खास न्यूज

## फर्जी मालिक बन सौदा करने वाले 5 दिनों की रिमांड पर

**उज्जैन।** जमीन का फर्जी मालिक बनकर ग्राम सलामता में 12 बीघा जमीन का सौदा 1.39 करोड़ करने के बाद अनुबंध के दौरान 36 लाख की धोखाधड़ी करने वाले की शिकातय ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर और उसके भतीजे कुलदीपसिंह ने माधवनगर थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर धोखाधड़ी करने वाले तथाकथित जमीन मालिक दिलीप सिंह जिसका वास्तविक नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेड़ा चितावलिया और सौदा करने वाले दलाल मंगल पिता हाकमसिंह निवासी ग्राम रलायती को गिरफ्तार किया था। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 5 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि दोनों से स्वीफ्ट कार, मोबाइल के साथ फर्जी आधार कार्ड और कई दस्तावेज बरामद किये गये है। रिमांड अवधि में धोखाधड़ी से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी। दोनों आरोपी गिरोह के रूप में काम करते है। उनके द्वारा कई लोगों से धोखाधड़ी किया जाना सामने आ रहा है।

## जहरीला पदार्थ खाने वाले होटल संचालक की मौत

**उज्जैन।** माकडोन के नयापुरा में रहने वाला अर्जुन पिता मायाराम नायक 35 साल कस्बे के चौराहा पर चाय-नाश्ते की दुकान संचालित करता था। सोमवार को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे मां गीताबाई परिवार के सदस्यों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची थी। उज्जैन लाने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां आधी रात को अर्जुन की मौत हो गई। मंगलवार सुबह माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक 2 बच्चों का पिता था, घर में कोई परेशानी नहीं थी, दुकान भी अच्छी चलती थी, अर्जुन ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच माधवनगर थाना पुलिस द्वारा माकडोन थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

## बाइक सवार दंपति को डंपर ने मारी टक्कर, पति की मौत

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग नलवा ब्रिज पर मंगलवार दोपहर बाइक सवार दंपति को डंपर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति की मौत हो गई, पत्नी गंभीर घायल है। दोनों झाबुआ के रहने वाले है। परिजनों के आने पर मृक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि दोपहर में दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस नलवा ब्रिज बड़नगर मार्ग पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि बाइक सवार दंपति को तेजगति से दौड़ते डंपर ने टक्कर मारी है। दोनों को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन पति की मौत हो चुकी थी। पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई थी और वह बोल पाने की स्थिति में नहीं थी। दोनों की पहचान करने पर मृतक पति का नाम सुरेश पिता नंदू भाबोर 35 साल निवासी नयापुरा सारंगी थाना पेटलावद झाबुआ सामने आया। शाम को दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई। जिनके आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूरी करते थे और उज्जैन से बाइक पर सवार होकर वापस झाबुआ लौट रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

## सब्जी व्यवसाई का रास्ता रोक बदमाशों ने किया हमला

**उज्जैन।** फ्रीगंज में सब्जी का व्यवसाय करने वाला तुषार पिता पप्पू रायकवार निवासी कंचनपुरा सोमवार रात 11.30 दुकान बंद करने के बाद घर लौट रहा था। कंचनपुरा में उसका रास्ता मोनू, साहिल, ओम, गोलू और आयुष ने रोक लिया। बदमाशों ने पाऊच लाने की बात कहीं। जिस पर उनका विवाद हुआ। बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। घटना में तुषार के दोनों पैर फैक्चर हो गये। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तुषार के साथ मारपीट का पता चलते ही भाई सिद्धू पहुंचा और उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर मामले की सूचना पुलिस को दी।

## रास्ते को लेकर परिवार के बीच विवाद में पांच घायल

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के बैजनाथ में एक ही परिवार से जुड़े सुरेश पिता रमेशपुरी और ओम पिता तेजपुरी के बीच मंगलवार दोपहर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि सुरेशपुरी के परिवार ने ओमपुरी के घर के सामने निर्माण मटेरियल रख दिया था। जिसके चलते रास्ता बंद हो गया था। ओम के परिवार ने मटेरियल हटाने के लिये बोला तो दोनों पक्ष भिड़ गये। एक ओर से सुरेश और उमा घायल हुई। दूसरी ओर से ओम, उसके पिता तेजपुरी और राधाबाई को चोंट आई है। मामले में महिदपुर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 599/3 | 189/8 |
| कल्याण ना | 570/2 | 178/6 |
| मैन बाजार | 190/0 | 290/1 |
| मिलन डे | 160/7 | 130/4 |
| मिलन ना | 367/6 | 280/0 |
| मधुर डे | 456/5 | 447/5 |
| मधुर ना | 160/7 | 770/4 |
| | शुभांक | |
| 1 | 4 | 3 |

### उपचार के दौरान दोनों की मौत, गांव का माहौल हुआ गमगीन

# पुत्र को जहरीली गोली खिलाने के बाद मां ने भी खाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/झारड़ा**

ग्राम लसुडिया गोयल में मंगलवार को दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया। 8 साल के पुत्र को जहरीली गोली खिलाने के बाद मां ने भी खाली। परिजनों ने दोनों की बिगड़ती हालत देखी तो उपचार के लिये आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। बालक को डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई।

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया गोयल में 3 भाईयों का सयुक्त परिवार रहता था और 20 बीघा जीमन पर खेती करता है। परिवार में कोई विवाद नहीं है। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के लगभग परिवार के एक भाई रघुसिंह तंवर की पत्नी सीमाबाई और 8 साल का पुत्र राजवीर उल्टियां करते दिखाई दिये। सीमाबाई के जेठ शिवसिंह तंवर ने दोनों को देखा तो तत्काल परिवार के साथ आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बीच सामने आया कि सीमाबाई ने पहले पुत्र को जहरीली गोली खिलाई और फिर खुद ने खा ली। आगर पहुंचने पर डॉक्टरों ने बालक राजवीर को उज्जैन रैफर कर दिया। राजवीर को उज्जैन लाया जाता, उससे पहले सीमाबाई की आगर अस्पताल में मौत हो गई। उज्जैन के निजी अस्पताल में राजवीर को भर्ती किया गया, जहां दोपहर में उसकी भी मौत होना सामने आया। सीमाबाई का आगर में पोस्टमार्टम कराया गया। बालक राजवीर को उज्जैन नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मां और पुत्र की मौत होने की खबर लसुडिया गोयल पहुंची तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि सीमाबाई ने ऐसा कदम क्यों उठाया। मामले में नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि बालक के बड़े पापा शिवसिंह के बयान दर्ज कर शव सौंपा गया। शिवसिंह ने भी ऐसा कोई कारण नहीं बताया कि जिससे दोनों के द्वारा उठाये गये कदम का कारण स्पष्ट हो पाये। वहीं झारड़ा थाना प्रधान आरक्षक भारतसिंह चौहान ने बताया कि गांव में भी परिवार के गमगीन होने पर कोई वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### शादी के सालों बाद हुई थी जुड़वा संतान

मृतक बालक राजवीर के बड़े पापा शिवसिंह ने बताया कि घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था परिवार संयुक्त रूप से रहता है। सीमा और रघुसिंह की शादी के बाद कई सालों तक उनकी कोई संतान नहीं हुई थी। काफी इलाज करने पर सीमा ने जुड़वा संतान को जन्म दिया था। एक राजवीर और दूसरी उसकी बहन है। बहन अपने मामा के यहां मैहरखेड़ी में रहती है। राजवीर माता-पिता और परिवार के साथ रहता था।

### दोनों का अलग-अलग हुआ अंतिम संस्कार

बताया जा रहा है कि सीमा का मायका आगर के पास मैहरखेडी में था। आगर अस्पताल में मौत होने पर उसका अंतिम संस्कार मायके पक्ष द्वारा मेहरखेड़ी में किया गया। वहीं उज्जैन में राजवीर की मौत होने पर उसे लसुडिया गोयल अंतिम संस्कार के लिये लाया गया। पूरे परिवार के साथ गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है।

**इनका कहना**

मां और पुत्र की मौत का मामला सामने आया है। घटनाक्रम के बाद पुलिस उनके घर पहुंची थी, लेकिन परिवार के कुछ लोग आगर और कुछ उज्जैन में होने पर जानकारी सामने नहीं आ पाई। लेकिन माना जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के चलते दु:खद घटना हुई है। जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।

-आनंद भाबोर, टीआई झारड़ा

# पिस्टल-कारतूस के साथ बदमाश से बरामद हुई ड्रग्स

### 2 दिन की रिमांड पर पूछताछ, साथियों की तलाश



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मादक पदार्थ और अवैध हथियार के साथ मंगलवार को पुलिस ने एक बदमाश को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। बदमाश से रिमांड पर पूछताछ जारी है। उसके कुछ साथी भी हिरासत में आ सकते है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार और मादक पदार्थ के साथ ऋणमुक्तेश्वर पुलिया के पास खड़ा है। संभवतः वह किसी को इंतजार कर रहा है। सूचना पर प्रभात गश्त में शामिल एसआई दौलतसिंह रावत, प्रधान आरक्षक बलवान राणा, आरक्षक ब्रजभूषण, गजधर वर्मा, कुलदीप भंडारी बदमाश की घेराबंदी के लिये पुलिया के पास पहुंचे। उसी दौरान एक ने पुलिस को आता देख भागने का प्रयास किया, जिसका पीछा किया और पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसका नाम पियुष पिता नरेन्द्र गेहलोद 38 साल निवासी उर्दूपुरा सामने आया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 2 देशी पिस्टल, 9 खाली राउंड और 1 जिंदा राउंड के साथ जेब में रखी प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में पांच ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। मादक पदार्थ और अवैध हथियार मिलने पर बदमाश के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/22 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 का प्रकरण दर्ज किया गया। बदमाश का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि उसके खिलाफ मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, शांति भंग करने और अन्य गतिविधियों के 8 प्रकरण दर्ज है। जिसे दोपहर में कोर्ट पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में कुछ नाम सामने आये है। जिनकी गिरफ्तारी के लिये रात में दबिश के लिये एक टीम रवाना की गई है।

# जवानों ने गोता लगाकर क्षिप्रा में डूबते श्रद्धालु को बचाया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

राजस्थान से धार्मिक यात्रा पर आया परिवार मंगलवार शाम मोक्षदायिनी क्षिपा नदी पर आस्था का नहान करने पहुंचा था। सिद्ध आश्रम के सामने डूबकी लगाते समय अचानक परिवार का एक सदस्य गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख घाट पर पेट्रोलिंग कर रहे एसडीआरएफ जवान आशीष चौहान और होमगार्ड सैनिक दीपक पटेल ने तत्काल नदी में गोता लगाया और डूबते श्रद्धालु को बचाकर बाहर निकला लिया। रामघाट चौकी प्रभारी ईश्वर चौधरी ने बताया कि दोनों जवानों की मदद के लिये होमगार्ड के जवान विजेन्द्रसिंह, जितेन्द्रसिंह और भैरू सोलंकी भी पहुंच गये थे। श्रद्धालु को निकालने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया। वह पूरी तरह से ठीक होना सामने आया। पूछताछ करने पर श्रद्धालु का नाम प्रेम कुमार पिता जयप्रकाश 28 साल पता चला। जिसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। श्रद्धालु का कहना था कि उसे गहराई का अंदेशा नहीं था, पैर फिसलने पर गहरे पानी में चला गया था। क्षिप्रा नदी के घाटों पर होमगार्ड/एसडीआरएफ के जवानों द्वारा लगतार तीन शिफ्टों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पेट्रोलिंग की जाती है। हर दिन आस्था का नहान करने वालों को गहराई में नहीं जाने की समझाईश अलाउंसमेंट के माध्यम से दी जाती है। बावजूद होमगार्ड के जवान क्षिप्रा तैराक दल के साथ मिलकर डूबते श्रद्धालुओं को बचाने में अपनी भूमिका निभाते है।

# भस्मारती के नाम मुम्बई के श्रद्धालु से पूर्व गार्ड ने की ठगी



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर में भस्मारती के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी का सिलसिला फिर से शुरू हो चुका है। पिछले कुछ दिनों में 3 तीसरा मामला सामने आया है। जब बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से दर्शन के नाम पर रूपये लेकर ठगी की गई है। पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज किये है।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि मंगलवार को मुम्बई के रहने वाले धीरज पिता संजय चौरघे की शिकायत पर भस्मारती के नाम पर हुई 4250 रूपये की ठगी के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। श्रद्धालु धीरज के अनुसार वह 24 मई को उन्हे संतोष अकोदिया का नम्बर मिला था। जिससे संपर्क होने पर उसे ऑनलाइन 3 हजार का ट्रांजेक्शन किया गया। 2 दिन बाद फिर 1250 ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से दिये गये। 29 मई को उज्जैन आने पर संतोष से संपर्क का प्रयास किया गया तो उसने मोबाइल रिसिव नहीं किया, बाद में स्वीच ऑफ आने लगा। एएसआई श्रवण कुमार के अनुसार श्रद्धालु द्वारा शिकायत आवेदन के माध्यम से की थी, जिसकी जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं मामले में थाना प्रभारी गगन बादल ने चर्चा में बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि श्रद्धालु से भस्मारती के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी पूर्व में मंदिर का सुरक्षा गार्ड रह चुका है। उसने कुछ साल पहले काम छोड़ दिया था। जिसकी तलाश मोबाइल लोकेशन के आधार पर जारी है। विदित हो कि इससे पहले 13 मई को महाराष्ट्र के 3 श्रद्धालुओं को मंदिर के सुरक्षा कर्मियों ने नंदी से दर्शन करते पकड़ा था। श्रद्धालुओं ने आशुतोष शर्मा को रूपये देकर दर्शन करने और भस्मारती की बुकिंग के लिये संपर्क करना बताया था। उक्त मामले में महाकाल थाना पुलिस ने मंदिर के सुपरवाइजर मुकेश बोगना की शिकायत पर आशुतोष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। 17 मई को बडोदरा की 2 महिला श्रद्धालु के साथ भस्मारती के नाम पर 42 हजार की धोखाधड़ी होना सामने आया था। महिला श्रद्धालु गूगल पर भस्मारती बुकिंग के लिये नम्बर सर्च किया था। उनका संपर्क दीपक मिश्रा से हुआ था। जिसने दर्शन, प्रोटोकॉल और सेव मनी के नाम पर रूपये लिये थे।

# वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है-राकेश गुप्ता




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पुलिस प्रशिक्षण शाला में संचालित नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के पांचवे सत्र का दीक्षांत परेड सामारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है।

मक्सीरोड पुलिस प्रशिक्षण शाला में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण रवि कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण इकाईयों में नव आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण उत्कृष्ट स्तर का संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पांचवे सत्र का दीक्षांत परेड समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता थे। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आरक्षक मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है और आमजन से अच्छा व्यवहार ही पुलिस की असली पहचान है। यह नव आरक्षक पुलिस के समक्ष आने वाली नई चुनौतियां का सामना डटकर करेंगे और अपने कर्तव्य पथ पर अनुशासन के साथ पूर्ण लगन के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होने परेड और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक पीटीएस और पूरे स्टाफ को बधाई दी। पीटीएस पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा बताया गया कि इस बैच में 313 दिवस प्रशिक्षण दिया गया। 206 प्रशिक्षणार्थी पास आउट हो रहे हैं। नव आरक्षकों का प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दो सेमेस्टर में पूरा होता है जिसमें 12 विषयों की लिखित परीक्षा आयोजित होती है, साथ ही आउटडोर एक्टिविटीज की ट्रेनिंग होती है ट्रेनिंग के दौरान आधुनिक हथियारों से फायरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। साइबर वॉरियर योजना के अंतर्गत 61 नव आरक्षक चयनित हुए हैं।

### नवआरक्षकों को दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा नव आरक्षकों को संविधान और पुलिस आचरण संहिता की शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्होंने देशभक्ति जन-सेवा और कर्तव्य परायणता की शपथ ली। प्रशिक्षण काल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित नगद राशि और ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक नितिन अमलावद और आईजी ऑफिस उज्जैन के डॉ. अनिल जूनवाल द्वारा किया गया।

### बैठक के बाद एडीजी निकले निरीक्षण पर

# महाकाल मंदिर से नईखेड़ी स्टेशन तक देखी व्यवस्था

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 को लेकर धार्मिक नगरी में चली रही तैयारियों को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) उज्जैन पहुंचे और समीक्षा बैठक में शामिल होने के बाद अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महाकाल मंदिर से नईखेड़ी रेलवे स्टेशन तक पहुंचे।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सिंहस्थ) उपेन्द्र जैन सिंहस्थ 2028 की धार्मिक नगरी में चल रही तैयारियों का अवलोकन करने आये थे। उन्होने सबसे पहले समीक्षा बैठक आयोजित कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली। उसके बाद ट्रेवलर में संभागायुक्त आशीष सिंह, आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और अन्य अधिकारियों के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, क्राउड फेसीलिटेशन, सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधनका अवलोकन करने निकले। इस दौरान सभी अधिकारियों के साथ उन्होने श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही, दर्शन व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, यातायात संचालन, पार्किंग प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिये। उसके बाद नईखेड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों एवं प्रारंभिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। सिंहस्थ अवधि में रेलवे स्टेशन पर संभावित यात्री दबाव, यात्री सुविधाओं, यातायात समन्वय, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित आवश्यकताओं का आकलन किया गया। एडीजी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## मन ही मूल समस्या



ऐसा क्यों होता है कि हम जो कुछ भी छूते हैं, वह समस्या में परिवर्तित हो जाता है? हमने ईश्वर को एक समस्या बना दिया है; हमने प्रेम को एक समस्या बना दिया है; हमने संबंध को, जीने को एक समस्या बना दिया है और हमने काम-वृत्ति को भी एक समस्या बना दिया है। क्यों हम खुद को समस्याओं से भरे जीवन को समर्पित कर देते हैं? उनका अंत क्यों नहीं करते? हम अपनी समस्याओं को दिन-प्रतिदिन, वर्ष-प्रतिवर्ष ढोते रहते हैं। काम-वृत्ति निस्संदेह एक प्रासंगिक प्रश्न है, परंतु मूलभूत प्रश्न यह है कि क्यों हम जीवन को ही समस्या बना लेते हैं? धंधा, धन का उपार्जन, काम-वृत्ति, भावना, अनुभव, जीवन का यह समस्त व्यापार, यह सब एक समस्या क्यों है? क्या यह इसीलिए नहीं है कि हम सदा एक खास दृष्टिकोण से, एक बंधे-बंधाए दृष्टिकोण से सोचा करते हैं? अपने सोच-विचार में हम सदा केंद्र से परिधि की ओर जाते हैं, लेकिन हममें से अनेक के लिए परिधि ही केंद्र बन जाती है, अतः जिस वस्तु का हम स्पर्श करते हैं, वही सतही हो जाती है। जीवन सतही नहीं है, उसकी मांग तो समग्रता में जीने की है; चूंकि हम केवल सतही ढंग से जीते हैं, इसलिए केवल सतही प्रतिक्रिया जानते हैं। परिधि पर रहकर हम चाहे जो कुछ करें, उससे समस्या ही पैदा होती है, और यही हमारा जीवन है। हम सतही स्तर पर जीते हैं और उसकी तमाम समस्याओं के साथ जीकर संतोष कर लिया करते हैं। जब तक हम सतही स्तर पर, परिधि पर जीते हैं, समस्याओं का अस्तित्व बना रहता है और यह परिधि क्या है? यह है, मैं और उसके संवेदन, उसकी उत्तेजनाएं। इस मैं को हम एक बाह्य रुख दे सकते हैं या फिर व्यक्तिनिष्ठ बना सकते हैं, जिसका हम सृष्टि के साथ, राष्ट्र के साथ अथवा मन की बनाई हुई किसी दूसरी चीज के साथ तादात्म्य कर सकते हैं। जब तक हम मन के दायरे में रहते हैं, जटिलताएं बनी रहेंगी, समस्याएं बनी रहेंगी; यही है जो हम जानते हैं। मन संवेदन है, मन संचित उत्तेजनाओं और प्रतिक्रियाओं का नतीजा है, और जिस किसी चीज को भी वह छू लेगा, वह चीज पीड़ा व अंतहीन समस्या ही पैदा करेगी। मन ही हमारी समस्याओं का वास्तविक कारण है। मन चेतन व अचेतन स्तर पर रात-दिन यंत्रवत कार्य कर रहा है। मन एक अत्यंत सतही चीज है और इसी मन का संवर्द्धन करने में, इसे चालाक बनाने में अधिकाधिक मूर्त और दुष्ट बनाने में हमने पीढ़ी-दर-पीढ़ी पूरी जिंदगी बिता डाली है। यह सब हमारे जीवन की हर एक गतिविधि से जाहिर होता है। मन स्वभाव से ही कपटी तथा कुटिल है, तथ्यों का मुकाबला करने में असमर्थ है, और यही समस्याओं की जड़ है। यही तो है मूल समस्या।

**सम्पादकीय**

# नेपाल में नए दावे

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने अपने देश की संसद में कुछ ऐसी टिप्पणियां की हैं, जिनसे वहां एक नया विवाद शुरू हो गया है। नेपाली संसद के मौजूदा सत्र में अपनी पहली उपस्थिति पर बालेंद्र शाह ने भारत के साथ सीमा विवाद का जिक्र विवादास्पद ढंग से किया है। उनके बयान के दो पहलू हैं। पहला, शाह के अनुसार, लिपुलेख दर्रे का विवाद कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जा सकता है और इसके लिए उनकी सरकार ने ब्रिटेन और चीन से संपर्क किया है। नेपाली प्रधानमंत्री का यह तर्क चिंताजनक है कि चूंकि यह विवाद ब्रिटिश भारत काल से चला आ रहा है, इसलिए समाधान में ब्रिटेन की भागीदारी आवश्यक है। यह तो और भी असुविधाजनक है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में चीन को भी शामिल करना चाहते हैं। पड़ोसी प्रधानमंत्री की यह इच्छा कूटनीति के लिहाज से नेपाल को अनुकूल लग सकती है। दरअसल, भारत के कुछ अन्य पड़ोसी भी हैं, जो किसी विदेशी ताकत के साथ मिलकर भारत विरोध का लाभ उठाते रहे हैं। दक्षिण एशिया को जिस मकसद से टुकड़ों में बांटा गया था, वह मकसद हमारा एक पड़ोसी देश पूरा करता दिखना चाहता है, तो आश्चर्य की बात नहीं।

पड़ोसी प्रधानमंत्री की ताजा टिप्पणी का दूसरा पहलू तो और भी सनसनीखेज है। उन्होंने अपनी संसद में दावा किया है कि नेपाल ने कई जगह भारतीय क्षेत्र का अतिक्रमण कर रखा है, क्षेत्रीय अतिक्रमण एकतरफा नहीं है। वह आश्चर्य जताते हैं कि उन्हें भी प्रधानमंत्री बनने के बाद ही यह बात पता चली। हालांकि, उनकी यह दलील स्वागतयोग्य है, दोनों देशों को तथ्यों का निष्पक्ष रूप से विश्लेषण करना चाहिए और विवाद सुलझाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उनकी ताजा टिप्पणी का खुद नेपाल में विरोध शुरू हो गया है। वहां की विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि उनके प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को संसदीय रिकॉर्ड से हटाया जाए। नेपाल में ही बालेंद्र शाह से सुबूतों की मांग हो रही है। वाकई, यह जानना जरूरी है कि उन्होंने यह दावा क्यों और कैसे किया है? क्या यह दावा नेपाल की ताकत दिखाने के लिए है या इस दावे का मतलब सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारत पर दबाव बनाना है? यह बिल्कुल नए तरह का विवाद है, जिस पर नेपाल में सरगर्मी तेज हो गई है। बहरहाल, भारत की प्रतिक्रिया सावधानी भरी है और विवाद बढ़ाने की किसी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष कोशिश से बचना ही सबसे अच्छी रणनीति है।

**विश्व साइकिल दिवस विशेष**

# सेहत के साथी, प्रदूषण की दुश्मन और किफायती है साइकिल





डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

साइकिल के पुराने दिन अब वापस लौट आयगे। क्योंकि अब प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आग्रह किया कि पेट्रोल और डीजल का उपयोग कम करके मेट्रो और बस का उपयोग करने के साथ साइकिल भी चलाएं यह सलाह दी गई । 1970 के दशक में जब से तेल संकट बना हुआ,तब संसार के कई देशों ने परिवहन व्यवस्था में बदलाव आया था । अब नीदरलैंड , डेनमार्क और यूरोप के कई देशों में साइकिल - लेन का विस्तार किया गया । कई देशों में अब साइकिल चलाने का चलन बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में भी अब इसे गरीबी या पिछड़ेपन से जोड़ने के बजाय पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम माना जाने लगा है। अब साइकिल चलाना शोकिया तौर के साथ ही डॉक्टर और जीम ट्रेनर भी इसे नियमित रूप से चलाने की सलाह देते हैं। साइकिल चलाने वाले को निम्न दृष्टि से देखने की स्थितियां अब खत्म हो चुकी है। साइकिल में भी अब अनेक विकल्प आ चुके है, रईस लोगो को बहुत अच्छी किस्म की महंगी साइकिल चलाते हुए देखा जाता है। यही नहीं देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रीगण भी अपने-अपने सचिवालय विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल से ही जाते हैं। वे आम जनता को यह संदेश देते हैं, कि स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए नियमित रूप से साइकिल चलाएं। जापान में तो हफ्ते के एक दिन सभी अधिकारी, नेतागण व आम जनता साइकिल का ही प्रयोग करते है।

सर्वविदित है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून 2018 को विश्व साइकिल दिवस मनाने की घोषणा की थी। जिसका कई देशों ने समर्थन किया। यदि देखा जाए तो स्वास्थ्य के लिए सबसे सुलभ व सस्ता साधन साइकिल ही है , क्योंकि यह सेहत बनाने के साथ ही प्रदूषण की दुश्मन भी है। हर बच्चे का ख्वाब और सबसे किफायती कोई वाहन है, तो वह केवल साइकिल ही है। साइकिल की खुशी का पैमाना 200 साल से भी पुराना है। आज जितने स्टाइलिश और नए-नए अंदाज में हमारे सामने साइकिल आ रही है । वे वास्तव में कई बार परिवर्तन होकर आधुनिक युग के अनुसार बनी है।

विश्व की सबसे पहली साइकिल लकड़ी की बनी थी। इसमें लकड़ी के ही पहिए और लकड़ी के ही हैंडल थे तथा इसमें ना तो पेडल थे और ना ही चेन। जो पैदल चलकर बोझ लाद कर यात्रा करने के लिए उपयुक्त थी। ऐसे लोगों के लिए यह सायकिल जर्मनी के बैरन कार्ल वान डाइस बेरेंस ने 1817 में बनाई थी। इसके पश्चात 1860 में फ्रांस में पेडल-चेन व बैठने के लिए सीट लगाकर इसे थोड़ा और आरामदायक बना दिया गया। इसके कई वर्षों के बाद 1977 में गियर वाली साइकिल ने यूरोपीय बाजार में अपना स्थान बना लिया था। 21वीं शताब्दी की मोस्ट फेवरेट फैट बाइक इसका यह आकार ही इसकी पहचान है । तभी तो यह आज 21 गियर सस्पेंशन व 4 इंच मोटे टायर वाली फैट साइकिलों का जलवा है।

साइकिल चलाने में सबसे बड़ी दिक्कत यह है, कि हर किसी शहर में ना तो साइकिल ट्रैक बने हुए हैं। और ना हीं सड़कों पर सिल्वर-व्हाइट पेंट की मार्किंग की गई है। ऐसे में साइकिल चलाने वालों को तेज रफ्तार कार व बाइक चलाने वालों के साथ ही सफर पूरा करना पड़ रहा है। इसमें दुर्घटना की काफी संभावनाएं बनी रहती है। उज्जैन में इस दिशा में हीरा मिल क्षेत्र में साइकिल ट्रैक बना है तथा साथ ही महानंदा नगर एरिया के चारों ओर भी साइकिल ट्रैक बन चुका है। साथ ही पिछले दो वर्षों में भारत सरकार साइकिल चलाने के लिए स्मार्ट सिटी में साइकिल प्रतियोगिता भी करवा रही है।

अब निश्चित ही साइकिल के प्रति जागरूकता बढ़ने व बढ़ाने की महती आवश्यकता है ,क्योंकि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। एक उम्र के बाद इससे मोटापे व जोड़ों में दर्द की समस्या भी नहीं होती है। अतः धन की बचत और बेहतर स्वास्थ्य के लिए कम दूरी की यात्रा साइकिल से ही पूरी करना चाहिए। कुछ लोग साइकिल से यात्रा करने में भी पीछे नहीं हैं ये लोग अनिवार्य रूप से नियमित 1 घंटे साइकिल चलाते ही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार साइकिल स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण परिवहन सिद्ध हो चुका है।

साइकिल कभी आम आदमी की सवारी मानी जाती थी, लेकिन यह आधुनिक गाड़ियों की बढ़ती खपत ने इसे गायब ही कर दिया। इसके लिए हमारी सोच, सिस्टम और सरकार तीनों ही जिम्मेदार है।

साइकिल की लोकप्रियता के यह आवश्यक है, कि हेल्थ पॉलिसी में साइकिल को पॉलिसी देकर राष्ट्रीय साइकिल नीति बनाई जानी चाहिए। स्कूलों में साइकिल एजुकेशन अनिवार्य किया जाना चाहिए । साइकिल पार्किंग अनिवार्य और सिक्योर और फ्री हो। साइकिल चलाने का प्रचलन बढ़ता है, तो प्रदूषण भी 30% तक कम हो सकेगा । साइकिल से ईंधन की बचत से तेल आयात पर निर्भरता घटेगी। इसके साथ ही चिकित्सा पर होने वाला खर्च भी कम होगा , क्योंकि विदेशों में जैसे नीदरलैंड में साइकिल से प्रति व्यक्ति 1000 यूरो सालाना बचत होती है । इससे हमें न केवल यातायात में सुविधा बल्कि जीवन शैली स्वास्थ्य और पर्यावरण में सुधार संभव होगा।

**विश्व साइकिल दिवस पर विशेष**

## साइकिल अपनाओ, भोपाल को नई पहचान दिलाओ

विश्व साइकिल दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य का संदेश है। इसी संदेश को वर्षों से जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं भोपाल के साइकिलिस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता विनोद पांडेय जिन्होंने साइकिल को केवल फिटनेस का साधन नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाया है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सदस्य को लोगों को नियमित साइकिल चलाने, हेलमेट पहनने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। विनोद का उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है।

आज जब दुनिया प्रदूषण, ट्रैफिक और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की चुनौतियों का सामना कर रही है, तब विनोद पांडेय जैसे लोग समाज को एक सकारात्मक दिशा दिखा रहे हैं। उनकी यह पहल साबित करती है कि परिवर्तन की शुरूआत किसी बड़े संसाधन से नहीं, बल्कि एक छोटे से पैडल से भी हो सकती है।

### पैडल से परिवर्तन, साइकिल से समाधान

विश्व साइकिल दिवस पर विनोद पांडेय का आह्वान है कि हर नागरिक सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करे और एक स्वस्थ, स्वच्छ एवं हरित भोपाल के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाए।

साइकिल चलाइए, स्वास्थ्य बढ़ाइए, पर्यावरण बचाइए और भोपाल को साइकिल सिटी बनाइए।

**विनोद पांडेय**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 जून 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:05
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - तृतीया 21:21 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 24:59 उपरांत उत्तराषाढा
योग - शुभ 08:12 उपरांत शुक्ल
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 16 तारिख

**मेष-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कोई नई समस्या आ सकती है।

**वृषभ-** पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**मिथुन-** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**कर्क-** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह-** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या-** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है।

**तुला-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। शत्रु परास्त होंगे।

**वृश्चिक-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यय होगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु-** वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर-** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी।

**कुंभ-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**मीन-** निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें।

**सम सामयिक**

# प्रतिपक्ष में कर्तव्य बोध की कमी चिंताजनक



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

देश-प्रदेश में व्याप्त अनेकानेक ऐसे ज्वलंत मुद्दे है, जिसे लेकर सत्तापक्ष को बहुत आसानी के साथ घेरा जा सकता है। लेकिन आजकल के प्रतिपक्ष में वह धार नहीं है जो बीते कुछ दशकों में तत्कालीन प्रतिपक्ष की दिखाई देती थी। वरना एक जमाना था जब छोटे-छोटे प्रतिपक्षी दल तथा उसके नेता अपने सीमित प्रभाव क्षेत्र के बावजूद भी तमाम तरह की जन समस्याओं पर तूफान खड़ा कर देते थे। जाहिर है कि तब उनका मनोबल इस कदर सशक्त था कि हर तरह की प्रताड़ना के बावजूद भी वे अपना राजनीतिक धर्म निभाने से गुरेज नहीं करते थे। उनकी तत्कालीन भूमिका केवल और केवल संघर्षों से ही भरी हुई थी। लेकिन वर्तमान प्रतिपक्ष में ऐसी जीवटता का कोई लक्षण दिखाई नहीं देता।

तब के दौर में प्रतिपक्ष ने शायद ऐसी कल्पना भी नहीं की होंगी कि एक दिन वह देश-प्रदेश की सत्ता में भागीदारी कर सकेगा। आज स्थिति यह है कि कल के प्रतिपक्षी नेता सत्ता में है और कल के सत्तासीन नेता आज विपक्ष की भूमिका में है। दरअसल बीते दौर में प्रतिपक्षी दल एवं उसके नेताओं द्वारा व्यापक जनहित में समय-समय पर किए गए तमाम आंदोलन एवं संघर्ष का ही यह परिणाम है कि वे लगभग शून्य से शिखर तक का सफर तय कर सके। बड़ी विचित्र बात है कि कल तक के प्रतिपक्षी दल एवं उसके नेता सत्ता संचालन के गुर को भलीभांति समझने लगे हैं। लेकिन वर्तमान प्रतिपक्ष अपने राजनीतिक धर्म के निर्वहन में अभी बहुत पीछे है।

एक प्रकार से उनके मानस पटल पर बीते दौर की सत्ता की खुमारी का लक्षण नजर आता है। यही कारण है कि ये समझ नहीं पा रहे कि सत्तापक्ष की मनमानी एवं गलत रीति-नीति का भी विरोध किया जाए तो आखिर किस तरह ? दरअसल लोकतंत्र में प्रतिपक्ष की क्या भूमिका होती है और होना चाहिए ? इस तरह के विचार पर शायद इन्होंने कभी मंथन किया ही नहीं। यही कारण है कि कल तक के धुरंधर विपक्षी नेता आजकल के दौर में सत्ता के मुख्य केंद्रबिंदु बन गए हैं। जिसके चलते कभी-कभी देश-प्रदेश में आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता का परिचय भी देखने को मिलता है। दरअसल प्रतिपक्ष की यह लाचारी स्वतः ही सत्तापक्ष को लगातार सशक्त बनाती जा रही है। वैसे लोकसभा में पिछले चुनाव परिणाम के चलते मुख्य विरोधी दल की सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। लेकिन इतनी पर्याप्त और प्रभावी संख्या के बावजूद सदन में प्रतिपक्ष की कमजोरी और लाचारी साफ तौर पर नजर आती रही है। जहां तक केंद्र सरकार का सवाल है, वह एकतरफा बहुमत के आधार पर सत्ता में नहीं है बल्कि बहुमत के मुहाने पर है। इसके बावजूद छोटी बड़ी तमाम असफलताओं के बावजूद सत्तापक्ष को प्रतिपक्ष से किसी प्रकार के खतरे का अंदेशा नहीं होता। यह स्थिति बदलनी चाहिए अन्यथा लोकतंत्र में लोकतंत्र रहे, इसकी भला क्या गारंटी ?

कुल मिलाकर मुद्दे की बात यह कि वर्तमान प्रतिपक्षी दल तथा उसके राजनेता आम नागरिकों के हित की आवाज को बुलंद करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते बड़ी से बड़ी समस्या और बड़ी से बड़ी घटना को लेकर उठाई गई आवाज राजनीति के नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह जाती है। जबकि आज भी देश-प्रदेश में तमाम प्रतिपक्षी दलों का जनाधार बीते दौर के प्रतिपक्षी दलों के जनाधार से कई गुना बड़ा है। वैसे भी जन-जन में राजनीतिक जागृति के चलते पिछले कुछ दशकों से देश-प्रदेश का सत्तापक्ष संख्याबल के हिसाब से सदन में कोई ज्यादा कमजोर नहीं है। प्रतिपक्ष चाहे तो जन समस्याओं को लेकर बहुत आसानी के साथ सत्तापक्ष को घेर सकता है। लेकिन वर्तमान दौर में देखा जा रहा है कि चाहे देश-प्रदेश में तमाम तरह की समस्याओं का अंबार लगा हो, लेकिन आम नागरिकों के व्यापक हित में राजनेताओं से कई गुणा अधिक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन केवल और केवल मीडिया ही करता रहा है।

# कब्ज की समस्या से राहत दिलानें में मददगार होंगे ये घरेलू नुस्खे



आज के समय में गलत खानपान के कारण अधिकांश लोग कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। कब्ज होने से न केवल पेट में परेशानी रहती है बल्कि कई बार इससे शरीर को अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। दरअसल कब्ज की वजह से पेट साफ नहीं हो पाता जिसके चलते बहुत से लोगों को पिंपल्स की समस्या भी होने लगती है। इतना ही नहीं ये आपके हार्ट और लीवर को भी डैमेज कर सकता है। अगर आप भी कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं जो आपको आसानी से इस समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। अगर आप त्रिफला का सेवन सही तरीके से करें तो यह आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। आइए जानते हैं डायबिटीज के मरीज किस तरह से त्रिफला का सेवन कर सकते हैं।

### जड़ी-बूटी

कब्ज की समस्या से राहत पाने के लिए सोने से पहले 1 ये दो या टी स्पून त्रिफला पाउडर गर्म पानी के साथ लें। त्रिफला हरड़, बहेड़ा और आंवले से बना होता है। ये तीनों पेट के लिए लाभकारी माने जाते हैं। इनके सेवन से कब्ज की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

### नीबू पानी

नीबू हमारे शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। नींबू को विटामिन सी का अच्छा सोर्स माना जाता है। विटामिन सी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मददगार। लेकिन अगर कभी कब्ज हो जाए तो एक गिलास गर्म पानी में एक नीबू का रस और शहद मिला कर पीने से इस समस्या से राहत पाई जा सकती है।

### दूध और दही

दूध और दही को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। दरअसल कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए पेट में अच्छे बैक्टीरिया का भी होना जरूरी है। सादे दही से आपको प्रोबायोटिक मिलेगा, इसलिए आप दिन में एक से दो कप दही जरूर खायें। या एक गिलास दूध में एक से दो चम्मच घी मिला कर रात को सोते समय पिएं, इससे कब्ज की समस्या में आराम मिल सकता है।

### पुदीना और अदरक

पुदीना और अदरक दोनों ही स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माने जाते हैं ये तो हम सभी जानते है लेकिन क्या आपको पता है कि पुदीना और अदरक दोनों की चाय बनाकर पीने से कब्ज की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**धर्म-आस्था**

# जब पालने में लेटा था परमब्रह्म: बाल रूप में भगवान राम और कृष्ण के विराट दर्शन



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

सनातन धर्म की सबसे अद्भुत विशेषता यह है कि वह ईश्वर को केवल दूर बैठे सर्वशक्तिमान सृष्टिकर्ता के रूप में नहीं देखता, बल्कि उसे पुत्र, मित्र, सारथी और सखा के रूप में भी अनुभव करता है। यही कारण है कि भगवान विष्णु के अवतार भगवान राम और भगवान कृष्ण के जीवन में ऐसे अनेक प्रसंग मिलते हैं, जहां उन्होंने अपने भक्तों को यह अनुभूति कराई कि वे सामान्य मानव नहीं, बल्कि समस्त ब्रह्मांड के अधिष्ठाता परमब्रह्म हैं।

इन प्रसंगों में सबसे अधिक भावपूर्ण वे क्षण हैं, जब बालक रूप में ही उन्होंने अपनी माताओं को अपना विराट स्वरूप दिखाया। यह केवल चमत्कार नहीं था, बल्कि भक्ति और ब्रह्मज्ञान का अद्भुत संगम था। रामचरितमानस के बालकांड में वर्णित एक प्रसंग के अनुसार माता कौशल्या ने बालक राम को पालने में सुलाकर पूजा आरंभ की। पूजा के दौरान उन्होंने देखा कि भगवान को अर्पित किया गया नैवेद्य कोई बालक ग्रहण कर रहा है। निकट जाकर देखा तो वह स्वयं राम थे। माता आश्चर्यचकित हो उठीं। वे तुरंत पालने की ओर दौड़ीं, जहां राम शांति से शयन कर रहे थे। एक ही समय में दो स्थानों पर अपने पुत्र को देखकर वे विस्मय से भर गईं। तभी बालक राम ने अपनी माता को वह दिव्य दृष्टि प्रदान की, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है।

माता ने देखा कि उनके पुत्र के प्रत्येक रोम में असंख्य ब्रह्मांड विद्यमान हैं। सूर्य, चंद्रमा, ग्रह-नक्षत्र, पर्वत, नदियां, देवता, ऋषि और समस्त चराचर जगत उसी छोटे से बालक में समाहित है। उस क्षण माता कौशल्या को अनुभव हुआ कि उनकी गोद में खेलने वाला बालक वास्तव में संपूर्ण सृष्टि का पालनहार है।

किन्तु भगवान की लीला यहीं समाप्त नहीं हुई। उन्होंने अपनी योगमाया से माता को पुनः वात्सल्य भाव में स्थापित कर दिया, ताकि मां का प्रेम और पुत्र का स्नेह बना रहे। ऐसा ही एक अलौकिक प्रसंग श्रीमद्भागवत महापुराण में भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ा हुआ मिलता है। एक दिन ग्वालबालों ने माता यशोदा से शिकायत की कि कृष्ण मिट्टी खा रहे हैं। माता ने क्रोधित होकर कृष्ण से मुख खोलने को कहा। बालक कृष्ण ने जैसे ही अपना मुख खोला, माता यशोदा स्तब्ध रह गईं। उन्हें उस छोटे से मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड दिखाई दिया। पृथ्वी, आकाश, समुद्र, पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, देवता, वृंदावन और यहां तक कि स्वयं माता यशोदा भी उसी मुख के भीतर दिखाई दे रही थीं।

क्षणभर के लिए उनका मातृत्व भाव विस्मय में बदल गया। उन्हें अनुभव हुआ कि उनका लाल कोई साधारण बालक नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि का स्वामी है। परंतु भगवान की योगमाया ने पुनः उन्हें मां के वात्सल्य में लौटा दिया और वे अपने कान्हा को उसी स्नेह से दुलारने लगीं।

भगवान कृष्ण ने केवल माता यशोदा को ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों पर विभिन्न भक्तों को भी अपना दिव्य स्वरूप दिखाया।

अक्रूर जी को यमुना स्नान के समय उन्होंने अपना चतुर्भुज और दिव्य स्वरूप दिखाया। हस्तिनापुर की सभा में जब दुर्योधन ने उन्हें बंदी बनाने का प्रयास किया, तब उन्होंने ऐसा तेजस्वी स्वरूप प्रकट किया जिसमें समस्त देवता और लोक दिखाई दिए।

महाभारत के युद्धक्षेत्र में अर्जुन को दिखाया गया विश्वरूप तो भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की सबसे महान घटनाओं में गिना जाता है। भगवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय में वर्णित यह विराट दर्शन केवल अर्जुन को ही नहीं, बल्कि समस्त मानवता को यह संदेश देता है कि ईश्वर काल, कर्म और सृष्टि के नियंता हैं।

महर्षि व्यास की कृपा से संजय ने भी उस विश्वरूप का दर्शन किया और धृतराष्ट्र को उसका वर्णन सुनाया।

इन सभी घटनाओं का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहरा है। भगवान अपने भक्तों के प्रेम में बंधकर बालक बन जाते हैं, माता की गोद में खेलते हैं, मित्रों के साथ हंसते हैं, लेकिन उनका वास्तविक स्वरूप अनंत और असीम ही रहता है।

माता कौशल्या और माता यशोदा दोनों को यह अनुभव हुआ कि जिनको वे अपनी गोद में झुला रही हैं, वही अनगिनत ब्रह्मांडों के स्वामी हैं। यही सनातन धर्म की अद्भुत दृष्टि है, जहां परमात्मा और प्रेम का संबंध केवल पूजा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार और वात्सल्य तक पहुंच जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,300 रवा- 1,51,200 चांदी- टंच- 2,55,000 पाट- 2,54,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास


**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



अग्निवीरों का हुआ सम्मान

## ग्रामीण युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं इन्हें उचित अवसर उपलब्ध होना चाहिए

**जगोटी।** ग्रामीण युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है इनके भीतर असीमित संभावनाएं छिपी हुई है मगर उसको उचित अवसर व सही मार्गदर्शन नहीं मिलने से ये प्रतिभाएं सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं हो पा रही है, सरकार की गलत नीतियों से बेकारी चरम पर है व युवाओं में हताशा है यह स्थिति बदलना चाहिए। उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने पंचायत परिसर जगोटी में जगोटी के दो युवा ऋतुराज सिंह सोलंकी व विशाल आंजना के भारतीय सेना में अग्निवीर पद पर चयनित होने पर कांग्रेस के जगोटी मंडलम द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। विशेष अतिथि जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी व यंग सेवादल ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष डा विजय बोडाना , जिला कांग्रेस कमेटी सचिव विक्रम सिंह महूडी ने भी संबोधित किया। मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा व अतिथियों ने दोनों युवाओं को पुष्पहारों व शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसान नेता रणछोड़ पटेल, मोहन लाल हेड़ा, रजनीश तिवारी, धनसिंह पटेल, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, कमल सूर्यवंशी, डा बजरंग गुरु, मुन्ने खां पठान, आरिफ तंवर , रवि बोडाना ,अनोखीलाल शर्मा, सुनील पंवार, मोहनलाल परमार,सुनील पटेल, नारायण सिंह सोलंकी, टीकमसिंह ताजपुर, राजा बाबू पटेल, पिंटू बैरागी, भरत पटेल, धीरजसिंह सोलंकी, राजेश चौधरी ने भी चयनित युवाओं के अभिभावकों का सम्मान किया।

## धौलपुरे टीम की प्रस्तुति ने बांधा समां




**शुजालपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुजालपुर दौरे के दौरान आयोजित सभा में राष्ट्रीय कबीर भजन गायक दिनेश कुमार धौलपुरे, बाबूलाल धौलपुरे एवं उनकी टीम ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। सभा से पूर्व हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने कबीर भजन, मालवी लोकगीत एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। धौलपुरे टीम की प्रस्तुति को उपस्थित जनसमुदाय और मातृशक्ति ने खूब सराहा। कार्यक्रम में संगीतकार आदर्श धौलपुरे, आदित्य धौलपुरे, ईश्वर कांसिया, भेरूलाल परमार एवं अमरसिंह राठौड़ सहित अन्य कलाकारों ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, प्रभारी मंत्री नारायणसिंह पंवार, सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक अरुण भीमावद, विधायक घनश्याम चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## आरक्षक व्यास की पदोन्नति पर सहयोगियों तथा नगरवासियों ने किया स्वागत



**महिदपुर रोड।** नगर के थाने पर पदस्थ आरक्षक मनीष व्यास के प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत होने पर नगर के पुलिस थाने में एसडीओपी जेडेन लिंग जेरेपा की उपस्थिति में एक कार्यक्रम आयोजित कर उनका सम्मान किया गया तथा उनके कार्य व्यवहार की प्रशंसा की गई। एस डी ओ पी जेरेपा ने कहा मेहनत करने वाला हमेशा उंचाई को छूता है, उन्होंने व्यास को कार्य व्यवहार की तारीफ की इस अवसर पर थाना प्रभारी आर एस भाबोर, प्रेम मालवीय ए एस आई रविन्द्र सिंह बैंस, सुरेश सोन गरा, दिनेश मंडोवरा, नरेश शर्मा, उपस्थित रहे व्यास की पदोन्नति के उपरांत उनकी नई पोस्टिंग खाचरौद थाने पर हुई है।

## 16 वर्षीय किशोर ने लगाई फांसी

**देवास।** एक 16 वर्षीय किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शहर के सीताराम नगर स्थित डायमंड कॉलोनी में हुई। उसके माता-पिता उस समय काम पर गए हुए थे और वह अपने छोटे भाई के साथ घर पर अकेला था। परिजनों को जानकारी मिलने पर किशोर को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान डायमंड कॉलोनी निवासी राजवर्धन पिता तूफान सिंह (16) के रूप में हुई है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा राजस्व अभिलेख ग्राम मसवाडिया खालसा तहसील वडनगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नंबर 133 रकबा 1.20 हे., कुल किता 01 कुल रकबा 1.20 हे. भूमि क्रय करने का सौदा भूमिस्वामी चंदाबाई पति संजय जाती प्रजापति निवासी गांधी नगर इंदौर जिला इंदौर से कर सौदे पेटे बयाना राशि अदा कर मेरे पक्षकार सुनीता परमार पति राजेश परमार जाती प्रजापति के हित एवं पक्ष में सौदा चिट्ठी निष्पादित कर दी है शेष राशि अदा कर भूमि का अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र निष्पादित होना शेष है उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, वित्तीय निकाय, शासकीय एवं अर्थशासकीय संस्था, बैंक, पेडी, समूह, आदि से किसी भी प्रकार का ऋण भार बकाया हो या भूमि पर अन्य किसी का स्वत्त्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, दान, भार, अंतरण, बंधक, कोई अनुबंध या सौदा चिट्ठी हो या उक्त विक्रय व्यवहार से किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में लिखित आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेंगे तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर किसी भी रूप में बंधनकारी एवं पालनीय नहीं होगी। सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 02/06/2026

**राजेंद्रसिंह पंवार सर्विस प्रोवियडर**
**कार्यालयः कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन मप्र.**
**मो. न.- 9753515051**

देवास कलेक्टर का 22 प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में 30%से कम परिणाम पर कार्रवाई, व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के गिरते परिणामों पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले 22 प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने खराब प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्राचार्यों और शिक्षकों से आत्ममंथन करने को कहा कि उनके विद्यालय बेहतर परिणाम क्यों नहीं दे पा रहे हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शैक्षणिक गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शिक्षण व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

सोमवार को शासकीय कन्या महारानी चिमना बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को अपनी शिक्षण शैली को प्रभावी बनाने, कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने और कॉपियों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### परीक्षाओं की नियमित समीक्षा होगी

कलेक्टर ने बताया कि आगामी सत्र में केवल वार्षिक परीक्षा परिणाम ही नहीं, बल्कि त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। जिन विद्यालयों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया जाएगा, वहां प्राचार्य और शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कक्षा 10वीं के 18 और कक्षा 12वीं के 4 विद्यालयों के प्राचार्यों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विद्यालय मरम्मत, जर्जर भवनों की स्थिति, पुस्तक और साइकिल वितरण, ई-अटेंडेंस, यूडीआईएसई तथा सीएम हेल्पलाइन जैसे अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

### 10वीं में नोटिस पाने वाले 18 प्राचार्य

बहादुर सिंह बदुरिया (उमावि चापड़ा), पुरुषोत्तम सिंह सिसोदिया (उमावि पटाड़ी), मनोहर लाल हरनिया (हाई स्कूल अगुरली), अशोक कुमार साहू (उमावि नूतन), रामनिवास अंकेल (हाई स्कूल डोकाकुई), शिवेषचन्द्र धाकड़ (हाईस्कूल कन्या पीपलरावां), विरेंद्र सेंधव (उमावि बालक हाटपीपल्या), मोहनलाल मंसारे (हाई स्कूल सेवनिया खुर्द), श्यामा शर्मा (हाई स्कूल पटलावदा), जे.पी. कुजुर (हाई स्कूल अमोना), पप्पू सिंह अचाले (उमावि पिपरी), भोलाराम निनामा (हाई स्कूल पर्वतपुरा), विजय तिवारी (हाई स्कूल डेहरी), गोकुल सिंह अलावा (हाई स्कूल गोदना), मनोहर लाल परमार (हाई स्कूल अगेरा), किशोर चौहान (हाई स्कूल घिचलाय), जगन्नाथ डामेचा (उमावि उत्कृष्ट टोंकखुर्द) तथा मुन्नालाल अंगोरिया (उमावि पीपलरावां)।

### 12वीं में नोटिस पाने वाले 4 प्राचार्य

अशोक कुमार साहू (उमावि नूतन देवास), आशा जोशी (उमावि सतवास), अंकित बोयनिया (उमावि पानीगांव) तथा मुन्नालाल अंगोरिया (उमावि पीपलरावां)।

नेत्रदान से अमर हुई सेवा भावना, खाचरौद में प्रेरक उदाहरण

# नेत्रदान की प्रेरक मिसाल : शोक की घड़ी में भी मानव सेवा का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद



श्रीमती पुष्पा धर्मचंद जी का लंबी बीमारी के पश्चात देवलोकगमन हो गया।

दुःख की इस घड़ी में भी परिवार ने मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का पुनीत निर्णय लिया। जैन सोशल ग्रुप मैत्री के सहयोग से एवं गीता भवन न्यास समिति के वरिष्ठ नेत्रदान प्रेरक डॉ. जी.एल. ददरवाल के मार्गदर्शन में स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा धर्मचंद का नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

यह जैन सोशल ग्रुप मैत्री का 17वाँ तथा गीता भवन न्यास समिति के माध्यम से संपन्न हुआ 973वाँ नेत्रदान रहा। इस अवसर पर राजेंद्र नांदेचा ने बताया कि परिवार द्वारा पूर्व में भी देहदान जैसे महापुण्य कार्य किए जा चुके हैं। परिवार की सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण निश्चित रूप से अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। नेत्रदान प्रक्रिया के दौरान जैन सोशल ग्रुप मैत्री के अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा, विनीत छाजेड़, अर्पित चौरड़िया, राजेश चोपड़ा एवं स्वप्निल सुराणा उपस्थित रहे और उन्होंने परिवार की इस मानवीय पहल की सराहना की। समाज में नेत्रदान जैसी सेवाएं अनेक जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाती हैं। ऐसे सेवाभावी एवं प्रेरणादायक परिवार की हार्दिक अनुमोदना एवं अभिनंदन किया।

## गेहूं बेचकर लौट रहे युवक से 80 हजार की लूट

**आगर-मालवा।** सुसनेर के जामुनिया रोड पर सोमवार रात लूट की घटना सामने आई। गेहूं बेचकर बाइक से घर लौट रहे युवक को अज्ञात बदमाशों ने घेर लिया। बदमाशों ने चाकू से हमला कर युवक से 80 हजार रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घायल युवक की पहचान खेरिया निवासी राहुल (22) पिता करण सिंह यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि राहुल गेहूं की फसल बेचकर लगभग 80 हजार रुपए लेकर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जामुनिया रोड पर बदमाशों ने उसे रोका। जब युवक ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए। घटना के बाद युवक को लहूलुहान हालत में पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल ले जाया गया। ड्यूटी डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने उसका प्राथमिक इलाज किया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल आगर रेफर कर दिया गया।

इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश पिता अम्बाराम, निवासी सतलाना, हातौद, इन्दौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 748/1 कबा 0.89 हेक्टेअर, सर्वे क्रमांक 748/2 रकबा 0.21 हेक्टेअर, सर्वे क्रमांक 748/3 रकबा 0.41 हेक्टेअर में से 0.10 हेक्टेअर कुल किता 3 कुल रकबा 1.2 हेक्टेअर स्थित ग्राम लिम्बापिपलिया तहसील व जिला उज्जैन है । उपरोक्त भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है, उक्त सौदे के पालन में मैं उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाला हूं, यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझसे संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे द्वारा उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मुझ पर बन्धनकारी नही होगी।

**सचिन कुमावत**
**पिता श्री राजाराम जी निवासी**
**बालरिया तहसील सांवेर जिला इन्दौर**
**मो.न. -99265-89656**

जवान धर्मेंद्र गवली को सैन्य सम्मान से अंतिम विदाई

# दो दिन पहले छुट्टी पर घर आए, संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा के बड़ा गवालीपुरा इलाके के रहने वाले भारतीय सेना के लांस नायक धर्मेंद्र गवली (36) को सोमवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। वे दो दिन पहले ही छुट्टी पर अपने घर आए थे, लेकिन रविवार शाम को उनके घर पर संदिग्ध हालातों में उनका निधन हो गया।

धर्मेंद्र भारतीय सेना की बिहार रेजीमेंट (दानापुर बटालियन) में लांस नायक के पद पर तैनात थे। रविवार को जब वे काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकले, तो घरवालों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज न आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर भागे।

लेकिन अफसोस, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

2010 में जॉइन की थी सेना

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन गवली ने बताया कि धर्मेंद्र साल 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। साल 2018 में उनकी शादी हुई थी। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटी बेटियां हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### सेना के जवानों ने दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर'

शहीद जवान को अंतिम विदाई देने के लिए महू मिलिट्री हेडक्वार्टर से सेना के अफसर और जवान खास तौर पर आगर पहुंचे। जिला अस्पताल से उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर सम्मान के साथ उनके घर लाया गया। पत्नी, बच्चों और रिश्तेदारों के अंतिम दर्शन करने के बाद मुक्तिधाम में सेना के जवानों ने उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' (सलामी) दिया। इसके बाद उनके भतीजे ने नम आंखों से उन्हें मुखाग्नि दी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शबनम बी पति असलमजी आलम निवासी उज्जैन के स्वामित्व की भूमि सर्वे नंबर 287/2 रकबा 0.97, 354/2 रकबा 0.97 कुल किता 2 कुल रकबा 1.94 हे. ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर मे स्थित है । उक्त भूमि के पूर्व में कच्चा रोड़, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर मे प्रधानमंत्री रोड़ तथा दक्षिण में रामसिंह पाटीदार की भूमि स्थित है। उपरोक्त विवरण एवं चतुर्सीमा की भूमि को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शबनम बी पति असलमजी आलम निवासी उज्जैन से किया है तथा बयाना राशि भुगतान कर दी है तथा शिघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित होना है ।

यदि उपरोक्त भूमि के संबध मे किसी व्यक्ति, वित्तीय एजेन्सी, संस्था या निजी ऋण दाता का किसी प्रकार से ऋण, भार अनुबंध मुखत्यारनामा आदि हो या किसी प्रकार का पारिवारीक या न्यायिक विवाद हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के ०३ दिवस मे मय प्रमाण मेरे कार्यालय मे सूचित करे अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित करा लेगा जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती स्वीकार नही होगी । दिनांक-02-06-2022

**कमलसिंह पड़िहार एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर बड़नगर जिला उज्जैन मोबाईल नंबर-**
**9406660991, 969129245**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा कृष्णाबाई पिता बद्रीलाल जी चंद्रवंशी जाति बागरी निवासी मालीपुरा सुमनगली खाचरोद जिला उज्जैन की माताजी सजनबाई पति बद्रीलाल जी चंद्रवंशी जाति बागरी निवासी ग्राम तिरंगा कॉलोनी वार्ड न. 21 खाचरोद जिला उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भू-खण्ड जिसका रजिस्ट्री पंजीयन न. एमपी 43182021-ए 1438769 हैं। उपरोक्त रजिस्ट्री के अंतर्गत भू खण्ड मालिक सजनबाई ने पेज नं.9 के पैरा न.3 में मेरी पक्षकारा कृष्णाबाई को स्वेच्छा से एकमात्र वारिस रहेगी, ऐसा विक्रय पत्र में उल्लेख कर रखा हैं। उक्त भू खण्ड का सर्वे न. 386/2/1/मीन/1/1 रकबा 0.444 आरी भूमि का हैं। उपरोक्त भू खण्ड को लेकर कोई भी व्यक्ति क्रय, विक्रय न करें। यदि सर्व साधारण द्वारा उक्त भूमि को क्रय, विक्रय किया जाता हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। अतः सूचित हों।

**आलोक कुमारआचार्य**
**अभिभाषक एवं शपथ आयुक्त**
**कार्यालय :-प्रमिलागंज आलोट जिला रतलाम (म.प्र.) 457114**
**मोबा. नं. 9993767379**



ड्रीम इंडियन बनी डीपीएल चैंपियन

## फाइनल में ड्रीम सुपर किंग को 71 रन से हराया

**शुजालपुर।** डॉ. शैल कुमार शर्मा स्टेडियम परिसर में संचालित ड्रीम क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित अंडर 12 जूनियर ड्रीम प्रीमियर लीग डीपीएल का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया और कुल आठ मैच खेले गए। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस टूनामेंट का फ इनल मुकाबला ड्रीम इंडियन और ड्रीम सुपर किंग के बीच खेला गया। फ इनल में ड्रीम इंडियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ड्रीम सुपर किंग को 71 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अकादमी के मुख्य कोच गजेंद्र पाटीदार, सौरभ शर्मा, तृप्ति और वैभव परमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना था। टूनामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नायडू बाबूजी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफ ी प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को भी पदक देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खेल के प्रति उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा देखने को मिली।

सुठालिया परियोजना में मुआवजा विसंगतियों को लेकर

## भाकियू महाशक्ति के नेतृत्व में डैम प्रभावित किसानों की महापंचायत संपन्न



**ब्यावरा।** सुठालिया भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के नेतृत्व में डैम प्रभावित किसानों की महापंचायत कालाजी मंदिर शंभुपुरा पर संपन्न हुई जिसमें किसानों ने सरकार का आव्हान किया है कि उनके साथ न्याय किया जाए मुआवजा वितरण में हो रहे भेदभावपूर्ण रवैए को खत्म कर एक समान मुआवजा दिया जाए एक ही विज्ञप्ति एक ही परियोजना किसी को दो गुना किसी को चार गुना यह नहीं चलेगा किसानों ने 5 जून 2026 एक ट्रेक्टर रैली और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन का कार्यक्रम रखने का भी ऐलान किया। सरकार किसानों के हितों को अनदेखा करेगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा महापंचायत के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी रहे जिन्होंने कहा कि उनका संगठन किसानों के साथ खड़ा है उन्हें न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता में है इस मौके पर नारायण सिंह चौहान जिला अध्यक्ष गुना ने कहा संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया है इसमें उसका हनन हो रहा है इसके अलावा भू-अर्जन 2013 में रनिंग परियोजना में समान मुआवजा दिए जाने का उल्लेख है परन्तु सरकार आंख मूंदे हुए है सरकार ने किसानों की बात नहीं मानी तो हमें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा महापंचायत में जशरथसिंह गुर्जर जिला अध्यक्ष राजगढ़, भगवान सिंह पटेल प्रदेश प्रभारी, केशर सिंह गुर्जर प्रदेश संगठन मंत्री, पुरुषोत्तम धनगर प्रभारी मंत्री, सुनील दांगी महामंत्री पटेल इन्दरसिंह बलराम सिंह बना टोड़ी जागीर हीरालाल पटेल, मौहर सिंह लोधी रघुनाथपुरा, जगदीश केवट कृपा शंकर शर्मा तेजा खेड़ी निर्भयसिंह विशन सिंह सेकनपुर के अलावा कई किसान उपस्थित रहे।

## बैंक आफ इंडिया के नवागत प्रबंधक शाक्य का किया स्वागत

**महिदपुर रोड।** बैंक ऑफ इंडिया शाखा में भाटपचलाना शाखा से स्थानांतरित होकर आये बैंक प्रबंधक विनय शाक्य का बैंक उपभोक्ताओं कियोस्क सेंटर संचा लकों किसान क्रेडिट कार्ड धारक किसानों तथा पत्रकारों ने स्वागत किया इस दौरान बैंक प्रबंधक शाक्य ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की हितग्राही मूलक योजना का अधिक से अधिक लाभ हितग्राहियों को देने की बात कही। स्वागत के दौरान पत्रकार दिनेश मंडोवरा, गोपाल उपाध्याय, योगेंद्र शाक्य, मांगीलाल सौलंकी, महेंद्र जाट, सरपंच रामेश्वर कुमावत कियोस्क सेंटर संचालक प्रह्लाद कारा मुकेश जायसवाल दिलीप सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सुरेश पिता सत्यनारायण, राजेश पिता सत्यनारायण, दिनेश पिता बद्रीलाल एवं लखन पिता बद्रीलाल निवासी ग्राम बलोदालक्खा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कय करने का अनुबंध किया है जो भूमि ग्राम बालोदालक्खा तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित है जिसका सर्वे नं. 1142/2 रकबा 2.40 हे, भूमि को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विकय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढी अन्यथा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम मे कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांकः-02.06.2026

**कुलदीप सिंह पंवार एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर कोर्ट चौराहा बडनगर**
**(अकोलिया वाले) मों. 7024008304**

# गोविन्द गार्डन में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का मात्र 36 घंटे में किया खुलासा

## आरोपी गिरफ्तार, करीब 16 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए जेवरात बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु लगातार त्वरित एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक?त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए गोविन्द गार्डन क्षेत्र में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का मात्र 36 घंटे के भीतर खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से चोरी गया लगभग संपूर्ण माल भी बरामद करने में महत्त्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 31 मई 2026 को फरियादी विनायक रघुवंशी निवासी गोविन्द गार्डन, कैंट गुना द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 31 मई 2026 को उनके सूने मकान में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर सोने-चांदी के आभूषण एवं 12 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। चोरी गए सामान में सोने का मंगलसूत्र, हार, चैन, अंगूठी, टॉप्स सहित चांदी के विभिन्न आभूषण एवं सिक्के शामिल थे । रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कैंट थाना पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 409/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा प्रकरण के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए गए, जिसके बाद कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म परीक्षण किया गया साथ ही तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।


पुलिस की सघन जांच एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस ने अज्ञात आरोपी की पहचान शुभम कुशवाह निवासी बांसखेड़ी के रूप में सुनिश्चित कर जिसकी सरगर्मी से तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 02 जून 2026 को मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना पर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम उर्फ लेटी पुत्र धारत सिंह कुशवाह उम्र 20 वर्ष निवासी बांसखेड़ी फाटक के पास, थाना कैंट जिला गुना को हिरासत में ले लिया गया, पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया लगभग संपूर्ण माल बरामद कर लिया, जिनमें सोने का 01 मंगलसूत्र, सोने की 01 अंगूठी, सोने के 03 जोड टाप्स, सोने की 02 चैन, सोन की 01 चैन पेंडिल के साथ, चांदी की 01 चैन, चांदी की 02 जोड पायलें. चांदी के 05 चूडा, चांदी के 09 सिक्के, चांदी के 60 नग बिछिया, चांदी की 01 जोड कचोनिया, चांदी के 02 ताबीज, चांदी की 01 कटोरी-चम्मच कुल कीमती करीब 16 लाख रुपये का माल जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।



## पनवाड़ीहाट में सीमांकन करने नहीं पहुंचे पटवारी, धूप में भूखे प्यासे खड़े रहे किसान

गुना। जिले की तहसील आरोन में तहसीलदार के आदेश की अवहेलना का मामला सामने आया है। इस संबंध में किसान गजराम, हरिराम पिता दोलतराम अहिरवार ने बताया कि पटवारी हल्का नम्बर 51 में किसान का सीमांकन होना था लेकिन किसान दिनभर भूखे प्यासे धूप में खड़े रहे। इसके बावजूद भी पटवारी सीमांकन करने नहीं आए। जबकि तहसीलदार के आदेशानुसार सीमांकन करने किसान कड़ाके की धूप खेत पर पटवारी का इंतजार करते रहे। इससे स्पष्ट है कि तहसीलदार के आदेश पर 5 सदस्यीय टीम राजस्व और पटवारी को मौके पर पहुंचकर किसान को कब्जा दिलाना था। इस तरह राजस्व टीम की अनदेखी और लापरवाही के चलते ग्राम पंचायत पनवाडीहाट में खसरा नंबर 222/2 हल्का नम्बर 51 का सीमांकन नहीं हो सका।

## जेईई में व्योम ने छुआ सफलता का परचम जिले का किया नाम रोशन



**गुना/राधौगढ़।** गुना में पीएचई विभाग में पदस्थ एसडीओ सुधींद्रनाथ नीखरा के सुपुत्र व्योम ने जेईई एडवांस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 459 भी रैंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की है। इसके पूर्व व्योम ने सीबीएसई की 12 क्लास में 94 प्रतिशत से अंक अर्जित किए हैं। व्योम समाजसेवी इंजीनियर डीएन नीखरा गुना के भतीजे हैं व्योम की इस उपलब्धि पर सभी परिवारजनों, शुभचिंतकों, सामाजिक बंधुओ ने प्रसन्नता प्रकट कर बधाइयां प्रेषित की है और व्योम के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की हैं।

## काव्य गोष्ठी में गूंजा पंच परिवर्तन का स्वर, शब्द की नदी का विमोचन

**शाजापुर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाजापुर द्वारा ए.बी. रोड स्थित पारिजात निवास पर पंच परिवर्तन पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में राष्ट्रवाद, सामाजिक समरसता और सांगठनिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन में जहां ओजस्वी कविताओं ने श्रोताओं में जोश भरा, वहीं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. दुर्गाप्रसाद झाला की नई पुस्तक का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि एवं परिषद के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने स्वबोध से विश्वबोध विषय पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता कर रहीं संतोष शर्मा ने राष्ट्रीय एकात्मकता का सुमधुर गीत प्रस्तुत कर माहौल को रसमय कर दिया। गोष्ठी के विशेष आकर्षण के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दुर्गाप्रसाद झाला की नवीन कृति ह्यशब्द की नदीह्न का लोकार्पण विशिष्ट अतिथि डॉ. जगदीश भावसार द्वारा किया गया। उन्होंने इसे समकालीन साहित्य की बड़ी उपलब्धि बताया। इसी मंच से उपस्थित रचनाकारों ने मशहूर गजलकार स्व. डॉ. बशीर बद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कवि सम्मेलन में सुरेशचंद्र शर्मा, बृज व्यास, संजय बोराडे, सनातनी हरिओम पाटीदार, सज्जाद अहमद कुरैशी, राजेन्द्र सक्सेना, मोहाडकर, मशहूर शाजापुरी, कैलाश गौड़ और जितेन्द्र देवतवाल ने राष्ट्रप्रेम, कौमी एकता, पर्यावरण, अनुशासन और कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर अपनी शानदार रचनाएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

## अस्पताल परिसर में गूंजे नारे, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन




**शाजापुर।** अपनी लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत कर्मचारियों ने अस्पताल में धरना प्रदर्शन किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के आह्वान पर चलाए जा रहे आंदोलन का हिस्सा है। मंगलवार को कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि 30 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा टी.टी. नगर में की गई घोषणा के अनुसार सभी 32 हजार संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ दिया जाए, सामान्य प्रशासन 2023 की नीति के तहत एन.पी.एस. और स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाए, अन्य राज्यों की तरह 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाए, नियमित कर्मचारियों की भांति महंगाई भत्ता मिले, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के वेतन में पी.बी.आई. को समायोजित किया जाए, वेतन विसंगति में सुधार किया जाए, नियमित कर्मचारियों की तरह ही अवकाश प्रदान किए जाएं, जब तक समान कार्य, समान वेतन और सुविधाएं नहीं मिलतीं, तब तक सार्थक एप को बंद रखा जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने अचानक जांचा जोन 4 कार्यालय

# पदस्थ कर्मचारी करीब की संख्या 30, उपस्थित मिले मात्र 7 कर्मचारी

### चौकीदार भी गायब था, ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ कर्मचारी की जोन में उपस्थिति मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



निगमायुक्त ने मंगलवार को नगर निगम के सबसे प्रभावी जोन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जोन में पदस्थ करीब 30 कर्मचारियों में से मात्र 7 की ही भौतिक उपस्थिति उन्हें मिली। रजिस्टर में गोदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव की हाजिरी रजिस्टर में उपस्थिति पाए जाने उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कार्यवाही के निर्देश दिए।

निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा निगम के कामों के साथ यहां के प्रशासनिक ढर्रे को भी सुधारने की कवायद में लगे हुए हैं। चौडीकरण के कार्यों को रात-दिन गति देने के साथ ही निगम के जोन कार्यालयों की प्रशासनिक कसावट के लिए मंगलवार को दोपहर में जोन 4 पहुंचे थे। यहां करीब 30 कर्मचारियों का स्टाफ पदस्थ है। इसके बावजूद मात्र 7 कर्मचारी ही कार्यालय में मिले हैं। 3 कर्मचारी स्वास्थ्यगत कारणों से अवकाश आवेदन पर हैं वहीं अधिकांश कर्मचारी गायब थे। यहां तक की चौकीदार भी उन्हें नहीं मिला। निगमायुक्त ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर निगम जनसंपर्क से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोनअधिकारी को दिए गए हैं। निगम आयुक्त द्वारा गोदिया ट्रेचिंग ग्राउंड में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव की हाजिरी रजिस्टर में उपस्थिति पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए हैं।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हडताल शुरू

गुना। प्रदेश भर में 2 जून से ऑनलाइन और ऑफलाइन काम का पूरी तरह बहिष्कार कर आंदोलन के पहले दिन अप्रैल के विरोध में उसकी कॉपियां जलाकर विरोध जताएंगे। अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आर.पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज 2 जून से प्रदेश के हजारों संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के कारण आज से सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार के शासकीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर रहे हैंए जिससे स्वास्थ्यए सेवाओं पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने साफ किया है कि आंदोलन के पहले दिन वे किसी भी काम को हाथ नहीं लगाएंगे। इसके बजायए विभागों द्वारा थोपी गई जटिल और कथित तौर पर शोषणकारी अप्रैजल नीति के विरोध में आज पूरे प्रदेश में अप्रैजल की होली जलाई जाएगी। कर्मचारियों का आरोप है कि इस अप्रैजल व्यवस्था के नाम पर उनका मानसिक उत्पीड़न किया जाता है और नौकरी की सुरक्षा को हमेशा खतरे में रखा जाता है। इसी के विरोध स्वरूप आज सभी जिलों और ब्लॉक स्तर पर अप्रैजल के दस्तावेजों और प्रतियों को आग के हवाले किया जाएगा।

## रतलाम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की कार पर पथराव, कार्यकर्ता घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की गाड़ी पर मंगलवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया । हमलावरों ने गोफन (पत्थर फेंकने वाले पारंपरिक हथियार) का इस्तेमाल कर गाड़ी पर ताबड़तोड़ पथराव किया, जिससे वाहन के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए। इस अचानक हुए हमले में गाड़ी में सवार एक युवा कार्यकर्ता के सिर में गंभीर चोट आई है। मंगलवार रात करीब 8:00 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय और उपाध्यक्ष जुबिन जैन एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रतलाम से रावटी की ओर जा रहे थे। जिस सफारी गाड़ी से वे जा रहे थे, वह जिला उपाध्यक्ष जुबिन जैन की बताई जा रही है। जैसे ही उनकी गाड़ी ग्राम आमलीपाड़ा के पास पहुंची, घात लगाकर बैठे अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया।

हमले के दौरान गोफन से फेंके गए पत्थर सीधे गाड़ी के शीशों पर लगे। कांच टूटने और पथराव की वजह से गाड़ी में मौजूद चिराग नामक एक युवक के सिर में चोट लग गई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिला अध्यक्ष उपाध्याय और उपाध्यक्ष जैन इस हमले में बाल-बाल बच गए। सत्तारूढ़ दल के जिला अध्यक्ष की गाड़ी पर हमले की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव को मामले की लिखित और मौखिक सूचना दी। थाना प्रभारी अनुराग यादव के मुताबिक, घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल तुरंत सक्रिय हो गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आमलीपाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में अज्ञात हमलावरों की तलाश के लिए नाकाबंदी की जा रही है।

## आईटीआई परिसर में अवैध रूप से काटा गया पेड़, हाईवे निर्माण की आड़ लेने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

हाईवे चौड़ीकरण के लिए चल रही पेड़ों की कटाई के बीच, स्थानीय आईटीआई ग्राउंड से एक पेड़ की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोगों ने बाहरी विकास कार्यों की आड़ लेकर परिसर के अंदर इस घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों ने आईटीआई परिसर के अंदर जेसीबी की मदद से एक पेड़ को उखाड़ दिया। जब कॉलेज के एक शिक्षक ने इस संदिग्ध कृत्य का वीडियो बनाना शुरू किया, तो वे लोग मौके से भाग गए। हालांकि, बाद में कुछ अज्ञात लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे और कटी हुई लकड़ियां भरकर ले गए। बाद में हुए निरीक्षण में मौके पर ताजी कटाई के निशान पाए गए हैं। आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य राजाराम कटारिया ने आरोप लगाया है कि हाईवे निर्माण के दौरान हो रही कटाई की आड़ में कुछ लोगों ने इस अवैध गतिविधि को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को इसकी विस्तृत सूचना दी जा रही है। परिसर में अनाधिकृत प्रवेश कर पेड़ काटने वाले अज्ञात लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी।


**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

**"ई-निविदा सूचना"**

**क्र. सं. 1. ई–टेंडरिंग: RTM-2026-27-32 | कार्य का नाम:** Ratlam (LCC) Upgradation of Traction Training centre of locomotive care centre at (Composite Civil + Electrical) | **अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule | **अनुमानित लागत:** 6,29,25,510.10 | **बयाना राशी:** 12,58,500.00 | **कार्य समापन अवधि:** 12 Months | **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 15.05.2026 | **निविदा खुलने की की तिथि:** 10.06.2026 | **क्र. सं. 2. ई–टेंडरिंग: RTM-2026-27-33 | कार्य का नाम:** Rajendra Nagar Station Provision of fencing between UP Main Track & DN Main Track to avoid tresspassing | **अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule | **अनुमानित लागत:** 34,99,848.24 | **बयाना राशी:** 70,000.00 | **कार्य समापन अवधि:** 06 Months | **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 15.05.2026 | **निविदा खुलने की तिथि:** 10.06.2026 | विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। 0058

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**Ujjain Charitable Hospital & Research Centre**

**Budhwariya, Ujjain - 456006**

Tel. 0734-2557992 - 98 Fax. 0734-2559147

E-mail: uctharc@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to all concerned that old patient records of Ujjain Charitable Trust Hospital from 01.01.2013 to 31.12.2015 will be destroyed on 05.07.2026. If any body wants his patient record then he may apply and get it from the CMO, Ujjain Charitable Trust Hospital. After 05.07.2026 it will not be possible to give these records.

Medical Superintendent



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय शर्मा पिता श्री अमर सिंह जाति ब्राहमण निवासी ग्राम कड़छा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) ने मांगीलाल पिता श्री शंकरलाल जाति नायक निवासी ग्राम कड़छा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 237 रकबा 0.280 हेक्टर स्थित ग्राम कड़छा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है एवं अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधि त विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 02/06/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार भेरूलाल पिता जुझार जी, आयु 73 वर्ष, जाति गारी, निवासी 282 ग्राम जलवा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 419/3 रकबा 0.40 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम जलवा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी./अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मे आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-02-06-2026

**अरविन्द शर्मा, दस्तावेज लेखक**
**पता दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मोबाइल- 94240-14405, 9926880853**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. शंकरसिंह पिता श्री शेरसिंह जी, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम सुवास तहसील माकडौन जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 429 रकबा 0.670 हेक्टर भूमि, ग्राम सुवास तहसील माकडौन जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। दिनांकः 02/06/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस- डी - 12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी जतन बाई पति श्री भंवरसिंह जी, निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया, उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1163/2 रकबा 0.620 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1163/3 रकबा 0.630 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1180/2 रकबा 0.750 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 2.000 हेक्टर भूमि, ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। दिनांकः 02/06/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस- डी -12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. रामकुंवर पति श्री देवीसिंह जी, 2. शिवा बाई पटेल पिता देवीसिंह जी, पति मनोहरलाल जी पटेल, निवासीगण - ग्राम महुड़ी, घट्टिया, उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1155/1 रकबा 0.280 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1179/1 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 1181 रकबा 0.540 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.970 हेक्टर भूमि, ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। दिनांक-02/06/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस- डी- -12भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर- 94248 78460**

## मलेरिया जागरूकता अभियान एक जून से हुआ प्रारंभ

**जावरा** । शासकीय चिकित्सा लय में एक जून से तीस जून 26 तक सीबीएमओ डॉ शंकर लाल खराडी के निर्देशन में मलेरिया जागरूकता माह मनाया जा रहा है। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि इस मलेरिया माह के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, ।नागरिकों को मलेरिया माह के बारे में जानकारी दी जाएगी।,मलेरिया से सावधानी जरूरी है। परेशानी नहीं, जून माह में बारिश शुरू होते ही मच्छरों के पनपने के लिए पानी जमा हो जाता है। मलेरिया का प्रकोप जुलाई, अगस्त माह में पिक पर होता हैं। मलेरिया इंस्पेक्टर सलीम मंसूरी ने बताया कि ठंड लगकर बुखार आना, एक दिन छोड़कर बुखार आना, पसीना आना, इसके मुख्य लक्षण है। मलेरिया से बचाव के लिए मच्छर दानी में सोना चाहिए।, शाम के समय घरों में नीम की पत्ती का धुआं करना चाहिए,। खिड़की, दरवाजों में मच्छर प्रूफ जाली लगवाना चाहिए, पूरे बाह के कपड़े पहनना चाहिए, बुखार आने पर तुरन्त नजदीकी अस्पताल में दिखाए।, ब्लॉक के सभी गांवों में एवं शहरीय क्षेत्र के वार्डो में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

## शिकायत निवारण शिविर 3 जून को

**रतलाम** । महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक श्री कृतज्ञ गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, नगरा के कृषक सदस्यों के खातों में संस्था कर्मचारियों द्वारा आर्थिक अनियमितता किए जाने संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 3 जून को प्रातः 11 बजे से शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, गुलाब चक्कर पुराना कलेक्टोरेट के पास, रतलाम में किया जाएगा। शिविर में संस्था नगरा के वे सदस्य, जिन्हें अपने खाते में किसी प्रकार की अनियमितता संबंधी शिकायत है, वे आवश्यक प्रमाणक एवं दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिविर में शिकायत दर्ज कराने का समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर मे शिकायतकर्ता सदस्य को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उनके स्थान पर किसी रिश्तेदार अथवा अन्य प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं होगी।

## आदिवासी बस्ती में गंदे पेयजल की समस्या पर त्वरित कार्यवाही की

**रतलाम** ।कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम मथुरी की आदिवासी बस्ती में मटमैला एवं बदबूदार पानी आने की सूचना मिलने पर पीएचई एसडीओ श्री डी.सी. कथिरिया एवं उनकी टीम ने सरपंच और सचिव के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आदिवासी बस्ती में पेयजल पाइपलाइन के ऊपर नाली का निर्माण होने से गंदे पानी का रिसाव वाल्व एवं नल कनेक्शनों में हो रहा था, जिसके कारण पेयजल दूषित हो गया था। स्थिति को देखते हुए संबंधित मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति तत्काल बंद करवा दी गई।एसडीओ श्री कथिरिया ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ट्यूबवेल में सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित कर पेयजल प्रदाय शुरू कर दिया गया है, जिससे रहवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## जिले की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

**रतलाम**। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिले में पेयजल व्यवस्था की सुचारू संचालन के लिए समीक्षा बैठक ली। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल भाना, पी ओ डूडा श्री अरुण पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण करें । बैठक में कलेक्टर ने जनपदवार कंट्रोल रूम पर प्राप्त पेयजल शिकायतों की समीक्षा की तथा नगरीय निकायों के कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों के संबंध में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) से फीडबैक प्राप्त किया।

# दिनदहाड़े महिलाओं से नथ लूटने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

- माणकचौक पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, दो वारदातों का खुलासा
- लूटी गई सोने की नथ, मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं नकदी बरामद



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं लूट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा सभी थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय सारवान के मार्गदर्शन में थाना माणकचौक पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए दिनदहाड़े महिला से सोने की नथ लूटने वाले दो आरोपियों को मात्र १० घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का विवरण**

दिनांक 1 जून को फरियादी जगदीश मईड़ा द्वारा थाना माणकचौक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर लगभग 12.30 बजे बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसकी पत्नी को डराकर नाक में पहनी सोने की नथ छीन ली और मौके से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना माणकचौक में अपराध क्रमांक 273/2026 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र का सक्रिय उपयोग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में महिला से सोने की नथ लूटने की वारदात स्वीकार की।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दिनांक 30.05.2026 को थाना रावटी क्षेत्र में भी एक महिला की नाक से सोने की नथ छीनने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उक्त संबंध में थाना रावटी पर अपराध क्रमांक 357/2026 धारा 309(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपियों द्वारा रावटी की घटना में लूटी गई नथ को ?३०,००० में गिरवी रखना बताया गया, जिसे रावटी पुलिस द्वारा आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी-विष्णु पिता बागजी मईड़ा, उम्र १९ वर्ष, निवासी ग्राम नरसिंग नाका, थाना रावटी, जिला रतलाम, मोहन पिता शैतान भाभर, उम्र १९ वर्ष, निवासी मलवासी नाका, थाना रावटी, जिला रतलाम

सराहनीय भूमिका- इस उल्लेखनीय कार्रवाई में निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान (थाना प्रभारी माणकचौक), निरीक्षक सुरेन्द्र गाडरिया (थाना प्रभारी रावटी), सउनि आशीष मांगरिया, प्रआर राजेश मईड़ा, प्रआर दीपक बोरासी, प्रआर राजसिंह, आर हेमन्त यादव, आर महेश मईड़ा, आर जीवन विश्वकर्मा, मआर प्रवीणा, सीसीआर आर देवेन्द्रसिंह डोडिया, आर मानसिंह मकवाना, आर चंदर मार्को, आर अशरफ, आर वीरेंद्र तथा साइबर सेल के प्रआर मनमोहन शर्मा, आर मयंक व्यास, आर राहुल पाटीदार, आर तुषार सिसोदिया, आर बहादुर सिंह एवं आर प्रेमप्रकाश की विशेष भूमिका रही।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में पिपलोदा से मंदसौर तक 80 किलोमीटर नंगे पैर चले शिक्षक, सांसद को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



आरटीई 2017 के संशोधन के तहत पुराने और अनुभवी शिक्षकों पर अनिवार्य रूप से थोपी जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में देशव्यापी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी विरोध के तहत रतलाम जिले के पिपलोदा से शिक्षक गणेश मालवीय देश के लाखों शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए 80 किलोमीटर की दूरी नंगे पैर पैदल तय कर मंदसौर पहुंचे, जिनके साथ रास्ते में दलोदा से शिक्षक भंवर सिंह परिहार भी इस कठिन यात्रा में शामिल हुए।

कड़े संघर्ष और पैरों में गंभीर छालों के बावजूद दोनों शिक्षकों ने भगवान श्री पशुपतिनाथ के दर्शन कर इस परीक्षा से मुक्ति की प्रार्थना की, जिसके बाद शिक्षक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात पशुपतिनाथ मंदिर से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई जो सांसद सुधीर गुप्ता के निवास तक पहुंची, जहाँ प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षकों का मुख्य तर्क है कि जो शिक्षक पिछले 25 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और 50 से 55 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, उनके लिए अब यह परीक्षा देना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि वे पहले से ही निर्धारित योग्यताओं के तहत नियुक्त हुए हैं।

प्रस्तुत ज्ञापन की भूमिका अनिल सांखला ने प्रस्तुत की। इस दौरान गजराज सिंह सिसोदिया, रोहितसिंह चौहान, गोविंदराम गहलोत, सुरेश भैंसावल, अनिल सांखला, चंद्रप्रकाश जैन, तेजसिंह पवार, विक्रम शर्मा, अशोक शर्मा, प्रहलाद खटोड़, विनोद चौहान, गोपाल सिंह आंजना, शांतिलाल ढडिंग, जितेन्द्र ठाकुर, विमलवाणी दुबे सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।



## सीमेंट कंक्रीट कार्य से लायंस पार्क चौक की स्वछता के साथ बढ़ी सुंदरता

**नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने किया कार्य का निरीक्षण**

**नीमच**। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क व चौराहों पर सीमेंट कंक्रीट कार्य से सुंदरता के साथ स्वच्छता को भी बढ़ावा दिया जा रहा हैद्य न्यू इंदिरा नगर मेट्रो सिटी क्षेत्र में जहां सीमेंट कंक्रीट कार्य से तिराहे का कायाकल्प हो गया है द्य वहीं शहर के अन्य चौराहा सहित लायंस पार्क के समिति चौराहे पर भी सीमेंट कंक्रीट कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के दिशा निर्देशन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत स्थानीय लायंस पार्क के पीछे चौक रोड के यहां 11 लाख की लागत से कराये जा रहे सीमेंट कंक्रीट कार्य ने वहां की सुंदरता को कई गुना बढ़ा दिया है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चोपड़ा ने उक्त कार्य का निरीक्षण किया एवं जो भी कमियां को दूर करने के निर्देश ठेकेदार एवं नगर पालिका इंजीनियर को दिए। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि लायन्स पार्क के यहां चौक पर चाट, पकौड़ी, पतासे एवं अन्य खानपान की वस्तुओं के ठेले लगते हैं और यहां बड़ी संख्या में शहर के नागरिक परिवार सहित आते हैं, यह स्थान शहर के मुख्य मार्ग से जुड़ा है।

## सीवरेज कार्य में लापरवाही से रहवासी परेशान, पार्षद ने ठेकेदार का भुगतान रोकने की माँग की

**मंदसौर**। नगर के वार्ड क्र. 26 के अंतर्गत आने वाले सीतामऊ फाटक, चंद्रपुरा, बावड़ी कला, महावीर तीर्थकर और वसंत विहार कॉलोनी के नागरिक इन दिनों अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे सीवरेज लाइन कार्य के कारण बेहद कष्टदायक स्थिति से गुजर रहे हैं। ठेका एजेंसी की घोर लापरवाही और नगरपालिका अधिकारियों की उदासीनता से यह विकास कार्य अब जनता के लिए एक बड़ी मुसीबत बन गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की काली मिट्टी हाल ही में हुई असमय बारिश के कारण पूरे रास्ते को दलदल और कीचड़ के समंदर में तब्दील कर चुकी है, जिससे सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और वाहनों के टायर कीचड़ में धंस रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए वार्ड पार्षद संगीता शैलेंद्रगिरी गोस्वामी ने कड़ा रुख अपनाया है और अहमदाबाद की पी.सी. स्नेहल कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों पर गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया है। पार्षद ने कलेक्टर और मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) से पुरजोर मांग की है कि आगामी बारिश से पूर्व सड़कों पर मुरम डलवाकर रोलर से रोड रेस्टोरेशन का कार्य युद्धस्तर पर करवाया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक ठेकेदार वार्ड की सड़कों को पूरी तरह ठीक नहीं कर देता, तब तक उसका भुगतान तुरंत रोका जाए, अन्यथा वार्डवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

लोकायुक्त की कार्रवाई

## मंदसौर वन मंडल कार्यालय का स्थापना प्रभारी तीन हजार रु. की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



लोकायुक्त संगठन उज्जैन की टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सामान्य वन मंडल कार्यालय मंदसौर के स्थापना शाखा प्रभारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी कृष्ण प्रताप सिंह राठौर जो सामान्य वन मंडल कार्यालय मंदसौर में सहायक ग्रेड 3 एवं स्थापना शाखा प्रभारी के पद पर कार्यरत है, को आवेदक से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उसके ही कक्ष में रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, गांधी सागर अभ्यारण पूर्व रेंज मंदसौर में पदस्थ वनरक्षक ललित मीणा को अपने इलाज के सिलसिले में अहमदाबाद जाने के लिए 43 दिनों के अर्जित अवकाश का आवेदन तैयार किया था। आरोपी स्थापना शाखा प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह राठौर ने ने आईएफएम आईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आगे बढ़ाने और अवकाश स्वीकृत कराने के एवज में तीन से चार हजार रु. रिश्वत की मांग की। आवेदक ने विगत 27 मई को लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में उपस्थित होकर लोकायुक्त एसपी आनन्द कुमार यादव के समक्ष एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत की तस्दीक के बाद लोकायुक्त दल द्वारा 2 जून को ट्रैप का आयोजन किया गया। जैसे ही आवेदक ललित मीणा ने स्थापना शाखा कक्ष में जाकर आरोपी को रिश्वत के तीन हजार रु. सौंपे, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले लोकायुक्त दल में उप पुलिस अधीक्षक दिनेशचंद्र पटेल, निरीक्षक हिना डाबर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, आरक्षक उमेश जाटव, आरक्षक मोहम्मद इसरार और आरक्षक श्याम शर्मा शामिल रहे।

# जे के सीमेंट द्वारा पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जेके सीमेंट निंबाहेड़ा द्वारा आयोजजत पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को सिंघातिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, निबाहेडा में विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण सरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंस्टिट्यूट परिसर में पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया ।

जे. के. सीमेंट के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में कर्मचारी अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में इंस्टिट्यूट छात्र छात्राओं ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान जहाँ पयाावरण सुरक्षा सप्ताह के कार्यक्रम में तकनीकी हेडश्री राजेश ने पयाावरण सरक्षण लिये जनि भागीदारी से सकरात्मक प्रयास का आव्हान करते हुवे कहा की यदि हम अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक वस्तुओ, बैग इत्यादी का उपयोग न्युनतम करे और पेड लगाकर

उसे बडा करे द्यतो यह कार्य पयाावरण सरक्षण के लिये हमारी और से एक बडा योग दान होगा द्ध इस अवसर पर पर्यावरण सरक्षण के उद द्वोष के साथ जेके सीमेंट के तकनिकी हेड राजेश जी रेली को हरी झडी दिखाकर रवाना कियाद्य

रविवार को जे के प्रांगण एवं इंस्टिट्यूट संस्थान परिसर मे प्रशिक्षणर्थियों के साथ समीप कालोनियों में रैली उद्घोष के माध्यम से पयाावरण सरक्षण का सन्देश सूयका ाित , जेके सीमेंट के तकनीकी हेड राजेश ने पयाावरण वविाग सेचिंद्रकाित ततवारी, रजत पाटीदार, सीएसआर प्रमुख राहुल कुमार अन्य अर्धकारी के आदित्य में आयोजन किया गया द्य संस्था के प्राचार्य के एल जोशी का स्वागत किया और अपिसिंबोधि में कहा की पयाावरण की रक्षा के

हमारी जीविशैली हिस्सा है जिसमें बदलाव होना चाहिए।

कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षणाथायों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दो बेहद शानदार और भावुक लघुनाटक प्रस्तुत कीए। इन नाटकों के पेडों की कटाई और प्लास्स्टक प्रदषूण से होने वाले नुकसान को जीवंत रूप प्रस्तत किया> सरक्षण की थीम पर संस्थान में विभिन्न पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, मॉडल

प्रततरेर्गता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं परावरण प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर विजेताओ को संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया> इस अवसर पर संस्थान पर रिसर में वक्षृरोपण कर पक्षियों के लिए परेद्दे बांधे गए साथ ही सभी ने परावरण सरक्षण के हेतु हर संभव प्रयास करने एवं समाज में जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ ली।

### न्यूज कालम



## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जनसुनवाई में 28 लोगों की सुनी समस्याएं

**मन्दसौर**। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनपद पंचायत मल्हारगढ़ के सभागार में जनसुनवाई कर। मल्हारगढ़ क्षेत्र के 28 लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम स्वाति तिवारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन किया एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं।ग्राम मनासाखुर्द निवासी शैलेन्द्र सिंह ने किसान उप पंजीयन के रुपए नहीं मिलने के संबंध में आवेदन पर जिला डीएसओ मल्हारगढ़ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ढिकनिया के नागूलाल ने कृषि भूमि का सीमांकन करवाने, वास्तवीक कब्जा दिलवाने, अतिक्रमण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर एसडीएम मल्हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मल्हारगढ़ जनसुनवाई के दौरान 28 आवेदकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित विभागों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। वहीं मंदसौर में जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 51 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो।

## अनियमितता पर दो मेडिकल फर्मो को कारण बताओ नोटीस जारी

**मन्दसौर**। बीपीएल चौराहा मन्दसौर में संचालित मेडिकल संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमे दवाईयों की एक्सपायरी चेक की गई नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली दवाओं के स्टॉक, रिकॉर्ड्स चेक किये गए। निरीक्षण के दौरान सभी औषधि विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया।सीएमएचओ ने बताया कि मंदसौर के श्रीजी मेडिकल से दवाईयो के नमूने जांच हेतु लिए गए, सिटी मेडिकल, वीर फार्मा में शेड्यूल एच१ की औषधियों के क्रय विक्रय रिकॉर्ड्स २ दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पूर्व में सीतामऊ तहसील में किए गए निरीक्षण में अनियमितता पायी जाने पर २ फर्मो पूजा मेडिकोज सीतामऊ व माँ आशापुरा मेडिकल सीतामऊ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया नोटिस का जवाब प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा सीतामऊ तहसील सभी औषधि विक्रेताओं के साथ बैठक लेकर नशे कि रूप में दुरुपयोग होने वाली औषधियों के रिकॉर्ड्स मैंटेनेड रखने तथा बिना डॉक्टर के परामर्श पर दवा नहीं देने हेतु निर्देशित किया गया।

## ग्रीष्म काव्य गोष्ठी में बशीर बद्र और हंसमुख नागदा को दी गई काव्यांजलि

**मंदसौर**। अ.भा. साहित्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्म काव्य गोष्ठी में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों, कवियों और गजलकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस विशेष साहित्यिक संध्या में देश के मशहूर गजलकार आरिफ अबरार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि फिल्म निमार्ता-निर्देशक प्रदीप शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में मशहूर शायर बशीर बद्र और मालवी हास्य कवि हंसमुख नागदा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी कालजयी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान आरिफ अबरार ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गजल सुनाई, तो वहीं इंदौर से आईं लेखिका संजू सेन ने सुमधुर स्वर में अपना गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा नरेंद्र त्रिवेदी ने बशीर बद्र साहब के प्रसिद्ध शेरों को पढ़कर समां बांध दिया और नंदकिशोर राठौर च्नादानज ने स्व. हंसमुख के लोक भाषा मालवी में लिखे गए दोहों का पाठ कर उनकी यादों को ताजा किया। उर्दू की तहजीब, सावन की फुहारों और कृष्ण भजनों से सजी इस संगोष्ठी का सफल संचालन नरेंद्र भावसार द्वारा किया गया और अंत में सभी का आभार नरेंद्र त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री के टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ




**मंदसौर**। स्थानीय नेहरू बस स्टैंड स्थित श्री बड़े बालाजी हनुमान मंदिर में जिला युवा कांग्रेस द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यह धार्मिक और राजनैतिक विरोध प्रदर्शन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ की गई कथित अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ किया गया था। कार्यकताओं ने हनुमान जी से मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की । इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का पद बेहद गरिमापूर्ण होता है, लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री सत्ता के अहंकार में अपनी भाषा की मयार्दा पूरी तरह भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इस तरह की अभद्र बयानबाजी के लिए हमारी संस्कृति में कोई स्थान नहीं है।इस दौरान जीवन चौहान, राहुल यादव, मुकेश धनगर, सम्यक जैन, संदीप दास, जितेंद्र धनगर, जीतू बैरागी, निहाल डाया, नितेश गुर्जर, ओमप्रकाश रालोटिया, सुधीर शर्मा, दीपक प्रजापति, अनिल पाटीदार, भाविक संचेती और प्रणय धाकड़ भी उपस्थित थे।

## वडोदरा मंडल में मेगा ब्लॉक के कारण कटड़ा एक्सप्रेस प्रभावित

**रतलाम**। पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के गेरातपुरझ्रवडोदरा खंड में वसाड एवं रनोली स्टेशनों के मध्य मेगा ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल होकर गुजरने वाली जामनगर श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस प्रभावित होगी।



## कायरा पंचायत के सरपंच पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप, ग्रामीण धरने पर बैठे

**सुसनेर।** ग्राम पंचायत कायरा में कथित वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय राशि के दुरुपयोग की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीण सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय सुसनेर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि वे पूर्व में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देकर जांच की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में विभिन्न निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं के नाम पर लाखों रुपये की राशि निकाली गई, जबकि कई कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और शासकीय राशि की वसूली की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें और ज्ञापन देने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों से शीघ्र जांच दल गठित कर मामले की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## झरनेश्वर महादेव मंदिर की मनाई लोक-माता माँ अहिल्या बाई होल्कर की जयंती



**तराना।** झरनावदा स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री जय बाबा झरनेश्वर सम्राट महादेव मंदिर परिसर में मालवा की संरक्षिका, न्यायप्रिय और धर्मपरायण लोकमाता माँ अहिल्या बाई होल्कर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन और बाबा झरनेश्वर महादेव की विशेष पूजन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। उपस्थित वक्ताओं ने माँ अहिल्या बाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक सुधारों को याद किया। उक्त कार्यक्रम में श्री श्री 108 श्री मंहत डॉ. संदीपदास महाराज के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी उपस्थित रहें। उक्त जानकारी मंदिर के पुजारी पं. विशाल द्विवेदी ने दी।

## सिजावता एवं बालोदाहसन में 64 लाख से अधिक के विकास योजनाओं का लोकार्पण संपन्न



**बड़नगर।** विधानसभा के ग्राम पंचायत सिजावता एवं बालोदाहसन में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 64 लाख 90 हजार की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विकास योजना अन्तर्गत सामुदायिक भवन, बाउण्ड्रीवाल, सीसी रोड़, एवं नाली निर्माण सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करते हुए श्री पण्ड्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व मे ग्रामीण क्षेत्रो में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास को प्राथमिकता देतें हुए निरंतर कार्य किए जा रहे है। ग्रामवासियों के सहयोग और विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढती रहेगी। सभी ग्रामीणजनों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं। भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, सुनीताकुंवर टीकमसिंह जनपद सदस्य, मुकेश व्यास मंडल अध्यक्ष भाजपा खरसोदखुर्द, शिवराम जाट, गजेन्द्रसिंह राजावत, नवलसिंह पण्ड्या, घनष्याम जाट, विक्रमसिंह तंवर, राधेष्याम बैरागी, घनष्याम झानी, रेखाबाई डुंगरसिंह सरपंच बालोदाहसन, सोनू अजय जाट सरपंच सिजावता एवं अधिकारी कर्मचारी समस्त पंचायतो के पंचगण, सचिव, सहायक सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विधायक पण्ड्या ने किया महिला पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण



**बड़नगर।** विधानसभा के ग्राम पंचायत बडगांवा में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या के आतिथ्य में 30 लाख से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन जन-जन की उपस्थिति में किया। पश्चात श्री संतोष स्पोर्टस क्लब बडगांवा द्वारा आयोजित स्व. उदयसिंह पण्ड्या पूर्व विधायक की स्मृति में 17 वीं राज्य स्तरीय महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर खिलाड़ियो से आत्मीय भेंट कर विजेता/उपविजेता टीमों को पुरूष्कृत कर सम्मानित किया। विधायक पण्ड्या ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहां कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नही बल्कि अनुशासन, समर्पण, नैतृत्व श्रमता और टीम भावना का भी सशक्त मंच है। खेल प्रतिभाओं को आगे बढाने एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिये ऐसे आयोजनो की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति खिलाड़ियों एवं समस्त खेल प्रेमियों को इस सफल आयोजन के लिये हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देता हूँ। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरूष्कार वितरण के अवसर पर गोविन्द गलगामा प्रतिनिधि जनपद सदस्य, गोपाल धाकड़ सरपंच मामा, म.प्र. अमेच्योर कबड्डी संघ के संरक्षक प्रहलाद धाकड़ व ग्रामीणजन एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### तेज आंधी-तूफान के साथ सारंगपुर में तीन घंटे झमाझम बारिश, कहीं-कहीं ओलावृष्टि

# सोलर प्लांटों की 2000 से अधिक प्लेटें क्षतिग्रस्त

## मौसम हुआ खुशनुमा





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।**

सारंगपुर क्षेत्र में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट बदली और दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान के साथ प्री-मानसून की पहली जोरदार बारिश हुई। लगभग तीन घंटे तक लगातार हुई इस तेज बारिश ने पिछले कई दिनों से पड रही भीषण और झुलसाने वाली गर्मी से आम जनमानस को बडी राहत दिलाई है। बारिश के दौरान चतरूखेड़ी सहित अन्य कई गांवो में करीब 10 मिनट तक बेर के आकार के ओले भी गिरे, जिससे अचानक से हवाओं में ठंडक घुल गई और मौसम बेहद सुहावना हो गया।

सुबह की शुरूआत तेज धूप और उमस के साथ हुई थी। दोपहर तक आसमान से आग बरस रही थी और क्षेत्र का अधिकतम तापमान 42 दर्ज किया गया था, जिससे लोग बेहाल थे। लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला। आसमान में काले-घने बादल छा गए और देखते ही देखते धूलभरी आंधी चलने लगी। आंधी के बाद शुरू हुआ बारिश का दौर लगभग तीन घंटे तक जारी रहा। इस जोरदार बारिश के कारण तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिससे पारा सीधे 38 पर आ गया। तापमान में आई इस अचानक कमी से लोगों को पिछले कई हफ्तों से पड रही उमस और तपन से सीधी राहत मिली और शाम होते-होते लोग मौसम का आनंद लेने घरों से बाहर निकल आए।

किसानों के चेहरे खिले, खरीफ की तैयारियों को मिलेगी गति

इस पहली प्री-मानसून बारिश से जहां आम लोगों को गर्मी से निजात मिली है, वहीं क्षेत्र के अन्नादाताओं और किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। किसान इस बारिश को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। किसान सुनील वर्मा का कहना है यह बारिश आगामी खरीफ फसलों की बोवनी और शुरूआती तैयारियों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है। खेतों में लंबे समय से कडक धूप के कारण नमी खत्म हो चुकी थी, लेकिन अब इस तीन घंटे की बारिश से मिट्टी में अच्छी नमी आ गई है। इस बारिश से सुस्याहेड़ी क्षेत्र के खेतो में पानी भर गया। इससे खेतों में खेती के काम को गति मिलेगी। लगातार बारिश के कारण शहर के कई मुख्य मार्गों, चौराहों और निचले इलाकों में पानी भर गया। सडकों पर जलभराव होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में बन रहे मौसम सिस्टम के कारण आगामी दो-तीन दिनों तक क्षेत्र में ऐसा ही माहौल बने रहने का अनुमान है। विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले दिनों में भी आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और मध्यम से भारी बारिश होने की पूरी संभावना है। प्रशासन ने लोगों से तेज आंधी और बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

**सुसनेर**

गत दिनों दोपहर आई तेज आंधी और बारिश ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी नुकसान पहुंचाया। आंधी का असर सोलर ऊर्जा परियोजनाओं पर भी देखने को मिला। जानकारी के अनुसार 350 मेगावॉट सोलर प्लांट उमरिया में 1500 से अधिक, जामुनिया स्थित सोलर प्लांट में करीब 110 सोलर प्लेटें क्षतिग्रस्त हो गईं जबकि पालड़ा स्थित सोलर प्लांट में लगभग 400 सोलर प्लेटें तेज हवाओं की चपेट में आकर उड़ गईं या टूट गईं।

तेज हवा के कारण सोलर प्लांटों में लगे स्ट्रक्चर और प्लेटों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आंधी का वेग इतना तेज था कि कई प्लेटें अपने स्थान से उखड़कर दूर जा गिरीं। घटना के बाद प्लांट प्रबंधन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

**तराना**

नगर में सोमवार को दोपहर 3.00 बजे अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया।वहीं दूसरी ओर नागरिकों को भीषण गर्मी एवं उमस से राहत मिली। वहीं तापमान भी काम हुआ।आंधी तूफान के चलते नगर के विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई भी बंद रही।नगर कनिष्ठ यात्री सौरभ गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को तेज आंधी तूफान के कारण फर्स्ट फीडर और वॉटर वर्क्स फीडर फाल्ट हो गया। जिससे इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रही कहीं करीब 2 घंटे तक यहां पर सुधार का काम चला उसके बाद क्षेत्र की विद्युत सप्लाई शुरू की गई।वही शाम करीब 5 बजे मौसम सामान्य हो गया।

**मक्सी**

मक्सी के समीपस्थ ग्राम सिरोलिया में रविवार दोपहर करीब 3 बजे तेज हवा और आंधी के चलते बीएसएनएल का टॉवर टूटकर अधर में लटक गया। अचानक टॉवर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर झूलने लगा, जिससे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और जनहानि टल गई।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में स्थापित बीएसएनएल टॉवर काफी समय से बंद पड़ा हुआ था। सोमवार को चली तेज हवा और आंधी के कारण टॉवर का एक हिस्सा टूट गया और अधर में लटक गया। टॉवर के क्षतिग्रस्त होने से आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों में भय का माहौल बन गया। घटना के दौरान तेज आंधी के कारण गांव के कुछ मकानों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक-दो मकानों की गैलरी क्षतिग्रस्त हुई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी के घायल होने अथवा जनहानि की सूचना नहीं मिली थी

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशामुक्ति जन जागरूकता रैली आयोजित




**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम-बाईहेड़ा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी ब्यावरा के द्वारा नशामुक्ति जन जागरूकता रैली आयोजन किया । कार्यक्रमों के दौरान ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी , सरपंच प्रेमनारायण दांगी, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी , ब्रह्माकुमारी देव दीदी, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी एवं गांव के वरिष्ठ लोगों के द्वारा नशामुक्ति जन जागरूकता रैलियां का दीप जलाकर शुभारंभ किया।

इसके पश्चात जागरूकता रैली गांव के गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए, पंचायत भवन में समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए सदस्य शामिल थे । उन्होंने हाथ में तंबाकू विरोधी संदेश लिखा हुआ तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया । पूरे मार्ग में तंबाकू छोड़ो , जीवन जोड़ो, स्वस्थ भारत का सपना है तंबाकू मुक्त हो देश अपना इस प्रकार के नारों के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया । कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने मुख्य रूप से लोगों को नशे की दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नाश मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है यह न केवल शारीरिक रूप से नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी अत्यंत हानिकारक है व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमी जहर की तरह हमारे शरीर को नष्ट कर देता है जिससे जीवन की सुख-शांति , परिवार की खुशी एवं समाज के प्रतिष्ठा भी इस व्यसन के कारण दांव पर लग जाता है। तो आओ हम सब मिलकर आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग ध्यान के माध्यम से नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करें । कार्यक्रम में भागवत दांगी , लक्ष्मी नारायण पटेल, मुरली प्रसाद निगम , बद्रीलाल , जनपद सदस्य देवराज दांगी , छगनलाल दांगी , डॉक्टर नंदकिशोर बैरागी , हेमराज कुशवाहा , राजू गुर्जर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम में शंभू लाल दांगी , और सौराम सिंह गुर्जर दोनो ने नशा भी छोड़ा जिनका फूल माला पहनकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों और युवाओं को व्यसन मुक्त रहने और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

**सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के तहत**

## पुलिस कंट्रोल रूम राजगढ़ में प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**राजगढ़/ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार सिंहस्थ महापर्व-2028 को सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल को व्यवहारिक, तकनीक आधारित एवं परिणामोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 1 जून 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम राजगढ़ में सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के अंतर्गत 6 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी राजगढ़ अरविंद राठौर, रक्षित निरीक्षक सुश्री उर्मिला चौहान एवं कंट्रोल रूम प्रभारी सूबेदार दीपक रघुवंशी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान सिंहस्थ महापर्व जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में कानून-व्यवस्था संधारण, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था, सामुदायिक पुलिसिंग, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, संचार एवं समन्वय, वीआईपी ड्यूटी, मानव व्यवहार, चिकित्सा सहायता, असूचना संकलन, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास मार्ग प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बड़े धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान प्रभावी पुलिस प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता, संसाधनों के समुचित उपयोग तथा समन्वित कार्यप्रणाली के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने कानून-व्यवस्था संधारण, भीड़ नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की भूमिका के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षित एवं दक्ष पुलिस बल ही किसी भी बड़े आयोजन की सफलता की आधारशिला होता है।



**लायंस क्लब इंटरनेशनल के चुनाव सम्पन्न**

## विनय मकोस्त्रडिया बने सारंगपुर लायन अध्यक्ष

**सारंगपुर।** लायंस क्लब सारंगपुर की साधारण बैठक शनिवार रात्रि को स्थानीय काकाश्री होटल पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ला रूपेश जोशी द्वारा की गई। नवीन कार्यकारिणी की रूप रेखा ला नितिन परिहार द्वारा बताई गई। जबकि चयन समिति में शामिल ला ओपी विजयवर्गीय, ला राजेंद्र पालीवाल एवं ला महेश शर्मा द्वारा आगामी सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के लिए ला विनय मकोडिया को अध्यक्ष, ला प्रदीप चौहान को सचिव एवं ला पीयूष राठी को कोषाध्यक्ष बनाए जाने हेतु प्रस्ताव रखा। जिसका बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत होकर अपनी सहमति प्रदान की। नई कार्यकारिणी का सभी सदस्यों ने पुष्पमाला द्वारा स्वागत किया। नवीन सत्र 1 जुलाई से प्रारम्भ होगा बैठक में विजय बारकीया, मो मंसूरी, राजेश श्रीमाल, प्रदीप जोशी, गुरबचन चौधरी, अरविंद मण्डलोई, अनिमेश जैन, संदीप सोनी, आदित्य शर्मा, नागेश विजयवर्गीय, ममता शर्मा, रूपा बारकीया, अंजली जोशी, रीना परिहार, सुरभी चौहान एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ पर दैनिक गायत्री हवन के साथ कराया पुंसवन संस्कार



**सारंगपुर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ सारंगपुर पर प्रति दिन चल रहे गायत्री हवन के साथ दीपिका पति नरेन्द्र राठौर का पुंसवन संस्कार सोमवार को कराया गया। संस्कार कराते समय समाजसेवी डा. केक मिश्रा ने महाभारत कालीन अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए बताया कि द्रौपदी के गर्भ में जब अभिमन्यु पल रहे थे तब अर्जुन द्रौपदी को चक्रव्यूह के बारे में बता रहे थे, द्रौपदी ध्यान से सुन रहीं थीं चक्रव्यूह रचना एवं उसमें प्रवेश तक तक की विद्या उन्होने ध्यान से सुनी किन्तु इसके बाद उनकी नींद लग गयी। इस विद्या को अभिमन्यु ने गर्भ में वही तक सीखा जब तक द्रौपदी ने जाग्रत अवस्था मे सुना लेकिन उस से बाहर निकलने की विद्या वे नहीं सीख पाये एवं महाभारत युद्ध में चक्रव्यूह से निकल नहीं पाये। इसी प्रकार यह जो गर्भ में शिशु पल रहा है वह भी आपके परिवार में आप सभी के आपसी व्यवहार, आचरण एवं क्रियाकलापों को सुनता एवं समझता है एवं उसी प्रकार के संस्कारों को ग्रहण करता है। इसलिए आपको परिवार का वातावरण सात्विक, बनाये रखना है। इस अवसर पर प. ललित पालीवाल, बंटी राठौर, राम पालीवाल, डॉ. आरपी आर्य, हर्षा पालीवाल, प्रज्ञा पालीवाल, गायत्री पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

### न्याय, सेवा की मिसाल रहीं अहिल्याबाई

# होल्कर चौराहा बनाएं, प्रतिमा लगाने की माँग, राज्यमंत्री ने राशि स्वीकृत की





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर**

धनगर समाज ने रविवार रात्रि में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई। समाजजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर न्याय, सेवा, सुशासन और जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं समाजजनों ने शहर में होल्कर चौराहा नामकरण, प्रतिमा स्थापना और धर्मशाला निर्माण की मांग भी उठाई। कार्यक्रम में विमुक्त, घुमंतू व अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के पदाधिकारी, सुदर्शन नगर धनगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश धनगर, सचिव अनिल धनगर, कोषाध्यक्ष कैलाश धनगर सहित बडी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। विमुक्त घुमंतू महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील धनगर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय, धर्म, महिला सशक्तिकरण और लोक कल्याण के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिन्हें आज भी आदर्श माना जाता है।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश धनगर, सचिव अनिल धनगर, उपाध्यक्ष अनोखी लाल धनगर, कैलाश धनगर, कपिल धनगर और जीवन धनगर ने लंबे समय से लंबित मांगों को दोहराते हुए शहर में देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा स्थापित करने, किसी प्रमुख चौराहे का नाम होल्कर चौराहा रखने और समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग उठाई। समाजजनों ने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय राज्यमंत्री से भी मांग की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश धनगर ने लोकमाता अहिल्याबाई के आदर्शों पर चलने और शिक्षा, सेवा व सामाजिक जागरूकता को बढावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान मुन्ना लाल धनगर, केशरसिंह धनगर, प्रेम नारायण धनगर, टेकचंद धनगर, गौरव, दिलीप, पवन, राकेश सहित बडी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।

**शुजालपुर**

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती बंजीपुरा स्थित माता मंदिर परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर धनगर समाज के युवाओं एवं मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र की धरोहर, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी शासक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों, सामाजिक समरसता, न्यायप्रियता तथा जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाबूलाल धनगर, रामराज पंडा, मोहनलाल धनगर, शेफर्ड धनगर, मनोज धनगर, रवि धनगर, सतीश धनगर, हरिशंकर धनगर, रामेश्वर धनगर, राजू धनगर, पंकज धनगर, दिलीप धनगर सहित समाज के अनेक युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।


# वीगन डाइट में मसल्स बनाने के लिए क्या करना चाहिए?

**वीगन डाइट फॉलो करते हुए मांसपेशियां बनाना काफी मुश्किल हो सकता है। हालांकि, आप पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स का सेवन करके और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर मसल्स बना सकते हैं।**

आज के समय में फिटनेस और बॉडीबिल्डिंग का शौक लोगों में काफी ज्यादा बढ़ गया है। वहीं, लोग फिट रहने के लिए तरह-तरह की डाइट फॉलो करते हैं, जिसमें वीगन डाइट का चलन भी काफी ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में वीगन डाइट फॉलो करने वाले लोगों के लिए बिना मांस-मछली या अंडों के मांसपेशियां बनाना मुश्किल हो जाता है। दुनिया भर में कई बड़े एथलीट्स और बॉडीबिल्डर्स पूरी तरह वीगन डाइट अपना रहे हैं, ताकि वे अपनी सेहत में भी सुधार कर सकें।

मसल्स बनाने के लिए प्रोटीन सबसे ज्यादा जरूरी पोषक तत्व होता है। वीगन डाइट में प्रोटीन के अच्छे सोर्स सोया, टोफू, दालें, राजमा, चना मूंगफली और क्विनोआ माने जाते हैं। हर भोजन में प्रोटीन शामिल करने से शरीर को मसल्स रिपेयर और ग्रोथ में फायदेमंद हो सकता है। आप चाहें तो प्लांट बेस्ड प्रोटीन पाउडर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।





## पर्याप्त कैलोरी का सेवन करें

अगर आप मसल्स बनाना चाहते हैं तो शरीर को जरूरत से थोड़ी ज्यादा कैलोरी देना जरूरी है। सिर्फ सलाद या कम कैलोरी वाला भोजन खाने से मसल्स बनाना मुश्किल हो सकता है। आप अपनी डाइट में नट्स, सीड्स, एवोकाडो, ओट्स और पीनट बटर जैसी हेल्दी कैलोरी शामिल कर सकते हैं। इससे आपके शरीर को एनर्जी मिलेगी और मसल्स ग्रोथ भी अच्छी होगी।

## पर्याप्त आराम और नींद लें

मसल्स रिकवरी के लिए डाइट और एक्सरसाइज के साथ-साथ पर्याप्त आराम करना भी जरूरी होता है। अगर शरीर को पर्याप्त नींद और रिकवरी नहीं मिलेगी तो मांसपेशियों का विकास धीमा हो सकता है। रोजाना 7 से 9 घंटे की नींद लेना आपके स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। साथ ही वर्कआउट के बाद शरीर को आराम देना भी जरूरी है। वीगन डाइट पर रहने वाले लोगों को मांसपेशियां बनाने के लिए पानी और पोषण दोनों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसलिए, आप दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इसके अलावा, विटामिन बी12, आयरन और ओमेगा-3 जैसे पोषक तत्वों का भी संतुलित मात्रा में सेवन करें क्योंकि वीगन डाइट में इनकी कमी हो सकती है, जो मसल्स पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

## स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें

मसल्स बनाने के लिए सिर्फ अच्छा भोजन करना ही काफी नहीं होता है, बल्कि नियमित रूप से स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी भी जरूरी है। वेट लिफ्टिंग, पुश-अप्स, स्क्वैट्स और रेजिस्टेंस एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करती हैं। इसलिए आप कम से कम 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करें।

### तेज धूप ने छीन लिया है निखार?

# पपाया फेस पैक करेगा कमाल...



**तेज धूप से त्वचा पर टैनिंग और बेजानपन की समस्या बढ़ जाती है, जिससे निपटने के लिए पपीते से बने फेस पैक बेहद कारगर घरेलू उपाय हैं। यह पैक न केवल त्वचा की गहराई से सफाई करता है बल्कि शहद और दूध के साथ मिलकर चेहरे की रंगत निखारता है और खोई हुई चमक वापस लाता है।**

इस समय गर्मी चल रही है इस दौरान पड़ने वाली धूप सीधा त्वचा पर असर करती है। गर्मी में स्किन अपनी नमी खोने लगती है और चेहरे पर टैनिंग होने लगती है। नौतपा की तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण अगर आपकी त्वचा भी टैनिंग और बेजानपन का शिकार हो गई है, तो पपीते से तैयार किए गए घरेलू फेस पैक आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पपीता त्वचा की गहराई से सफाई करने के साथ रंगत निखारने और प्राकृतिक चमक बढ़ाने में मदद करता है। जानिए पपीते का फेस पैक बनाने की आसान विधि और इसे सही तरीके से लगाने का तरीका, जिससे आपकी त्वचा फिर से ताजगी और निखार पा सके।



**पपीता और शहद का फेस पैक-** पपीता का यह फेस आपके रोमछिद्र को ओपन करता है, पिंपल्स को रिमूव करता है और यह चेहरे की टैनिंग को दूर करता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे टैनिंग को दूर करने के इस फेस पैक को कैसे बनाएं।

जरुरी सामग्री-पपीते का गूदा- 2 चम्मच -शहद- 1 चम्मच

फेस पैक बनाने और इस्तेमाल का तरीका - सबसे पहले एक बाउल लें और इसमें सभी सामग्रियों को एड कर लें। - अब सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाकर फेस पैक बना लें। - इस पैक को फेस पर लगाने से पहले गर्दन को अच्छे से मसाज कर लें और इसे 20 मिनट तक लगाएं। - चेहरे की टैनिंग दूर करने के लिए ये फेस पैक सप्ताह में कम से कम एक बार जरुर ट्राई करें। - इस फेस पैक का यूज चेहरा को ग्लोइंग बनाएगा और टैनिंग को दूर करेगा। पपीता और दूध का फेस पैक नौतपा की जिद्दी धूप का असर चेहरे पर पड़ गया है। इसलिए यह टैनिंग को दूर करने के लिए चेहरे के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करेगा।

आवश्यक सामग्री- पके पपीते के टुकड़े- 3-4 -कच्चा दूध- 1 चम्मच फेस पैक बनाने और इस्तेमाल का तरीका - सबसे पहले पपीते के टुकड़ो का पेस्ट बनाकर एक बाउल में डालें। - तैयार किए पेस्ट में कच्चा दूध डालें और सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें और फेस पैक तैयार कर लें। - इस फेस पैक को चेहरे पर कम से कम 20 मिनट तक लगाए रखें और इसे सूखने दें। - 20 मिनट के बाद चेहरे को अच्छी तरह से धोकर पैक को हटा लें।

# Sport

### पिछले 2 रणजी सीजन में 104 विकेट झटके; 6 जून से अफगानिस्तान से मैच

# आकिब बतौर नेट बॉलर टेस्ट टीम से जुड़े

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया से जुड़ गए हैं। उन्हें नेट बॉलर के रूप में चंडीगढ़ में चल रहे भारतीय कैंप में शामिल किया गया है। मैच 6 जून से मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

29 साल के नबी 19 मई को जारी टेस्ट और वनडे टीम में नहीं चुने गए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें भारतीय टीम के माहौल में घुलने-मिलने के लिए बुलाया है। कुछ दिन पहले प्रिंस यादव को भी टीम से जोड़ा गया था। नबी पिछले दो रणजी ट्रॉफी सीजन में घरेलू क्रिकेट के सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 17 पारियों में 60 विकेट झटके। उन्होंने पिछले सीजन में 17 पारियों में 60 विकेट लेकर जम्मू-कश्मीर को पहली बार चैंपियन बनाया था। इस तरह दो सीजन में उनके खाते में 104 विकेट दर्ज हैं।



## नबी न्यूजीलैंड दौरे के लिए संभावित विकल्प

नबी को भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिए संभावित विकल्प माना जा रहा है। अक्टूबर में होने वाले इस दौरे पर भारतीय टीम को दो टेस्ट मैच खेलने हैं। वहां की सीम और स्विंग के लिए मददगार परिस्थितियां उनके पक्ष में जा सकती हैं।

## लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर लेते हैं नबी

आकिब नबी बल्लेबाजी में भी उपयोगी योगदान देते हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 969 रन हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने एक शतक सहित 572 रन बनाए हैं। हालांकि, क्ढछ 2026 में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से पांच मुकाबलों में वे कोई विकेट नहीं ले सके। उनकी इकोनॉमी 11.46 रही।

# नॉर्वे चेस- प्रज्ञानानंदा-गुकेश जीते

### देशमुख टाइटल रेस में कायम; छठे राउंड में सभी भारतीय हारे थे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे चेस टूनार्मेंट के 7वें राउंड में वापसी की। सोमवार रात आर. प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को हराकर तीन अंक हासिल किए। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने वेस्ली सो के खिलाफ टाईब्रेक जीतकर 1.5 अंक हासिल किए। एक दिन पहले छठे राउंड में भारतीय ग्रैंड मास्टर्स को पराजय झेलनी पड़ी थी।

फिलहाल, आर. प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। गुकेश ओपन कैटेगरी के सबसे निचले पायदान पर हैं। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए 26वीं चाल पर बढ़त बनाई और फिरोजा को लगातार दूसरी क्लासिकल हार दी। इस जीत के बाद उनके 9 अंक हो गए हैं। गुकेश अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के खिलाफ क्लासिकल मैच में जीत के करीब पहुंचने के बावजूद ड्रॉ पर रुक गए। हालांकि, टाईब्रेक जीतकर उन्होंने 1.5 अंक हासिल किए। उनके कुल 8 अंक हैं। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने हमवतन कोनेरू हम्पी को आमार्गेडन टाईब्रेक में हराकर 10 अंक हासिल किए। हालांकि, कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 12.5 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। अगले राउंड में दिव्या और बिबिसारा का मुकाबला खिताबी दौड़ की दिशा तय कर सकता है।




## सिंधु इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। मालविका बनसोड़ पहले दौर में हार गईं। मेंस सिंगल्स में किदांबी श्रीकांत भी बाहर हो गए। वर्ल्ड नंबर-12 सिंधु ने मंगलवार को राउंड ऑफ 32 में थाईलैंड की बुसानन ओन्गब्रामंगफान को सीधे गेम में 25-23, 21-16 से हराया। मैच 51 मिनट तक चला। 30 साल की सिंधु राउंड ऑफ 16 में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन और साउथ कोरिया की वर्ल्ड नंबर-1 शटलर आन से-यौंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से खेलेंगी।

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## मदद के बहाने घर बुलाया 70 साल के बुजुर्ग ने छात्रा से छेड़छाड़ की

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने 70 वर्षीय परिचित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने होस्टल दिलाने और सामान खरीदवाने के बहाने उसे अपने घर ले जाकर अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर धमकाया। पुलिस के अनुसार, छात्रा इंदौर में पढ़ाई कर रही है। उसने शिकायत में बताया कि आरोपी शांतिलाल जैन, निवासी शाजापुर, उसका पूर्व परिचित है। 25 दिसंबर 2025 को परीक्षा देने इंदौर आने के दौरान उसकी मुलाकात गीताभवन चौराहे पर शांतिलाल से हुई थी। बातचीत में छात्रा ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई के लिए इंदौर में होस्टल तलाश रही है। इस पर आरोपी ने उसकी मदद करने का भरोसा दिलाया और एक होस्टल भी दिखाया। छात्रा के अनुसार, होस्टल में कमरा लेने के बाद उसे आवश्यक सामान खरीदना था। इस संबंध में उसने शांतिलाल को फोन किया। आरोपी होस्टल पहुंचा और सामान खरीदने के साथ शहर घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। विजयनगर जाने का कहने के बाद वह रास्ता बदलकर नंदानगर स्थित अपने घर ले गया। पीड़िता का आरोप है कि घर पहुंचने पर आरोपी ने पानी पिलाया और कहा कि उसने उसके लिए कुछ सामान पहले से खरीद रखा है। इसके बाद वह उसके पास बैठकर अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा ने विरोध किया और वहां से निकलने लगी तो आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि यदि उसने किसी को घटना के बारे में बताया तो उसके लिए ठीक नहीं होगा।

## युवतियों के विवाद के बाद कैब ड्राइवर पर चाकू-ब्लेड से हमला

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में कैब ड्राइवर पर हुए हमले का सीसीटीवी सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस रात एक युवती ने अपनी दो सहेलियों के साथ मिलकर एमआईजी स्थित सरपंच कैफे में एक अन्य युवती पर चाकू से हमला किया था, उसी रात बाद में अरविंदो के पास भी चाकूबाजी की घटना हुई। पीड़ित युवक थाने पहुंचा था, लेकिन थाना प्रभारी के मौजूद नहीं होने पर पुलिस ने आवेदन लेकर उसे रवाना कर दिया। मंगलवार को युवक दोबारा थाने पहुंचा और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार रात एमआईजी स्थित सरपंच कैफे में आरूही नाम की युवती पर वैष्णवी, नेहा और अच्छू ने चाकू से हमला किया था। घटना के बाद तीनों वहां से भाग गई थीं। बताया जा रहा है कि इसके बाद अच्छू अपने साथी आदि और अन्य युवकों के पास पहुंची। रात करीब 3.30 बजे अरविंदो के पास आरोपियों ने अरुण नमनवाल और उसके साथी नीरज प्रजापत को रोक लिया। आरोपियों ने दोनों से उन्हें एमआर-10 तक छोड़ने की बात कही। जब अरुण नमनवाल ने मना किया तो आरोपियों ने उस पर ब्लेड और चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसका पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। नीरज प्रजापत के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद आरोपी कार के कांच फोड़कर मौके से फरार हो गए।

## घर के बाहर खड़ी ऑटो रिक्शा और दो बाइक में बदमाशों ने लगाई आग



**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। जलने की बदबू आने और पड़ोसियों के शोर मचाने पर परिवार के लोग बाहर निकले तो आरोपी मौके से भागते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साईं सुमन कॉलोनी निवासी संजय डाबी की शिकायत पर जीत उर्फ बब्बन पुत्र संतोष यादव और अर्पित पुत्र पिंटू ठाकुर के खिलाफ आगजनी और विवाद का मामला दर्ज किया गया है। संजय डाबी ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी उनके घर के सामने खड़े होकर अपशब्द कह रहे थे। उन्होंने आरोपियों से कहा कि घर में मेहमान आए हुए हैं, इसलिए अभद्र भाषा का प्रयोग न करें और वहां से चले जाएं। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए। रात में परिवार के लोग भोजन करने के बाद सो गए। कुछ देर बाद जलने की बदबू आने लगी और पड़ोसी शोर मचाने लगे। जब वे बाहर पहुंचे तो देखा कि घर के बाहर खड़ी उनकी ऑटो रिक्शा, पड़ोसी जयप्रसाद की बाइक समेत अन्य वाहनों में आग लगी हुई है। संजय के मुताबिक, उन्होंने आरोपियों को मौके पर देखा और पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में दो बाइक, एक ऑटो रिक्शा, बिजली मीटर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## चुनाव प्रक्रिया को चुनौती, डेली कॉलेज मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

**इंदौर।** डेली कॉलेज की चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करने के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में ओल्ड डेलियन्स की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार ने पूछा कि डेली कॉलेज प्रबंधन में एल्युमनाई को शामिल होने का क्या अधिकार है? क्या आपने राशि दी है? क्या आपने कॉलेज स्थापित किया है? इस पर याचिकाकर्ता ने बताया कि डेली कॉलेज बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में दो पद एल्युमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिए आरक्षित होते हैं, जिसके लिए वोट डालने का अधिकार प्रत्येक पूर्व छात्र को है। कोर्ट ने इस पर कहा कि एल्युमनाई एसोसिएशन हर कॉलेज, हर संस्थान की होती है, क्या इससे वो संस्था कॉलेज प्रबंधन का हिस्सा हो जाती है? इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका को वापस लेने और मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिविजन बेंच के समक्ष उक्त याचिका फाइल करने की अनुमति मांगी। कोर्ट द्वारा याचिकाकर्ता को इसकी अनुमति दी गई। यह याचिका डेली कॉलेज के पूर्व छात्र विक्रम खंडेलवाल द्वारा दायर की गई थी।

# देवासनाका चौराहे पर खराब हुआ ट्रैकमैन वाल्व, पानी की सप्लाई हुई प्रभावित

### नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त आशीष पाठक व निगम के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और वहां की स्थिति देखी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवास नाका चौराहे पर ट्रैकमैन वाल्व के अचानक खराब होने के कारण इलाके में पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। जानकारी मिलने पर नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त आशीष पाठक व निगम के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और वहां की स्थिति देखी।

यहां पर वाल्व सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। वाल्व सुधार के कारण कई टंकियों से होने वाली पानी की सप्लाई अस्थायी रूप से प्रभावति रहेगी। इनमें स्कीन नंबर 114 पार्ट -1, स्कीम नंबर 78, राजीव आवास विहार, लोहा मंडी, स्कीम नंबर 113, स्कीम नंबर 136, स्कीम नंबर 78 स्लाइस -1, स्कीम नंबर 78 स्लाइस 2 शामिल है।



**एक्स्ट्रा टैंकर लगाए, निर्देश भी दिए-** संबंधित विभाग इस खराबी को जल्द दूर करने के लिए जरूरी कार्रवाई कर रहा है। सुधार काम पूरा होने के बाद पानी की सप्लाई वापस सामान्य रूप से शुरू की जाएगी। हालांकि वाल्व खराब होने के कारण नगर निगम यहां एक्स्ट्रा टैंकर लगाकर पानी की सप्लाई कर रही है।

### कई टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पाई

कल आंधी तूफान के कारण आए फाल्ट के चलते महेश्वर में पंप शटडाउन होने के कारण कुछ टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पाई, लेकिन इन जगहों पर सामान्य पानी की सप्लाई प्रभावित नहीं होगी, इन जगहों पर भी निगम की टीम को यदि कहीं जरूरत पड़ती है तो टैंकर से सप्लाई करने के लिए कहा गया है। इधर, निगम ने जनता से अपील की है कि वे पानी का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें और डिपार्टमेंट का सहयोग करें।



### आउटर रिंग रोड, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण धीमा, सिंहस्थ तक पूरा होना कठिन

# 650 करोड़ का मुआवजा, भूमिपूजन अभी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सिंहस्थ-2028 में अब दो साल से भी कम समय (22 महीने) बचा है, लेकिन आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाएं अभी भूमि अधिग्रहण और प्रारंभिक प्रक्रियाओं के दौर में हैं। इंदौर जिले में वेस्टर्न रिंग रोड, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर और इंदौर-बुधनी नई रेलवे लाइन के लिए 1800 करोड़ रुपए से अधिक के मुआवजा अवॉर्ड जिला प्रशासन पारित कर चुका है। बड़ा सवाल यह है कि ये परियोजनाएं सिंहस्थ शुरू होने से पहले धरातल पर पूरी तरह तैयार कैसे हो पाएंगी? मौजूदा स्थिति देखें तो अधिकांश परियोजनाएं अभी अधिग्रहण और प्रारंभिक निर्माण चरण में हैं।

इंदौर सिंहस्थ का प्रवेश द्वार होगा। ऐसे में शहर के बाहर से ही ट्रैफिक निकल जाए, इसके लिए आउटर वेस्टर्न रिंग रोड अहम होगा। इसके लिए 766 करोड़ रुपए का मुआवजा दे चुके। 26 गांवों की 411 हेक्टेयर से अधिक भूमि अधिग्रहित हुई है, लेकिन पूरी सड़क का निर्माण, इंटरचेंज, पुल-पुलिया और कनेक्टिंग नेटवर्क तैयार करने के लिए अभी काम शुरू होना है।

इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के लिए 650 करोड़ रुपए का मुआवजा अवॉर्ड हो चुके। अधिग्रहण में कुछ हिस्सा बचा है, जिस पर स्टे है। यह प्रोजेक्ट भी सिंहस्थ के लिए सबसे अहम है, क्योंकि इसका सीधा संबंध श्रद्धालुओं की आवाजाही से है। विशेषज्ञों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण के बाद भी निर्माण, यूटिलिटी शिफ्टिंग और सुरक्षा संबंधी कार्यों में लंबा समय लग सकता है। संभावना है इसी महीने सीएम इसका भूमिपूजन करेंगे।



### 421 किसानों का मुआवजा पारित होने के बाद भी इंदौर-बुधनी रेल लाइन का काम समय पर शुरू नहीं हो पाएगा

सांवेर-कनाड़िया तहसील की 108.249 हेक्टेयर जमीन ली गई है। 421 किसानों को अवॉर्ड पारित हो चुका है। 410 किसानों को दिया जा चुका है। प्रोजेक्ट की बात करें तो कई जगह सिविल वर्क और बेस बनाने का काम जारी है। इंदौर और आसपास के ग्रामीण हिस्सों में मुआवजे और जमीन को लेकर मामला अभी उलझन में है। बेस मजबूत होने के बाद मुख्य रेल पटरियों को बिछाने और आपस में जोड़ने का काम होगा। मांगलिया को महा जंक्शन बनाने के लिए मुख्य स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफॉर्म, आधुनिक सिस्टम का काम बाकी है। पटरियां बिछाने और स्टेशनों के निर्माण का एक बड़ा हिस्सा बाकी है।

## जैन मंदिर से मूर्तियां चुराने वाले 3 और चोर गिरफ्तार, तेलंगाना से दबोचे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में 3 मई की रात हुई बड़ी चोरी की वारदात में पुलिस को सफलता मिली है। एरोड्रम और तेजाजी नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को मंगलवार गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई कुछ मूर्तियां भी बरामद की गई हैं।

डीसीपी जोन-1 नरेन्द्र रावत के निर्देशन में गठित टीम ने इस मामले में लगातार कार्रवाई करते हुए तेलंगाना के नांदेड़ क्षेत्र से लखन, दीपक चौहान और रामबाबू को गिरफ्तार किया है। आरोपी महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में छिपते हुए तेलंगाना पहुंचे थे। पुलिस उनकी लोकेशन ट्रेस कर लगातार निगरानी कर रही थी। सटीक सूचना मिलने पर टीम ने दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की गई मूर्तियों और अन्य सामान को जमीन में छिपाकर रखने की जानकारी दी। पुलिस ने बताए गए स्थान से मूर्तियां बरामद कर ली हैं। मामले में अन्य सामान की बरामदगी के लिए भी पूछताछ जारी है। इस मामले में पुलिस ने 13 मई को ललित चौहान, विशाल केवट, ओमप्रकाश चौहान और गीताबाई मकवाना को गिरफ्तार किया था। इनमें तीन आरोपी खरगोन जिले के निवासी हैं, जबकि गीताबाई तेजाजी नगर क्षेत्र की रहने वाली है। पहले गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में लखन और उसके साथियों के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि चोरी की गई शेष मूर्तियां और कलश फरार आरोपियों के पास हैं। इसके बाद पुलिस ने तलाश तेज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## सराफा चौपाटी में दुकान आवंटन पर बवाल, व्यापारी पहुंचे हाईकोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर की प्रसिद्ध सराफा चौपाटी में दुकान आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। कई व्यापारियों ने सराफा चौपाटी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता पर आवंटन प्रक्रिया में पक्षपात और अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा दिया है। व्यापारियों का आरोप है कि वर्षों से व्यवसाय कर रहे पात्र लोगों की अनदेखी कर कुछ अन्य लोगों को लाभ पहुंचाया गया। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार नगर निगम को सौंपी गई पात्रता सूची में कई पुराने और वास्तविक व्यापारियों के नाम शामिल नहीं किए गए, जबकि उनके स्थान पर अन्य लोगों के नाम जोड़ दिए गए। व्यापारियों का दावा है कि सराफा चौपाटी में 20 से 40 वर्षों से व्यवसाय कर रहे कई परिवारों के पास नगर निगम के पुराने लाइसेंस और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें आवंटन प्रक्रिया से बाहर रखा गया। व्यापारियों का आरोप है कि दुकान आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और सूची में शामिल नामों में बाद में बदलाव किए गए।

## रघुवंशी के भाई ने दोहराई सीबीआई जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मृतक के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने एक बार फिर मामले की जांच और न्यायिक प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को लगातार अदालत से तारीखें मिल रही हैं, जबकि परिवार लंबे समय से मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। विपिन रघुवंशी ने कहा कि आज ही के दिन उनके भाई राजा रघुवंशी का शव शिलॉन्ग में मिला था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिर सोनम को हाई कोर्ट से बार-बार तारीख क्यों मिल रही है। उनका दावा है कि अब तक सोनम की जमानत के खिलाफ लगी याचिका पर करीब 10 बार सुनवाई टल चुकी है और सोनम बाहर घूम रही है, जबकि परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा है।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com